सुप्रभात
रांची, शनिवार
11.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net | चैत्र, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 235



12 बॉलीवुड में कमबैक करेंगी सोनम कपूर

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007
BACET
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

लैंड फॉर जॉब स्कैम में राजद सुप्रीमो लालू की मुश्किलें बढ़ी

# बेटे-बेटियों समेत दिल्ली से रांची तक 15 ठिकानों पर छापा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लैंड फॉर जॉब स्कैम में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शुक्रवार को रांची, दिल्ली, पटना और मुंबई समेत 15 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। छापेमारी में ईडी को महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। इडी की ये रेड तेजस्वी यादव, राजद नेता अबू दुजाना के अलावा दिल्ली में लालू की बेटी हेमा यादव, चंदा और गाजियाबाद में रागिनी के यहां भी चल रही है। कुल 15 से 20 लोकेशन हैं यूपी, बिहार, मुंबई और दिल्ली की जहां रेड चल रही हैं। लालू के करीबी अबू दोजाना के यहां फुलवारी शरीफ और रांची में भी छापेमारी हो रही है। दिल्ली में तेजस्वी यादव के घर पर भी छापेमारी चल रही है। ये घर दिल्ली के फ्रेंड्स कॉलोनी में स्थित है। रेलवे में जॉब के बदले जमीन मामले मामले में लालू यादव और उनका परिवार भी आरोपी है। लालू यादव और राबड़ी देवी से पिछले दिनों सीबीआई की टीम ने पूछताछ भी की है। (शेष पेज 11 पर)

## 14 साल पुराने मामले में अब इडी के टारगेट पर बेटे-बेटियां



अपने रेल मंत्री के कार्यकाल में लालू यादव पर जमीन के बदले लोगों को नौकरी देने के मामला है। 14 साल पुराने लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में लालू की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। कुछ दिनों पहले राबड़ी देवी से पूछताछ हुई फिर लालू यादव को समन और पूछताछ अब इडी की गाड़ी का रूख लालू यादव की बेटियों की ओर मुड़ गया है। गौरतलब हो कि केंद्रीय एजेंसी ने लालू यादव की बेटियों हेमा यादव, रागिनी यादव और चंदा यादव के घर समेत देशभर में कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। लालू यादव ने अपने रेल मंत्री के कार्यकाल के दौरान जमीन के बदले लोगों को नौकरी दी थी।

### तेजस्वी, रागिनी, चंदा, हेमा यादव के ठिकानों पर छापा

इडी ने लालू की बेटी रागिनी, चंदा और हेमा यादव के ठिकानों पर छापा मारा है। अधिकारियों ने कहा कि पटना, फुलवारीशरीफ, दिल्ली-एनसीआर, रांची और मुंबई में छापेमारी की गयी। इसके अलावा दिल्ली, मुंबई और बिहार में कुल 15 ठिकानों पर छापेमारी हुई। इडी अधिकारियों ने बिहार, दिल्ली-एनसीआर, रांची और मुंबई के ठिकानों पर छापा मारा है। छापेमारी लालू के अलावा उनकी बेटियों के ठिकानों पर भी हुई है।

### लालू समेत 14 पर चार्जशीट दायर कर चुकी है सीबीआइ

इस मामले में सीबीआइ लालू, उनकी पत्नी राबड़ी और 14 अन्य आरोपियों के खिलाफ साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत चार्जशीट दायर की है। अधिकारियों ने बताया कि सभी आरोपियों को 15 मार्च को तलब किया गया है। लालू-राबड़ी से पूछताछ हो चुकी है। इससे पहले, सीबीआइ ने इसी मंगलवार को लालू यादव और उनकी बेटी मीसा भारती से पूछताछ की थी।

## रांची में दो ठिकानों पर रेड




जानकारी के मुताबिक, इडी की टीम शुक्रवार की सुबह अरगोड़ा थाना क्षेत्र के कडरू स्थित जामिया नगर में लालू यादव के करीबी अबू दोजाना के ठिकाने पर पहुंची। इडी की टीम इस मामले में लगातार राजद प्रमुख के सभी संभावित लिंक पर अपनी पहुंच बना रही है। शुक्रवार को लालू के करीबी और पूर्व विधायक अबू दोजाना के कडरू स्थित मकान और कांटाटोली में अबू दोजाना के सीए अजय कुमार नायक के कार्यालय में दबिश दी। टीम मंगल टावर स्थित अबू दोजाना के सीए अजय कुमार नायक के कार्यालय पहुंची। सुबह दस बजे से देर शाम तक सीए से पूछताछ की। साथ ही कागजातों की भी गहनता से जांच की।

# राज्य के कई इलाकों में दो दिन और ओलावृष्टि



मौसम केंद्र ने जारी की चेतावनी

➲ 13-14 को राहत, 15 से फिर बारिश के आसार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पिछले तीन दिनों से लगातार राजधानी रांची में मौसम का मिजाज कुछ बदला बदला सा है। दिन के दूसरे पहर में प्री मॉनसून के सिस्टम बनने से आसमान में बादल के साथ-साथ मेघगर्जन, तेज हवा और कहीं-कहीं वज्रपात के साथ हल्की बारिश हो रही है। दो दिनों तक इसी तरह का मौसम राज्य में रहेगा। झारखंड के कई जिलों में शुक्रवार को ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई है। वहीं, राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ तेज हवाएं चली। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर तक रही। इस दौरान कुछ जगहों पर वज्रपात भी हुई।

मौसम केंद्र रांची के अनुसार 11 मार्च को झारखंड के चतरा, रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, रांची आदि कई जिलों में वज्रपात के साथ बारिश की संभावना है। 12 मार्च को भी पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां जिले में आंशिक बादल छाये रहेंगे।

मौसम विभाग ने इसे ले कर अलर्ट जारी किया है। 13 और 14 मार्च को भी राज्य में आसमान साफ रहेगा। मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। 15 मार्च से एक बार फिर राज्य में प्री मॉनसून सिस्टम बनेगा तथा राज्य में थंडर स्ट्रोम, लाइटनिंग के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। मौसम केंद्र रांची के कार्यकारी निदेशक और वरिष्ठ मौसम पूवार्नुमान वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटे में राज्य के कई इलाकों हल्की बारिश हुई है। (शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### सीएम ने सावित्रीबाई फुले को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को देश की पहली महिला शिक्षिका व महान समाजसेविका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि उनके संघर्ष को सम्मान देने के लिए राज्य सरकार ने किशोरी समृद्धि योजना शुरू की है।

### वंदना डाडेल समेत तीन को मिला अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** सरकार ने तीन आइएएस को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। कार्मिक, प्रशासनिक एवं राजभाषा विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगी। ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह सचिवालय एवं निगरानी विभाग का प्रधान सचिव के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव के प्रभार में भी रहेंगे। (पेज 2 भी देखें)

### कार्यपालक दंडाधिकारी पर जानलेवा हमला, बचे

**सिमडेगा।** जिले में पीडीएस को लेकर कार्रवाई करने पर कार्यपालक दंडाधिकारी पंकज कुमार भगत पर जानलेवा हमला किया गया है। कोचेडेगा मुखिया शिशिर टोप्पो के बुलावे पर पहुंचे श्री भगत से पैसा लेन देन का आरोप लगाकर मारपीट की।

### सरायकेला में अधेड़ की जिंदा जल कर मौत

**सरायकेला।** राजनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को शरारती तत्वों ने खेतों में लगा दी, जिसकी चपेट में आकर सुदर्शन हो (55) की मौत हो गयी। वह नशे की हालत में खेत में ही सो गये थे। इसी क्रम में दूर खेत में लगी आग से वह जल गया।

### लाठी डंडे से पीट-पीट कर युवक की हत्या

**लोहरदगा।** सेरेंदाग थाना क्षेत्र में एक युवक की लाठी डंडे से पीटकर गुरुवार की देर रात हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान रंकुली के सोहन असुर के रूप में की गयी। वह मुंगो की ओर से रंकुली जा रहा था। उसी दौरान रंकुली नदी के आसपास घटना को अंजाम दिया गया है।

### सरना धर्म कोड को लेकर महारैली कल

**रांची।** सरना धर्म कोड की मांग को लेकर 12 मार्च को महारैली होगी। जिसमें राज्य सहित विदेशों से भी आदिवासी समाज के लोग जुटेंगे। विश्व भर के आदिवासियों को पहचान दिलाने के लिए रैली बुलायी गयी है। धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 68,000 रु./प्रति किलो |

हंगामे के कारण फिर टली रिम्स जीबी की बैठक

# अव्यवस्था देख भड़के मंत्री ट्रॉमा सेंटर सीएमओ सस्पेंड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रिम्स में जनसुविधाओं को लेकर सांसद और विधायक के भारी विरोध के बाद शुक्रवार को एक बार फिर शासी परिषद (जीबी) की बैठक स्थगित करनी पड़ी। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने अस्पताल का निरीक्षण किया, जिसमें कई खामियां उजागर पाने पर ट्रॉमा सेंटर में लापरवाही देख मंत्री ने सीएमओ को सस्पेंड कर दिया। बैठक में ओल्ड पेंशन स्कीम, हॉस्पिटल पेशेंट केयर अलाउंस समेत डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस पर भी नकेल कसने को लेकर एजेंसियों के साथ चर्चा की जानी थी। आज के एजेंडा में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा ओल्ड पेंशन स्कीम थी। बैठक स्थगित होने के बाद कर्मचारियों में घोर निराशा देखी गयी। अगली बैठक अब 26 को होनी है।

**तीसरी बार बैठक स्थगित :** पिछले वर्ष अप्रैल में जीबी की बैठक हुई थी। उसके बाद लगातार तीसरी बार शुक्रवार को भी बैठक स्थगित करनी पड़ी। बैठक नहीं होने के कारण संस्थान के विकास और मरीजों की सुविधाओं को लेकर कोई निर्णय नहीं हो सका। शुक्रवार को रिम्स शासी परिषद की बैठक में जन सुविधाओं का जिक्र नहीं होने के कारण सांसद और विधायक ने बैठक का विरोध किया। (शेष पेज 11 पर)

# एच3एन2 : राज्यों को केंद्र ने किया अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**नयी दिल्ली, रांची।** देश में एच-3एन-2 इंफ्लुएंजा वायरस के बढ़ते मामलों को देख केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को अलर्ट रहने और स्थिति की बारीकी से निगरानी करने के लिए एडवाइजरी जारी की है। शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और स्थिति का जायजा लिया। कहा कि भारत सरकार स्थिति से निपटने के लिए राज्यों के साथ काम कर रही है और सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों के लिए समर्थन दे रही है। इसके साथ ही मंत्रालय ने सभी राज्यों को रोगियों के

### मास्क और जांच जरूरी

वर्गीकरण, उपचार प्रोटोकॉल और वेंटिलेटर प्रबंधन पर दिशा-निर्देश दिये हैं। केंद्र ने इस वायरस के मामलों से निपटने वाले स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के टीकाकरण की सलाह दी है। इस संदर्भ में शनिवार को अंतर-मंत्रालयी बैठक बुलायी है।

**झारखंड भी खतरे में, क्या है सिम्टम :** झारखंड में भी इसका खतरा बढ़ गया है। एच3एन2 इंफ्लूएंजा को लेकर रिम्स के विशेषज्ञ डॉ संजय ने बताया कि अगर लंबे समय से खांसी है, सांस फूल रही है और थकान की शिकायत है तो तुकंत जांच करानी चाहिए। अगर समय रहते इलाज नहीं हो पाया तो यह जानलेवा हो सकती है। (शेष पेज 11 पर)




# आधी आबादी के जिम्मे पूरी ट्रेन

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

➲ लोको पायलट से लेकर सुरक्षा की कमान संभाली

खबर मन्त्र मुख्य संवाददाता

**रांची।** रांची रेल मंडल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत 10 मार्च एक पूरी ट्रेन ही महिलाओं के जिम्मे रही। जिसके आपरेशन के लिए लोको पायलट से लेकर सिक्योरिटी में तैनात जवान भी महिलाएं ही थीं। टिकट काउंटर से लेकर स्टेशन मैनेजर तक की कमान महिलाओं ने संभाली। लोको पायलट दीपाली अमृत ने कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है। रेलवे ने पूरी ट्रेन के संचालन के लिए आधी आबादी पर भरोसा जताया है। सीनियर डीओएम श्रेया सिंह ने कहा कि महिलाओं का मनोबल ऊंचा करने के उद्देश्य से यह पहल की गयी है। (शेष पेज 11 पर)

## हम सिर्फ घर ही नहीं, ट्रेन और जहाज भी चला सकते हैं



शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह पर रांची रेलवे स्टेशन पर कर्मचारी, पायलट, सुरक्षा बलों में सिर्फ महिलाओं की ही तैनाती की गयी थी। इसको लेकर महिलाओं ने कहा कि हम सिर्फ घर ही नहीं बल्कि ट्रेन और जहाज भी चला सकते हैं। महिला दिवस को लेकर पूरे भारत में महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया जा रहा है। इसी को लेकर लोहरदगा-टोरी एक्सप्रेस ट्रेन की जिम्मेदारी के पूर्ण रूप से महिलाओं को दी गई। यहां ट्रेन की सुरक्षा में तैनात रेलवे पुलिसकर्मी, रेलवे चालक, ट्रेन मैनेजर, टिकट कलेक्टर के साथ ट्रेन में तैनात गुड्स गार्ड्स के रूप में सभी कर्मचारी महिला ही कार्यरत रहीं।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-RM-29 / 2022–23
दिनांक–09.03.2023

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि :– 14-03.2023 को 12-30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 21.03.2023 को 03-30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 21-03.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer, D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. कार्य का नाम :– नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति प्रमंडल स्तर से की जायेगी)
10. कार्य का विवरण :–

| क0 | प्रखण्ड का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की सं0 (अनुमानित) | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा एवं डंडा | GAR/RM-01 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 2 | गढ़वा एवं डंडा | GAR/RM-02 | 150 Nos | 1,38,778.00 | 3,000.00 | 500.00 | 03 Months |
| 3 | रंका, रमकंडा, चिनियाँ | GAR/RM-03 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 4 | रंका, रमकंडा, चिनियाँ | GAR/RM-04 | 150 Nos | 1,38,778.00 | 3,000.00 | 500.00 | 03 Months |
| 5 | नगर उंटारी, रमना एव विशुनपुरा | GAR/RM-05 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 6 | भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी | GAR/RM-06 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 7 | कांडी, बरडीहा, मझिआँव | GAR/RM-07 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 8 | मेराल एवं डंडई | GAR/RM-08 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 9 | मेराल एवं डंडई | GAR/RM-09 | 150 Nos | 1,38,778.00 | 3,000.00 | 500.00 | 03 Months |
| 10 | धुरकी एवं सगमा | GAR/RM-10 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 11 | भंडरिया एवं बड़गड़ | GAR/RM-11 | 250 Nos. | 2,31,297.00 | 5,000.00 | 500.00 | 03 Months |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय बेवसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO.292232 Drinking Water and Sanitation(22-23):D



## Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
SLDC Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002
Fax No. – 0651 – 2490894

EXTENSION NOTICE

NIT NO. 304/ PR/ JUSNL/ 2022-23

Due to unavoidable circumstances, the Bid submission date against NIT no. 304/ PR/ JUSNL/ 2022-23 for **"Supply, Erection, Testing & Commissioning of Optical Fiber Equipment, Protection Coupler, Laying of Optical Fiber approach cables, RTU Integration for remaining Bays in existing RTU & SCADA at SLDC and some allied works for sending real-time data from 132/33 kV Grid Sub-station Kanke & 220 kV GSS Burmu to SLDC, Ranchi through Kanke-Burmu-Patratu-Bero-Namkum"**, is hereby modified in the following manner:

| Details | Important Dates |
|---|---|
| Start Date & Time for Downloading the Tender Documents | 09.02.2023 at 04:30 PM |
| Start Date and time of submission of BID | 16.02.2023 from 11:00 AM |
| End date and time of submission of BID | 21.03.2023 upto 03:00 PM |
| Last date of submission of hard copy of bid, tender cost and EMD in the office of GM (SLDC), JUSNL | Upto 21.03.2023 at 04.30 PM |
| BID Opening date for technical part | 22.03.2023 at 04:00 PM |

This extension notice is also available on the website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned (7070816390) during Hrs.
**NOTE:** All bidders are requested to visit in the e-tender portal https://jharkhandtenders.gov.in for corrigendum and other details.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, (SLDC)
Ranchi

PR No. 289579
PR 292207 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (22-23)_D



## अनुमण्डल पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(गोपनीय शाखा)

### निषेधाज्ञा

झारखण्ड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा–2023 दिनांक 14.03.2023 से दिनांक 03.04.2023 तक प्रथम पाली पूर्वाह्न 09:45 बजे से अपराह्न 01:05 बजे तक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा–2023 दिनांक 14.03.2023 से दिनांक 05.04.2023 तक द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:20 बजे तक खूँटी जिला के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में संचालित होगी।

परीक्षा कदाचारमुक्त, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु मैं अनिकेत सचान, भा0प्र0से0 अनुमण्डल दण्डाधिकारी, खूँटी दण्ड प्रक्रिया संहिता–1973 की धारा–144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 14.03.2023 से दिनांक 05.04.2023 तक प्रातः 6.00 बजे से संध्या 6.00 बजे तक निम्न शर्त्तों पर निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर परिधि में निषेधाज्ञा जारी करता हूँ :–

| क्रमांक | परीक्षा केन्द्र का नाम | क्रमांक | परीक्षा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | बिरसा कॉलेज, खूँटी | 16. | श्री हरि उच्च विद्यालय, तोरपा |
| 2. | उर्सुलाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय, खूँटी | 17. | संत जोसेफ उच्च विद्यालय, तोरपा |
| 3. | राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय, खूँटी | 18. | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, तोरपा |
| 4. | एस0एस0 उच्च विद्यालय, खूँटी | 19. | संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय, तोरपा |
| 5. | राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, खूँटी | 20. | संत तेरेसा बालिका मध्य विद्यालय, तोरपा |
| 6. | राजकीयकृत हिन्दी मध्य विद्यालय, खूँटी | 21. | एस0एस0 उच्च विद्यालय, रनियां |
| 7. | आर0सी0 बालक मध्य विद्यालय, खूँटी | 22. | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, रनियां |
| 8. | उर्सुलाईन कॉन्वेंट बालिका मध्य विद्यालय, खूँटी | 23. | कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय, रनियां |
| 9. | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, अनिगड़ा | 24. | संत मेरी बालिका उच्च विद्यालय, मुरहू |
| 10. | लोयोला उच्च विद्यालय, खूँटी | 25. | लक्ष्मी नारायण उच्च विद्यालय, मुरहू |
| 11. | उच्च विद्यालय, कर्रा | 26. | कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय, मुरहू |
| 12. | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, कर्रा | 27. | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, अड़की |
| 13. | आर0सी0 बालिका मध्य विद्यालय, कर्रा | 28. | के0बी0 उच्च विद्यालय, अड़की |
| 14. | आर0सी0 बालक मध्य विद्यालय, कर्रा | 29. | कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय, अड़की |
| 15. | कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय, कर्रा | | |

1. विद्यालय परिसर में परीक्षार्थी को प्रवेश–पत्र (Admit Card) के बिना प्रवेश करना वर्जित रहेगा, तथा परीक्षा केन्द्र में इलेक्ट्रॉनिक गजट, डिजिटल घड़ी, मोबाईल, इयरफोन, पेनड्राईव, कैलकुलेटर, आदि लेकर प्रवेश करना भी वर्जित रहेगा।(सरकारी कार्य में लगे पुलिस पदाधिकारी/कर्मचारी को छोड़कर)
2. परीक्षा के दौरान परीक्षा हॉल में मोबाईल फोन/इलेक्ट्रॉनिक गजट का उपयोग करना वर्जित रहेगा। (वीक्षक/परीक्षा में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी सहित)
3. किसी भी प्रकार का हरवे–हथियार जैसे लाठी, डण्डा, भाला, गड़ासा, तीर–धनुष आदि लेकर विद्यालय परिसर में प्रवेश करना या चलना प्रतिबंधित रहेगा (सरकारी कार्य में लगे पुलिस पदाधिकारी/कर्मचारी को छोड़कर)
4. विद्यालय परिसर में किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र, अस्त्र–शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ लेकर चलना या प्रवेश करना प्रतिबंधित रहेगा। (सरकारी कार्य में लगे पुलिस पदाधिकारी/कर्मचारी को छोड़कर)
5. विद्यालय परिसर में परीक्षार्थी के अभिभावक, किसी अन्य व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। (परीक्षार्थी/परीक्षा में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी को छोड़कर)

ह0/–
(अनिकेत सचान, भा0प्र0से0)
अनुमण्डल दण्डाधिकारी,खूँटी

PR 292203 District(22-23).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर
ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

(1th Call)
निविदा सूचना संख्या – **DWSD/SVS (JJM)/Med-37/2022-23** दिनांक 09.03.2023

| Sl.No. | Name of Work / Group No. | No. of Schemes | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्र प्रायोजित योजना "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत :– Construction of Rural Pipe Water Scheme through DT/ HYDT/GPT (Solar Based) 01/2.0 H.P. D.C Motor Pump complete set for different tolas of concern villages which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility under JJM for the year 2022-23. | | | | | |
| (i) | **Neura group** of svs scheme under Panchayat Neura, Block Chainpur **(Group No. 01)** | 7 | 10078157.00 | 202000.00 | 10000.00 | 06 Month |
| (ii) | **Bhadgawan group** of svs scheme under Panchayat Bhadgawan, Block Chainpur **(Group No. 02)** | 11 | 13318125.00 | 266500.00 | 10000.00 | 06 Month |
| | Total :- | 18 Nos. | | | | |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | 13.03.2023 / 12.30 P.M. | | | | |
| 3 | Date & time of Document Download start date | 13.03.2023 / 12.35 P.M. | | | | |
| 4 | Last date & time of Bid Submission | 21.03.2023 / 05.00 P.M. | | | | |
| 5 | Last date time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | 22.03.2023 / 05.00 P.M. 1. Office of the Regional Chief Engineer, DWSD Ranchi Zone Ranchi 2. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 3. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 23.03.2023 / 04.00 P.M. | | | | |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 | | | | |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 | | | | |

नोटः– 1. विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–231 (स्वी0) रांची, दिनांक 14.02.2023
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR 292195 Drinking Water and Sanitation(22-23)D


## रांची के ओरमांझी से जैनामोड़ तक एक्सप्रेस-वे का होना है निर्माण

# भारतमाला प्रोजेक्ट : ₹19.95 करोड़ बंटना है शेष, 31 मार्च तक डेडलाइन

खबर मन्त्र मुख्य संवाददाता

**रांची।** भारतमाला प्रोजेक्ट का काम तेजी से चल रहा है। इस प्रोजेक्ट के लिए ओरमांझी के 15 गांवों की जमीनें ली गयी हैं। रैयतों को मुआवजा का वितरण भी जारी है। इस प्रोजेक्ट के लिए रैयतों को मुआवजा देने के लिए जिला भू-अर्जन कार्यालय को 50 करोड़ रूपए एनएचएआई के द्वारा दिया गया। इनमें से 30,04,30,466 रुपये रैयतों के बीच बांट दिये गये हैं। बाकी के बचे 19,95,69,534 रुपए वितरित किये जाने हैं। यह काम 15 मार्च तक ही होना था लेकिन, अब इसे 31 मार्च तक वितरित कर देने का डेडलाईन निर्धारित किया गया है।



### कई दस्तावेजों में है त्रुटि

जानकारी के अनुसार रैयतों द्वारा जमा किये गये दस्तावेजों में कई सारी त्रुटियां पायी गयी है। किसी ने दस्तावेज कम दिये हैं तो किसी ने गलत रिकॉर्ड जमा कर दिये हैं। दस्तावेजों की जांच चल रही है।

### 81.49 किलोमीटर लंबी 8 लेन सड़क बननी है

भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत रांची के ओरमांझी से जैनामोड़ तक एक्सप्रेस–वे का निर्माण किया जाना है। प्रोजेक्ट के तहत 81.49 किलोमीटर लंबी 8 लेन सड़क बननी है, जो जैनामोड़ और धनबाद को जोड़ेगी। सड़क निर्माण के लिए ओरमांझी से गोला तक 15 गांवों में जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। इसमें करीब 751 रैयतों की जमीन ली जा रही है। जमीन अधिग्रहण के लिए केंद्र सरकार ने कंप्लीट अथॉरिटी फॉर लैंड एक्यूजिशन (सीएएलए) का गठन किया है। इसमें ओरमांझी के अंचल अधिकारी (सीओ) को भी रखा गया है। सीओ को प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण करने, रैयतों को मुआवजा दिलाने और प्रोजेक्ट को चालू कराने की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

### इन गांवों की जमीन का हुआ है अधिग्रहण

| गांव | रैयतों की संख्या | गांव | रैयतों की संख्या |
|---|---|---|---|
| ईद गांव | 13 | कोआलू | 54 |
| उपरनगड़ू | 47 | पालू | 80 |
| तापे | 47 | चाड़ू | 113 |
| बनलोटवा | 02 | चेतनबारी | 58 |
| सांडी | 49 | गूडू | 81 |
| खुदिया | 18 | कुरुम | 59 |
| रोला | 32 | हेठनगड़ू | 52 |
| | | कुटे | 46 |

### बिना रुके बोकारो-धनबाद का होगा सफर

ओरमांझी से गोला, पेटरवार होकर जैनामोड़ होकर जा रही सड़क पर भीड़भाड़ के कारण ट्रैफिक पर ब्रेक लग जाता है लेकिन, भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत इस एक्सप्रेस–वे के बन जाने से लोगों का समय बचेगा। कम समय में दूरी तय की जा सकेगी। गौरतलब हो कि यह राज्य का पहला एक्सप्रेस–वे होगा। भारतमाला परियोजना के तहत पिछड़े इलाकों, धार्मिक और पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए जा रहे हैं। ये परियोजना गुजरात और राजस्थान से शुरू होकर पंजाब, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, झारखंड और बिहार की सीमाओं को कवर करेगी।

## एनआइए जांच के आदेश को निरस्त करने के मामले में फैसला सुरक्षित

**राज्य सरकार ने एनआइए जांच की अनुशंसा संबंधी निर्णय लेने में लिया है 55 दिन का समय**

खबर मन्त्र मुख्य संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार द्वारा एनआईए जांच की अनुशंसा संबंधी निर्णय लेने में 55 दिन का समय लेने को आधार बनाते हुए केंद्र सरकार द्वारा एनआईए जांच का आदेश दिए जाने को चुनौती दिए जाने वाली फूलेश्वर गोप क्रिमिनल रिट की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई।

मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एनआईए और प्रार्थी का पक्ष सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रार्थी का कहना है कि बेड़ो थाना कांड संख्या 67/2016 को एनआईए से जांच कराने की अनुशंसा करने में राज्य सरकार ने 55 दिनों का समय लिया है जबकि एनआईए एक्ट के तहत 7 दिनों में राज्य सरकार को निर्णय लेना होता है।

प्रार्थी का यह भी कहना है कि मामले में एनआईए ने प्रथम पूरक चार्जशीट में उसे गवाह बताया है, जबकि दूसरे पूरक चार्जशीट में उसे आरोपी बना दिया है।

प्रार्थी का कहना है कि राज्य सरकार ने महीनों बाद एनआईए जांच कराने का आंतरिक निर्णय लिया है। इसलिए केंद्र सरकार द्वारा मामले को एनआईए जांच के लिए हैंडओवर करने का आदेश दिया जाना गलत है। इसलिए बेड़ो थाना कांड संख्या 67/ 2016 को एनआईए जांच को हैंडओवर करने के आदेश को निरस्त किया जाना चाहिए। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता निरंजन कुमार ने पैरवी की। वही एनआईए की ओर से अधिवक्ता एके दास ने पैरवी की।

## प्रतुल ने ट्वीट कर किया 60-40 नाय चलतो का समर्थन

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर 60-40 नाय चलतो का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इतनी बार अपनी बातों से पलटा मारा है कि इन्होंने बिहार के पलटू चाचा को भी पीछे छोड़ दिया है। घोषणा थी की तृतीय, चतुर्थ वर्ग की नौकरी झारखंडियों के लिए आरक्षित होगी। लेकिन, इसके उलट इन्होंने कार्य किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से जानना चाहा कि क्या वो भूमि पुत्रों को चपरासी, क्लर्क की नौकरी के लायक भी नहीं समझते हैं। उन्होंने कहा कि 100 प्रतिशत तृतीय, चतुर्थ वर्ग की नौकरियों मे भूमि पुत्रों की नियुक्ति की बात थी। लेकिन, सीएम ने यू टर्न मार कर युवाओं को ठगा है। कई राज्यों मे यह व्यवस्था है फिर झारखंड में क्यों नहीं होगी। यह मुख्यमंत्री जी के आदिवासी मूलवासी प्रेम के कथनी और करनी के बीच का अंतर दिखाता है।

## खबर एक नजर में

### सीएम हेमंत से मिले प्रशिक्षु आइपीएस

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इन प्रशिक्षु पदाधिकारियों में कुमार शिवाशीष 2020 बैच और 2021 बैच के राकेश सिंह, पारस राणा तथा ऋत्विक श्रीवास्तव शामिल थे। इन्होंने मुख्यमंत्री को परिचय देने के साथ प्रशिक्षण के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने इन सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताते हुए कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत आप सभी एक बेहतर पुलिस पदाधिकारी के रूप में अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करेंगे। मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण प्रिया दुबे मौजूद थीं।

### अधिवक्ता राजीव कुमार व अमित अग्रवाल के आरोप गठन पर सुनवाई 31 मार्च को

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी वकील राजीव कुमार एवं कारोबारी अमित अग्रवाल के आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई अब 31 मार्च को होगी। ईडी कोर्ट में शुक्रवार को दोनों के खिलाफ आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए तारीख निर्धारित थी लेकिन, दोनों आरोपी की डिस्चार्ज याचिका पर सुनवाई लंबित रहने के कारण समय की मांग की गई। इस पर अदालत ने 31 मार्च की तारीख निर्धारित की। इससे पूर्व राजीव कुमार ने अदालत में हाजिरी लगाई, जबकि अमित अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता ने हाजिरी दी। ईडी ने दोनों को पहले ही पुलिस पेपर सौंप चुकी है। मालूमू हो कि कोलकाता कैश कांड में गिरफ्तार होने के 18वें दिन ईडी ने राजीव कुमार को मनी लाउंड्रिंग के आरोप में केस दर्ज किया। मामले में ईडी ने जांच पूरी करते हुए राजीव कुमार एवं अमित अग्रवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

### कार्मिक विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल को गृह विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार



**विनय चौबे को आइपीआरडी सचिव का अतिरिक्त प्रभार**

**रांची।** राज्य सरकार ने प्रधान सचिव ग्रामीण कार्य विभाग अजय कुमार सिंह को अगले आदेश तक प्रधान सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय निगरानी विभाग रांची का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वहीं प्रधान सचिव कार्मिक विभाग वंदना दादेल को भी प्रधान सचिव गृह व आपदा प्रबंधन विभाग रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं विनय कुमार चौबे को अगले आदेश तक सचिव सूचना एवं जनसंपर्क विभाग झारखंड रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### महेश कुमार की याचिका पर सुनवाई टली

**रांची।** चतरा के टंडवा स्थित मंगध व आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग से जुड़े मुकदमे का सामना कर रहे आधुनिक पावर कंपनी के तत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल एवं अजय कुमार की ओर दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। एनआईए की विशेष अदालत ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के अनुरोध पर अर्जी पर सुनवाई की तारीख 25 मार्च निर्धारित की है। मामले के उक्त दोनों के साथ आरोपी कारोबारी अमित अग्रवाल एवं सुदेश केडिया में मामले में निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। मालूम हो कि एनआइए ने चतरा जिले के टंडवा थाना में दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 2/016 को फरवरी 2018 को टेकओवर करते हुए अनुसंधान करते हुए मामले में 17 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। जिसमें चारों आरोपियों का नाम शामिल है।

## 15 करोड़ रुपये के गबन मामले में दो अधिकारियों से हुई पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीबीआई ने रांची में बैंक लोन में फर्जीवाड़ा कर 15 करोड़ से अधिक के गबन मामले में शुक्रवार को सीबीआई के इकोनॉमिक आफेंस विंग ने बद्री केदार उद्योग के लोन की राशि में गड़बड़ी मामले में दर्ज केस में बैंक के सात अधिकारियों को समन करने के बाद दो अधिकारियों में तत्कालीन चीफ मैनेजर सुरेश कुमार तथा सीनियर मैनेजर क्रेडिट एसके वर्मा से पूछताछ की। सीबीआई ने मामले में गड़बड़ी के दौरान बैंक ऑफ इंडिया के मेन ब्रांच के चीफ मैनेजर रहे एसएम त्रिवेदी और तत्कालीन जोनल मैनेजर शंकर प्रसाद का बयान भी सात मार्च को दर्ज किया था। इसके अलावा पांच अन्य को अलग-अलग तिथियों पर पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया है।

**लोन ना चुकाने पर सीबीआइ ने दर्ज किया था केस :** गौरतलब हो कि 2019 में लोन न चुकाने पर सीबीआई ने केस दर्ज किया था। यह केस सरावगी बिल्डर्स के मालिक अमित सरावगी, उनकी पत्नी स्वाति और शेल कंपनियों के खिलाफ दर्ज किया गया था। आरोपियों ने कपड़े के होलसेल व्यापार के नाम पर मेसर्स बद्री केदार उद्योग प्रा लि के नाम पर 29 जून 2015 को बैंक ऑफ इंडिया से 15 करोड़ लोन लिया। ये पैसे कोलकाता स्थित शेल कंपनियों के खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। फिर इसे सरावगी बिल्डर्स के खाते में ट्रांसफर करा लिया गया। 1 मार्च 2018 को 12.84 करोड़ एनपीए हो गया। मामले की जांच की जिम्मेदारी तत्कालीन सीबीआई इंस्पेक्टर अशोक कुमार को दी गई है। अमित सरावगी द्वारा बैंक के साथ धोखाधड़ी का यह तीसरा मामला है। सीबीआई ने मेसर्स बद्री केदार उद्योग प्रा. लि. रांची, अमित सरावगी, स्वाति सरावगी, मेसर्स सरावगी बिल्डर्स एंड प्रोमोटर्स प्रा. लि. और अज्ञात पर केस दर्ज किया था। मामले में सीबीआई ने चार्जशीट दायर की थी।

## सीडी बम से हिचकोले खाती रही है झारखंड की राजनीति

**बाबूलाल मरांडी ने वर्ष 2016 में तत्कालीन सीएम रघुवर दास पर राज्यसभा चुनाव को प्रभावित करने संबंधित जारी हुई थी सीडी, सात साल पहले भी बाबूलाल की सीडी से झारखंड की राजनीति में आया था तूफान**

उदय चौहान





**रांची।** शुरू से ही झारखंड की राजनीति में सीडी 'बम' का खास महत्व रहा है। अलग राज्य बनने के तुरंत बाद नयी दिल्ली में किये गये एक स्टिंग ऑपरेशन में तत्काली सांसद फंसे थे। इसके बाद उनकी सदस्यता पार्लियामेंट से खत्म कर दी गयी थी। इसके बाद वर्ष 2016 में बाबूलाल मरांडी की ओर से जारी सीडी ने भूचाल ला दिया। इसमें तत्कालीन सीएम रघुवर दास को राज्यसभा चुनाव के लिए विधायक योगेंद्र साव पर दबाव डालने की बात कही गयी थी। कांग्रेस का विधायक होने के बावजूद योगेंद्र साव ने झाविमो सुप्रिमो बाबूलाल मरांडी से इंसाफ के लिये सहयोग मांगा था। उस वक्त श्री मरांडी ने राज्य सभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग का मामला उजागर कर यहां की राजनीति में तूफान ला दिया था। यह मामला अभी हाइकोर्ट में लंबित है। इधर, बीते रविवार को श्री मरांडी ने फिर एक सीड़ी जारी किया है। इसमें श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रधान सचिव पर दलालों के फाइल निपटाने और भ्रष्ट आचरण का आरोप लगाया है। इसी के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने आइएएस राजीव वरूण एक्का का तबादला पंचायती राज विभाग में कर दिया। इसके पहले श्री एक्का गृह कारा विभाग के अलावा सीएम के प्रधान सचिव थे। श्री मरांडी के सीडी 'बम' के जारी होने के बाद से झारखंड के राजनीतिक प्याले में फिर से उफान आ गया है। विपक्षी दलों ने हेमंत सरकार पर कड़ा हमला बोला है। पूरा विपक्ष इसे लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर हमलावर है। सात साल पहले भी श्री मरांडी के सीडी जारी करने के बाद तत्कालीन सीआइडी एडीजी अनुराग गुप्ता को निलंबित कर दिया गया था।अब भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने रविवार को एक वीडियो क्लिप जारी किया है। यह वीडियो क्लिप मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का से जुड़ा है।

भाजपा ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर राजीव वरूण एक्का मामले में सीबीआइ जांच की मांग की है। राज्यपाल से मामले में हस्तक्षेप कर श्री एक्का के खिलाप प्राथमिकी दर्ज कराने का आग्रह किया गया है। श्री मरांडी ने यह भी कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रधान सचिव राजीव अरुण, विशाल चौधरी नाम के एक व्यक्ति के ऑफिस में बैठकर सरकारी फाइल निपटा रहे हैं। दावा के मुताविक यह ऑफिस उसी विशाल चौधरी का है, जिसके यहां ईडी ने पिछले दिनों छापेमारी की थी। वीडियो क्लिप में एक महिला भी दिख रहीं हैं। जो राजीव अरुण एक्का को फाइल साइन करने के लिए आगे बढ़ा रहीं हैं। वह महिला भी सरकारी कर्मचारी नहीं है।

इधर, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राजीव वरूण एक्का प्रकरण से महागठबंधन सरकार की विश्वसनीयता फिर से खतरे में पड़ गयी है। उन्होंने कहा कि गृह विभाग का प्रधान सचिव रहते हुए राजीव अरूण एक्का एक पावर ब्रोकर विशाल चौधरी के दफ्तर में बैठकर संवेदनशील फाइलों का निपटारा करते है। इस बाबत वीडियो जारी होते ही सीएम ने उन्हें पद से हटाकर पंचायती राज विभाग की जिम्मेदारी सौंप दी है।

जो हो, एक बार फिर राजीव अरूण मामले को लेकर झारखंड की राजनीति गर्म हो गयी है। इससे सीएम पर भी दबाव बनता दिख रहा है। बावजूद इसके जब तक सीएम के प्रधान सचिव पर प्राथमिकी दर्ज नहीं होती तब तक कुछ कहना अनुचित होगा।

# 24 घंटे के बाद मिला दीप्ति का शव, परिजनों के सुपुर्द





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के तुपुदाना इलाके में स्थित ब्लू प्वाइंट खदान से काफी मशक्कत के बाद एनडीआरएफ की टीम ने छात्रा का शव बरामद कर लिया है। दीप्ति का शव एनडीआरएफ की टीम ने ब्लू प्वाइंट से 24 घंटे के बाद निकाला है। मूल रूप से बिहार के भागलपुर की रहनेवाली छात्रा दीप्ति प्रकाश रांची के संत जेवियर कॉलेज में थर्ड ईयर की छात्रा थी। गुरुवार को पैर फिसलने से खदान में डूब गयी थी। दीप्ति कांटाटोली चौक के समीप एक मकान में किराये में रह कर पढ़ाई कर रही थी। इधर सूचना मिलने के बाद दीप्ति के परिजन भी रांची पहुंचे।

गौरतलब हो कि दीप्ति गया के 6 दोस्तों के साथ तुपुदाना क्षेत्र में ब्लू प्वाइंट खदान घूमने के लिए गयी थी। इसी दौरान पैर फिसलने से खदान के गहरे पानी में जा गिरी। दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन कामयाब नहीं हो पाये। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया, लेकिन शाम होने की वजह से गहरे पानी में उतरने से मना कर दिया। शुक्रवार को एनडीआरएफ की टीम ने खदान से छात्रा का शव निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों के हवाले कर दिया है। इधर दीप्ति के पिता के आवेदन पर यूडी केस दर्ज कर लिया गया है।

# सिपाही ने छात्रा के साथ किया दुष्कर्म अब दे रहा है धमकी

**रांची।** रांची जिला बल में पदस्थापित मो. आजाद खान पर एक छात्रा ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। छात्रा ने कहा कि एक मुलाकात के दौरान आरोपी मो आजाद खान ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित छात्रा ने कहा है कि मो आजाद खान के खिलाफ पूर्व में उसने महिला थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने की सूचना मिलने के बाद सिपाही ने उस पीड़ित छात्रा से शादी कर ली। शादी करने के बाद सिपाही का रवैया कुछ दिन तो ठीक रहा, लेकिन उसके बाद छात्रा को जान से मारने की धमकी देने लगा। उसके साथ मारपीट भी की। सिपाही अब उसे धमकी दे रहा है। छात्रा शुक्रवार को सिपाही की शिकायत लेकर एसएसपी के कार्यालय पहुंची। जहां उसने लिखित रूप से एसएसपी के पास शिकायत की है। छात्रा लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली में रहती है। उसने कहा है कि सिपाही अक्सर उसके पास आता है और जबरन संबंध बनाता है। उसके गर्भ में दो माह का शिशु भी है।

## सर्वजन पेंशन योजना की अर्हता रखने वाले दिव्यांगजनों के लिए लगेगा शिविर

# रांची में 11,000 दिव्यांग व्यक्ति को नहीं मिल रहा सर्वजन पेंशन योजना का लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिले के 11 हजार दिव्यांग लोगों को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। जिले के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के आदेश के बाद अब जिला प्रशासन सभी दिव्यांग व्यक्ति जो सर्वजन पेंशन योजना की अहर्ता रखते हों, उनके लिए शिविर लगायेगा। शिविर के माध्यम से सभी दिव्यांग लोगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र/यूडीआइडी निर्गत किया जाएगा।

रांची जिला के (बुढ़मू प्रखंड को छोड़कर) सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी के अनुशंसा के अलोक में छूटे हुए दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिये एक दिवसीय मेडिकल कैंप संबंधित प्रखंड/अंचल में आयोजित किया जायेगा ताकि शत-प्रतिशत दिव्यांग व्यक्तियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सके।



**सर्वजन पेंशन योजना के लिए आवश्यक दस्तावेज**

- -आधार कार्ड
- -इनकम सर्टिफिकेट
- -वोटर आईडी कार्ड
- -मोबाइल नंबर
- -ईमेल आईडी
- -पासपोर्ट साइज फोटो

**किन्हें मिलेगा इस योजना का लाभ**

- -सर्वजन पेंशन योजना में आवेदन करने के लिए आवेदक झारखंड राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
- - आवेदन करने वाले व्यक्ति की आयु 60 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
- - लाभार्थी के पास आय का कोई साधन नहीं होना चाहिए।
- - इस योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र के बेसहारा नागरिक एवं विधवा महिलाओं को लाभ प्रदान किया जाएगा।
- - 5 वर्ष या इससे अधिक उम्र के दिव्यांग नागरिक भी इस योजना के लिए पात्र होंगे।
- - एचआईवी एड्स से पीड़ित नागरिकों को भी इस योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाएगा।

**सर्वजन पेंशन योजना 2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया**

- - सबसे पहले आप ई-पेंशन पोर्टल की ऑफिशियल वेबसाइट पर चले जाए।
- - अब इसके होम पेज पर आपको सर्वजन पेंशन योजना के विकल्प पर क्लिक कर लेना है।
- - अब अगले पेज पर आपके सामने आवेदन फोरम खुलकर आ जाएगा।
- - अब आपको इस फॉर्म में पूछे गए सभी जानकारियों को दर्ज कर लेना है।
- - सभी जानकारी दर्ज करने के बाद आपको सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अपलोड कर देना होगा।
- - इसके बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक कर देना है।
- - इस प्रकार आप सर्वजन पेंशन योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कर पाएंगे।

**- सर्वजन पेंशन योजना के लिए ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया**

- - यदि आप ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी हैं तो आपको प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के पास जाना होगा।
- - यदि आप शहरी क्षेत्रों में रहते हैं तो आपको अंचल अधिकारी (सीओ) के कार्यालय में जाना होगा।
- - अब आपको वहाँ से सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत आवेदन करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त कर लेना होगा।
- - इसके बाद आपको इस आवेदन पत्र में पूछे गए सभी जानकारियों को दर्ज कर लेना होगा।
- - अब आपको मांगे गए सभी दस्तावेजों को आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर लेना है।
- - सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंत में आपको इस आवेदन फॉर्म को संबंधित कार्यालय में जाकर जमा कर देना होगा।
- - इस प्रकार आप सर्वजन पेंशन योजना के लिए ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# लंबित दाखिल-खारिज और भूमि सीमांकन मामलों के निष्पादन का निर्देश

## भू-राजस्व से संबंधित कार्यों एवं मामलों की समीक्षा बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को भू-राजस्व से संबंधित कार्यों एवं मामलों की समीक्षा की। उपायुक्त ने भारत सरकार एवं झारखंड सरकार की विभिन्न एजेंसियों को भूमि हस्तांतरण के संबंध में भी तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि विभिन्न विभागों और हेल्थ सेंटर, टी.ओ.पी. आदि भवनों का निर्माण शुरू कराया जा सके। उपायुक्त द्वारा भूमि हस्तांतरण के लिए जल्द से जल्द भूमि चिन्हित करने का निर्देश भी संबंधित अंचलाधिकारी को दिया गया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अपर समाहर्त्ता राजेश कुमार बरवार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अंजना दास, जिला के सभी अंचल अधिकारी व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा लंबित म्यूटेशन की गति में तेजी लाने के लिए सभी अंचल अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। 90 और 30 दिनों के म्यूटेशन के लंबित मामलों की अंचलवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने त्वरित निष्पादन के निदेश दिये। उन्होंने लंबित सक्सेशन म्यूटेशन/पार्टिशन के मामलों में भी तेजी लाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने अंचलवार भूमि सीमांकन के मामलों की समीक्षा करते हुए सभी अंचलाधिकारियों को लंबित मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन करने के निर्देश दिए। उपायुक्त द्वारा लंबित जाति/आय/आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने में भी तेजी लाने का निर्देश दिया गया ताकि ससमय आवेदकों को प्रमाण पत्र प्राप्त हो सके। टेक्निकल कारण से लंबित आवेदनों की सूची उपलब्ध कराने का निदेश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया ताकि विभाग से समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द निष्पादन कराया जा सके।

उपायुक्त द्वारा विभिन्न स्तर के राजस्व पदाधिकारी के न्यायालयों में लंबित मामलों की भी समीक्षा की गयी। कार्य मे तेजी लाने का निर्देश देते हुए उपायुक्त लंबित मामलों की संख्या में कमी लाने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अहर्त्ताधारी लोगों को योजना का लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया। योजना के तहत कैटगरी बी के लिए किसानों को चिन्हित करने का निदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया। एनजीडीआरएस पोर्टल में गैर मजरुआ भूमि का इंद्राज में तेजी लाने के आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित पदाधिकारी एवं अधिकारी को दिया गया। साथ ही उन्होंने परिशोधन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## गौरव अग्रवाल के नाम पर डीआइजी के पास हुई शिकायत

# स्थानांतरण के नाम पर स्पेशल ब्रांच के इंस्पेक्टर से ठगे दो लाख

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय के स्पेशल ब्रांच में पदस्थापित इंस्पेक्टर सुधीर पोद्दार से गौरव अग्रवाल नामक एक शख्स ने दो लाख रुपए ठग लिये हैं। इंस्पेक्टर से उक्त राशि गौरव ने खुद को पूर्व डीजीपी का करीबी बताकर उन्हें स्पेशल ब्रांच से जिला में पदस्थापन को लेकर लिया गया था लेकिन, सुधीर पोद्दार से आरोपी को पैसे लिये हुए दो साल से अधिक हो गए, लेकिन इंस्पेक्टर का पैसा नहीं मिला। हर बार आरोपी इंस्पेक्टर को व्हाट्सप चैट के माध्यम से रुपये लौटाने के लिए कहता है, पर आजतक नहीं लौटाया। इंस्पेक्टर ने उक्त राशि अपने सहयोगियों और परिजनों से कर्ज लेकर दिया था। आरोपी बरियातू थाना क्षेत्र के हरिहर सिंह रोड का रहनेवाला है। इंस्पेक्टर ने इस संबंध में रांची के डीआईजी से लिखित रूप से शिकायत भेजी है। डीआईजी ने इंस्पेक्टर को आश्वस्त किया है कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

**पुलिस मुख्यालय के इर्द- गिर्द रहता है ठगों का गिरोह :** जानकारी के मुताबिक, एक दूसरे जिले से स्थानांतरण कराने के लिए कई सिपाही, दारोगा, इंस्पेक्टर ताक में रहते हैं। ठग इसी मौके का फायदा उठाकर पुलिस मुख्यालय के इर्द-गिर्द स्थित होटल, चाय दुकान में बैठे रहते हैं। इन कर्मियों को कभी डीजीपी तो कभी डीआईजी के संपर्क का सब्जबाग दिखाते हैं और उनसे रूपए की ठगी कर लेते हैं।

## डोरंडा के पत्थर रोड में बड़ी घटना होने से बची

# पुलिस को सैल्यूट, दुकानदार को नुकसान होने से बचाया




समीर

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के पत्थर रोड स्थित फतीउर रहमान के ब्रेड शॉप को पीसीआर-3 ने गुरुवार की रात आग लगने से बचाया। पुलिस के इस कर्तव्यनिष्ठा को डोरंडा की जनता ने सैल्यूट किया है। हटिया पुलिस उपाधीक्षक राजा मित्रा ने पुलिसकर्मियों की सराहना की और उनका उत्साहवर्द्धन किया।

**क्या है मामला:** जानकारी के मुताबिक, डोरंडा के पत्थर रोड में स्थित ब्रेड शॉप के बाहरी हिस्से में आग लगी थी। आग लगते हुए देख एरिया में गश्त कर रहे पीसीआर थ्री ने पीसीआर में रखे पानी से आग बुझाया। फिर दुकानदार को सूचित किया। बाद में स्थानीय लोग वहां जुटे।

**सीसीटीवी में दिखा दहशत गर्द**

पुलिस ने पत्थर रोड क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला तो पाया कि एक युवक दुकान में आग लगा रहा है। बाद में लोगों ने उसकी पहचान की। आग लगाने वाला युवक मंदबुद्धि निकला। वह भुईयांटोली का रहने वाला है, लेकिन जब इस मंदबुद्धि को गिरफ्तार करने पुलिस उसके घर पहुंची तो इस मंदबुद्धि युवक ने कहा कि क्या सबूत है कि मैनें आग लगाई है। तभी पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर थाना ले जाया गया।

मौके पर लोगों ने आशंका जतायी कि कहीं इस मंदबुद्धि का उपयोग किसी साजिश के तहत घटना को अंजाम देने के लिए तो नहीं किया गया है। दुकान के मालिक ने प्रशासन से जांच का आग्रह किया है।

## झारखंड सरकार का पांच लाख का इनाम है रेखा पर

# माओवादियों की 'नाक' बन गयी है कुंदन पाहन की बहन

**गुरिल्ला युद्ध में माहिर है बुंडू बाराहातू गांव की महिला रेखा, संभाल रही है नक्सलियों की कमान**



कुबेर सिंह

**रांची।** नक्सलियों के बीच गुरिल्ला युद्ध में माहिर है पांच लाख रुपये की इनामी कुख्यात महिला नक्सली जयंती उर्फ रेखा झारखंड पुलिस के लिए सिरदर्द है तो दूसरी ओर भाकपा माओवादी संगठन के लिए नाक है। रेखा दो दशक से झारखंड और पश्चिम सिंहभूम पुलिस के लिए सिरदर्द बनी हुई है। रेखा हजारीबाग ओपेन जेल में बंद माओवादियों के पूर्व एरिया कमांडर कुंदन पाहन के गांव बुंडू बारुहातु गांव की रहने वाली है। रिश्ते में रेखा कुंदन पाहन की बहन लगती है। रेखा के पिता पिता स्व0 दलगोविन्द सिंह मुंडा उर्फ दोलो उर्फ गहन सिंह मुंडा हैं।

### 12 टन बारूद भरे वाहन की लूट को दिया था अंजाम

नक्सली रेखा तब सबसे ज्यादा सुर्खियों में आयी थी जब ओडिशा के चांदीपोस स्थित वन विभाग के चेकनाका के पास से नक्सलियों ने 12 टन बारूद से भरा वाहन लूटकर सारंडा जंगल में फरार हो गये थे। उस घटना में ओडिशा पुलिस का एक जवान भी शहीद हो गया था।

इस घटना में पहली बार नक्सली रेखा, अनीता आदि का नाम सामने आया था। बारुद को लूटने के बाद नक्सली सारंडा के बिटकिलसोय, तिरिलपोसी, गुंडीजोड़ा, टोयबो आदि जंगलों में अलग-अलग भागों में बांट कर छुपाया था।

कम्युनिस्ट विचारधारा का अच्छा ज्ञान रखनेवाली जयंती उर्फ रेखा नक्सली घटनाओं से संबंधित अपनी संलिप्तता के बारे में कुछ भी बोलने से मना करती है। पर, यह महिला नक्सली काफी खतरनाक होने के साथ-साथ सारंडा में भाकपा माओवादियों का संगठन विस्तार, संगठन से महिलाओं व युवतियों को जोड़ने, आधार इलाका को बढ़ाने के साथ-साथ सभी तरह का हथियार चलाने, गुरिल्ला युद्ध, पुलिस को चकमा देने आदि तमाम प्रकार के युद्ध कौशल में माहिर है।

# उमाशंकर मालवीय की क्रिमिनल रिवीजन खारिज

**रांची।** मनी लॉउड्रिंग मामले में फंसे पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के तत्कालीन निजी सचिव उमाशंकर मालवीय की क्रिमिनल रिवीजन को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। ईडी की विशेष अदालत द्वारा 26 मार्च 2018 को उमाशंकर मालवीय की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दिए जाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। गौरतलब है कि उमाशंकर मालवीय पर पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के द्वारा अर्जित की गई करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति को मनी लॉउड्रिंग करने में सहयोग का आरोप है। विजिलेंस थाने में तत्कालीन विधायक भानु प्रताप शाही की आय से अधिक संपत्ति को लेकर दर्ज कांड के आधार पर सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई ने तत्कालीन विधायक भानु प्रताप शाही के खिलाफ 13 मार्च 2005 से 24 जुलाई 2009 की अवधि को चेक पीरियड मान उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कराया। बाद में सीबीआई की इसी प्राथमिकी के आधार पर तत्कालीन ओएसडी उमाशंकर मालवीय एवं अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## खबर एक नजर में

### गुरुकुल द्रोणा एकेडमी में टैलेंट हंट कंपीटिशन

**रांची।** कटहल मोड़ स्थित गुरूकुल द्रोणा एकेडमी के तत्वावधान में शनिवार को टैलेंट हंट कंपीटिशन का आगाज होगा। कंपीटिशन में ड्राइंग, मेंटल मैथ्स, क्विज आयोजित की जायेगी। इसमें 3 साल से 17 साल के सभी बच्चे भाग ले सकते हैं। उक्त जानकारी स्कूल की प्रिंसिपल उषा प्रसाद ने दी।

### बाइक चोरी के आरोपी की एबीपी खारिज

**रांची।** अपर न्यायायुक्त प्रकाश झा की अदालत ने मोटर साइकिल चोरी मामले के आरोपी प्रभाश कुमार, आकाश कुमार आर्य, शाश्वत राज एवं कुंदन कुमार की अग्रिम जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी। आरोपी मोटर साईकिल चोर गिरोह के सदस्य है। चोरी की गई मोटर साईकिल जेएच 01 बीडब्ल्यू 4083 के रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट बदल कर जेएच 01 बीडब्ल्यू 1083 कर इस्तेमाल करने का आरोप है। यह बाइक सुखदेव नगर थाना क्षेत्र से 2017 में चोरी चली गई थी। पुलिस ने 15 जुलाई 2017 को ही मकान मालिक भगवती देवी के आवास के पार्किंग स्थल से बरामद किया था। जहां चोरी की गई कई मोटर साईकिलों को उक्त आरोपियों ने पार्किंग कर रखा था। घटना के पांच साल बाद आरोपियों ने अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी।

### पूर्व आइएएस अधिकारी डॉ सुनील कुमार सिंह की पुस्तक का राज्यपाल ने किया लोकार्पण



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अपने आवासीय कार्यालय में पूर्व आईएएस डॉ सुनील कुमार सिंह की पुस्तक हिस्ट्री ऑफ संथाल परगना का लोकार्पण 10 मार्च को किया। इस अवसर पर डॉ सिंह के साथ क्राउन पब्लिकेशन के राजेन्द्र कुमार आर्य एवं सुभाष वर्मा भी उपस्थित थे। इस पुस्तक में संथाल परगना की स्वायत्तता आंदोलन को छोड़कर प्राचीन काल से स्वतंत्रता काल तक के इतिहास को शामिल किया गया है।

## 50 लाख परिवारों को मिले जॉब कार्ड में 21 लाख से अधिक महिलायें निबंधित : मनरेगा आयुक्त

# महिलाओं के बल पर समाज का विकास संभव : शिल्पी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि महिलाओं के बल पर ही समाज का विकास संभव है। कांग्रेस विधायक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। यह आयोजन रांची के बेड़ो प्रखंड कार्यालय ग्रामीण विकास विभाग की ओर से किया गया था। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है। महिलाओं के उन्नति के बिना उन्नत समाज का सपना कभी साकार नहीं किया जा सकता है। बेहतर के लिए हमें लगातार प्रयास करते रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कि सरकार की चलायी जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए महिलाओं को जागरूक करने की आवश्यकता है।

सरकार ने महिलाओं की बेहतरी के लिए कई प्रयास किये हैं। उन्हें कई जगहों पर आरक्षण प्राप्त है। कानूनी रूप से कई अधिकार महिलाओं को दिये गये हैं। आवश्यकता है तो उन्हें अपने अधिकारों का लाभ उठाने की। उन्होंने मनरेगा के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि इससे महिलाओं को रोजगार और स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। महिलाएं दीदी बाड़ी जैसी योजनाओं में कार्य कर दीदी बगिया योजना से लाभान्वित होकर या फिर पशु शेड निर्माण योजना का लाभ उठाकर अपने परिवार का सहारा बन रही हैं। इससे उनमें एक नया आत्मविश्वास उभर रहा है। उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि महिलायें पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को संवार रही हैं। ग्राम स्तर पर ऐसी हजारों महिलाओं ने आज अपने भविष्य को संवारने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है, यह महिला सशक्तिकरण का एक अनुपम उदाहरण है।

इस अवसर पर मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि खुद को बदले बिना लक्ष्य की प्राप्ति किसी भी कीमत पर हासिल नहीं की जा सकती है। अपने आप को बदलने से ही बदलाव संभव है। मनरेगा ग्रामीणों का जीवन बदल रहा है।

उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में 50 लाख से अधिक परिवारों को जॉब कार्ड दिया गया है, उसमें से 21 लाख से अधिक महिलायें निबंधित हैं। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी दीदी बाड़ी योजनाए बिरसा हरित ग्राम योजना से जुड़ कर महिलायें स्वावलंबी बन रही हैं। उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा कि महिलाओं को समान अधिकार ही हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम में बिरसा हरित ग्राम योजना से संबंधित पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

# इमोशनल थ्रिलर और जमीनी हकीकत की झलक है फीचर फिल्म 'लोहरदगा'




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सत्य घटना से प्रेरित फिल्म लोहरदगा पूरे देश में एक साथ रिलीज की गयी है। झारखंड के जाने-माने फिल्मकार लाल विजय शाहदेव ने रोज क्वाट्र्ज एंटरटेनमेंट और आकृति एंटरटेनमेंट प्राइवेट के बैनर तले डॉ नेहा शांडिल्य द्वारा निर्मित फिल्म लोहरदगा को निर्देशित किया है। शुक्रवार को यह फिल्म देश भर में एक साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।

बकौल विजय शाहदेव जब झारखंड के आदिवासी इलाकों और जंगलों के बीच रहने वाले 500 से अधिक बेरोजगार आदिवासी युवाओं को कागज पर झूठा माओवादी घोषित किया गया था और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया गया था। उन्होंने कहा कि फिल्म की एक और खास बात है कि यहां के सौ से अधिक कलाकारों ने अभिनय किया है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म एक ऐसे युवा मनु की कहानी है, जो सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना चाहता था। लेकिन वह एक दलाल के चंगुल में फंस जाता है, जो उसे एक नक्सली के रूप में अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करने के बाद सामने आता है। कहानी इस बात के इर्द-गिर्द घूमती है कि क्या होता है जब मनु 20 युवा लड़कों के साथ नक्सली बनकर आत्मसमर्पण करने जाते हैं। फिल्म में विजय राज, संजय मिश्रा और अखिलेंद्र मिश्र जैसे दिग्गज और झारखंड के सौ से भी ज्यादा कलाकार मौजूद हैं। मनु का किरदार लाल सर्वदमन ने निभाया है। रवि झंकल, दधी पांडे, नीतू पांडे, चारुल मलिक, हंसराज जगताप, सुमित भोक्से, ऋषि ठाकुर, रकीब अरशद, अशोक गोप के अलावा मधु रॉय, पंकज सिन्हा, वर्षा लकड़ा, शिशिर पंडित, ओम प्रकाश, काका जी, चंदा कुमारी, प्रिया अंबष्ट प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

**फिल्म एक इमोशनल थ्रिलर है**

फिल्म की पूरी शूटिंग लोहरदगा और रांची के अलावा झारखंड के कई हिस्सों में हुई है। कैमरामैन अजित सिंह ने यहां के लोकेशन का पूरा इस्तेमाल किया है। जिससे फिल्म बिल्कुल भी बनावटी नहीं लगती है। फिल्म में संगीत दिया है झारखंड के जाने माने कलाकार नंदलाल नायक और सिद्धांत माधव ने। कुल मिलाकर फिल्म एक इमोशनल थ्रिलर है।

## आज का राशिफल
### 11-03-2023

**मेष** : ब्यापार में लाभ का योग है सप्तम चन्द्र है। पहले किए गए कार्यों के उत्तम परिणाम आज देखने को मिलेंगे। लेन-देन करार की चिंता रहेगी। डूबा हुआ धन प्राप्त हो सकता है।

**वृष** : ऋण लेने से बचें। साझेदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा। संतान, भाइयों से मदद मिल सकेगी। कारोबारी अनुबंध होंगे। योजना फलीभूत होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मिथुन** : शिक्षा में सुधार होगा। आलस को त्यागे। राजकीय बाधा दूर होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। चिंता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। यात्रा में सावधानी आवश्यक है। जल्दी में कोई काम न करें।

**कर्क** : बोलने से पहले बिचार कर ले। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। पठन-पाठन के प्रति जिज्ञासा बढ़ेगी। धैर्य रखें।

**सिंह** : पराक्रम में बृद्धि होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ बढ़ेगा। परिवार में वैवाहिक कार्यों की रूपरेखा बनेगी। पत्र, सूचना मिलेगी।

**कन्या** : पैतृक संपति का शुख मिलेगा। बाहरी सहयोग सहज ही मिलेगा। व्यापार, नौकरी की चिंता रहेगी। दाम्पत्य जीवन मधुर रहेगा।

**तुला** : समय बहुत ही उत्तम है। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्यावहारिक समस्याओं का समाधान संभव है। दूसरों की मदद करके मानसिक संतोष मिलेगा।

**वृश्चिक** : खर्च पर काबू आवश्यक है। काम में मन नहीं लगेगा। धैर्य रखें। आर्थिक तंगी रह सकती है। लापरवाही, टाल-मटोल से समस्याओं को नहीं बढ़ाएँ। कामकाज में विलंब होगा।

**धनु** : समय बहुत ही उत्तम है। व्यवसाय ठीक चलेगा। कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापारिक विवादों का निपटारा आपके पक्ष में हो सकेगा। अनजान लोगों पर विश्वास नहीं करें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्नता दशाएँगे।

**मकर** : पिता से लाभ होगा। स्वाभिमान बना रहेगा। प्रयास करते रहें। संबंधों में सुधार की संभावना है। लापरवाही से काम नहीं करें। घर में खुशी का माहौल रहेगा। हितकारक व्यक्तियों से भेंट होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कुंभ** : धर्म मे मन लगेगा। कोई बड़ा कार्य होगा। प्रमाद न करें। सत्संग का लाभ मिलेगा। सोचे काम समय पर पूरे होंगे। व्यक्तिगत अथवा व्यापारिक कार्य हो सकती है।

**मीन** : फालतू खर्च होगा। कार्य समय पर होगा पर धैर्य रखें। परिवार की समस्याएँ हल होंगी। वाणी पर संयम रखें। व्यापार अच्छा चलेगा। लिखा-पढ़ी के कामों में सफलता मिलेगी। मंदिर में झाड़ू का दान करें।

# डालसा ने महिलाओं को दी कानून की जानकारी

## महिला दिवस सप्ताह : सिल्ली, नगड़ी व बुंडू में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) ने महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर शुक्रवार को रांची जिले के सिल्ली, नगड़ी व बुंडू में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर सिल्ली ब्लॉक में अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी लता कुमारी, तारा मिंज एवं राजा वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

इस मौके पर अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने उपस्थित महिलाओं को सती प्रथा के बारे में जानकारी दी। महिलाओं से संबंधित कानूनी जानकारी के तहत घरेलू हिंसा अधिनियम, डायन बिसाही, बाल विवाह, बाल यौन अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

इसके साथ ही, नगड़ी प्रखंड में भी जागरूकता कार्यक्रम किया गया, जिसमें बीडीओ, जिला परिषद प्रमुख, उप-प्रमुख, मुखिया, महिला समूह की दीदियां और ब्लॉक कर्मचारी तथा पीएलवी रीना लिंडा, उमेश कुमार, सतीश कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

डालसा के पीएलवी ने उपस्थित महिलाओं को पीड़ित मुआवजा, रोड एक्सीडेंट में प्राप्त होने वाले मुआवजे तथा दुष्कर्म पीड़िता को मुआवजा दिलाने के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने ई-श्रम कार्ड तथा वृद्धा पेंशन व विधवा पेंशन की जानकारी दी।

बुंडू प्रखंड में भी शुक्रवार को डालसा के पीएलवी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पीएलवी शीला कुमारी, सोनामनी देवी, आरती कुमारी, रुकमनी देवी, मुस्कान कुमारी, कपिलदेव प्रसाद केशरी एवं रामेश्वर चौधरी उपस्थित थे। डालसा के पीएलवी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही, उन्हें मिलने वाली कानूनी सहायता के बारे में जागरूक भी किया। यह भी बताया कि किन-किन व्यक्तियों को डालसा निःशुल्क विधिक सेवा प्रदान करती है। उन्होंने महिलाओं से संबंधित कानून की जानकारी दी। विधवा पेंशन के बारे में भी बताया।

# मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड डॉ मंजरी को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची प्रेस क्लब में शुक्रवार को मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड डॉ मंजरी प्रिया गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ मंजरी ने कहा कि प्रतिभा खुद अपना मुकाम तय कर लेती है। डॉ मंजरी ने शिक्षा के अलावा सौन्दर्य के क्षेत्र में भी राज्य का नाम रोशन किया है। शिक्षा के क्षेत्र में मेडल और प्रथम स्थान प्राप्त करने के जज्बे वाली मंजरी ने पहले अपने जॉब में काफी मेहनत के बाद कॉरपोरेट लीडर के पद पर स्थापित किया, फिर मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड-2021 में एक साथ तीन अवार्ड मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड, मिसेज पापुलर एवं मिसेज इस्टजोन अपने नाम किया। इनकी प्रतिभा को केंद्र सरकार के द्वारा भारत गौरव श्री सम्मान, युनाइटेड नेशन्स के द्वारा डाक्ट्रेट की उपाधि के साथ वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कमीशन की सक्रिय सदस्य बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अपने इस छोटे सफर में इन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विभिन्न क्षेत्रों में 30 अवार्डों से नवाजा गया है। इसका श्रेय वह माता मंजू जायसवाल एवं पिता विनोद कुमार जायसवाल को देती हैं। डॉ मंजरी अब अपने पति रितेश गुप्ता तथा पुत्री अमायरा गुप्ता और पुत्र युवान गुप्ता के साथ बैंगलोर में रहती हैं।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संजय कुमार जायसवाल, वैश्य महासम्मेलन के महामंत्री संजय चौधरी, युवा मंच के संजय पोद्दार, ललित ओझा, परमजीत सिंह चन्ना, शिवकुमार शर्मा, शुभम कुमार जयसवाल, तरुण कुमार जायसवाल, चंदन प्रजापति नीतू सिंह, ज्योतिष सिंह, नेहा महतो, ममता पसारी, ज्योति गौरव शर्मा और तितली ग्रुप छात्र युवा संगठन सिख समुदाय के लोगों ने भी डॉ मंजरी को सम्मानित किया।

# बुढ़मू के बरखुटोली में किसान दिवस का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** नैनो डीएपी के फसल प्रदर्शन प्रक्षेत्र अवलोकन एवं वर्तमान मौसम में लगने वाले कद्दूवर्गीय फसल, बीन, टमाटर एवं दलहन फसलों के पोषक तत्व प्रबंधन, फसल चक्र में विभिन्न फसलों का समावेश और उसकी महत्ता जैसे उद्देश्यों को लेकर शुक्रवार को किसान दिवस का आयोजन रांची जिले के बुढ़मू प्रखंड स्थित गिंजो ठाकुरगांव के बरखुटोली में किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र दिव्ययान के वरिष्ठ शस्य विशेषज्ञ डॉ मनोज कुमार ने फसलों के पोषक तत्व प्रबंधन में नैनो यूरिया के प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया।

डॉ कुमार ने किसानों को सलाह दी कि आप यूरिया के जगह पर नैनो यूरिया के प्रयोग से भी अच्छी और लाभदायक खेती कर सकते हैं। साथ ही, मिट्टी की गुणवत्ता में हो रहे ह्रास से भी उसका बचाव कर सकते हैं। यदि अपने फसलों को कीट रोग के नुकसान से बचाना है, तो आप दानेदार यूरिया के प्रयोग को कम से कम प्रारंभिक अवस्था में करें। जब फसल का कायकीय विकास इस प्रकार हो जाये कि उसके पत्तियों पर छिड़काव किया जा सके, तो आप नैनो यूरिया का पत्तियों पर छिड़काव करें। ऐसा करने से नैनो यूरिया का अवशोषण फसल पत्तियों द्वारा कर लेता है और लंबी अवधि तक इसका उपयोग अपने वृद्धि एवं विकास में करता है। इससे अधिक कल्ले बनते हैं और फसलों में प्रस्फुटन अधिक होता है, जिससे फूल और फल अधिक लगते हैं। उन्होंने कहा कि किसान इसका प्रयोग आवश्यकता अनुसार दोबारा भी कर सकते हैं। मौके पर वैज्ञानिकों ने किसानों द्वारा पूछे गये सवालों का समाधान भी बहुत ही ज्ञानपरक एवं सरल तरीके से किया। उपस्थित किसानों को नैनो यूरिया के प्रयोग, फायदे एवं इसके प्रयोग में सावधानी के बारे में जानकारी दी गयी। उन्हें नैनो डीएपी में चल रहे ट्रायल के बारे में भी बताया गया।

## खबर एक नजर में

### कमड़े में श्री महावीर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ आज से



**रांची।** नव निर्मित श्री महावीर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन कमड़े देवी मंडप मंदिर के प्रांगण में आयोजित होगा। यह आयोजन तीन दिवसीय है और आज 11 मार्च शनिवार को कलश यात्रा से शुरू होगा। तीन दिवसीय महायज्ञ के पहले दिन शनिवार को कलश यात्रा, दूसरे दिन 12 मार्च रविवार को अधिवास व पूजन कार्यक्रम तथा तीसरे दिन 13 मार्च सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति, संध्या भंडारा एवं सुंदरकांड का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। आयोजन के लिए श्री महावीर मंदिर यज्ञ समिति बनाया गया है, जिसमें अरविंद तिर्की, राजेश मुंडा, सुखेर मुंडा, नितेश लोहरा, बबलु लोहरा समेत कई लोग हैं।

### झारखंड में ब्लॉक बस्टर बीयर लांच




रांची। अमेरिकन ब्रिउ क्राफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने झारखंड में ब्लॉकबस्टर बीयर को लॉन्च किया है। शुक्रवार को स्थानीय होटल में एक विशेष कार्यक्रम के तहत अमेरिकन ब्रिउ क्राफ्ट्स प्रा. लि. के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर नागेन्द्र तईई और उनकी टीम ने ब्लॉक बस्टर बीयर को लॉन्च किया। श्री तईई ने बताया कि यह उत्पाद अभी झारखंड के बाजार में केन में उपलब्ध है। जल्द ही बोतल में भी उतारा जायेगा।

### अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का शिष्टमंडल राज्यपाल से मिला



**रांची।** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन से भेंट कर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही आशा व्यक्त की कि उनके कुशल मार्गदर्शन में प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न झारखण्ड प्रगति के नये आयाम स्थापित करने में सफल होगा। शिष्टमंडल ने राज्यपाल को सम्मेलन की गतिविधियों से भी अवगत कराया गया। मौके पर राज्यपाल ने सम्मेलन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की। उक्त जानकारी झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी। बताया कि शिष्टमंडल में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन गाड़ोदिया के साथ पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार केडिया, निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, वर्तमान अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल एवं डॉ ओम प्रकाश प्रणव शामिल थे।

### रांची जिले में जन वितरण प्रणाली की दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण



**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा निदेशानुसार रांची जिला के प्रत्येक प्रखंड के पांच-पांच जनवितरण प्रणाली दुकानों का शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया गया। जांच के लिए प्रतिनियुक्त 22 पदाधिकारियों ने अलग-अलग प्रखंडों में जनवितरण प्रणाली दुकानों की जांच की। सुबह 9:00 बजे से ही सभी जांच पदाधिकारियों ने संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानों में जा कर विगत पांच माह में किये गये राशन वितरण के संबंध में जांच की। पदाधिकारियों ने लाभुकों से बात कर उनकी समस्या भी पूछा एवं डीलर से संबंधित शिकायत की जानकारी भी ली। जांच पदाधिकारियों द्वारा स्टॉक एवं खाद्यान्न वितरण की भी जानकारी ली गयी। सभी जांच पदाधिकारियों द्वारा जांच संबंधी प्रतिवेदन भी समर्पित किया जायेगा।

### बरियातू में खुला मुंबई कैंसर सेंटर

**रांची।** जानलेवा कैंसर मरीजों के लिए यह खुशखबरी है कि अब बरियातु में मुंबई कैंसर सेंटर का शुभारंभ हो गया है। टाटा कैंसर हॉस्पिटल संस्थान, मुंबई के एलुमनी ग्रुप डॉक्टरों ने इसकी शुरूआत की है। यह सेंटर रांची के बरियातू हाऊसिंग डीएवी के निकट मालाबार एनक्लेव के दूसरे तल पर शुरूआत की है। इसके संचालनकर्ता एमडी डीएम ऑनकॉल्जी टीएमएच मुंबई के प्रसिद्ध सर्जन मदन प्रसाद गुप्ता हैं। साथ ही, झारखंड के सुप्रसिद्ध कैंसर चिकित्सक डॉ गुंजेश कुमार सिंह, एमएस एमसीएच हेड एंड नेक कैंसर सर्जन ए प्रसिद्ध सर्जन डॉक्टर सुरेश एमए कैंसर सर्जन इस संस्थान में डे केयर तथा ओपीडी के साथ सर्जरी में अपनी सेवा देंगे। डॉक्टरों ने बताया कि कैंसर के ईलाज में मुंबई के टी एमएच के बराबर सेवा देंगे। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ गुंजेश अभी बिहार झारखंड में केंसर के ईलाज में एक विश्वसनीय नाम हैं और मेडिका में भी अपनी सेवा दे रहे हैं। रांची में डॉक्टर गुंजेश कुमार सिंह ने पांच ल्यूकेमिया ;ब्लड कैंसर रोगियों को छह माह के ईलाज से ठीक किया है। प्रख्यात ऑनकोलॉजिस्ट डॉक्टर गुंजेश कुमार सिंह ने 5 ल्यूकेमियाए ;ब्लड कैंसर के रोगियों का सफलता पूर्वक उपचार कर जीने की सही परिस्थिति दी है। डॉक्टर सिंह ने ब्लड कैंसर जैसे खतरनाक बीमारी के इन पांच रोगियों को छह माह में ईलाज कर स्वाथ्य कर दिया है। यह सभी पूर्व रोगी अब खतरे से बाहर हैं।

# एक आदर्श मसीही जीवन की आध्यात्मिक तैयारी का पुण्य काल है चालीसा : फादर असीत टोप्पो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** चालीसा हर एक मसीही के जीवन की आध्यात्मिक तैयारी के लिए पवित्र व पुण्य काल है। रांची आर्चडायसिस के सेक्रेटरी फादर असीत टोप्पो ने यह जानकारी देते हुए कहा कि ख्रीस्त के विश्वास में बढ़ने वाले तमाम मसीहियों के लिए माता कलीसिया चालीसा या लेंट में 40 दिन का समय देती है ताकि इस चालीस दिन के आध्यात्मिक अभ्यास व नवीकरण से मसीह में अपने शेष जीवन का नवीकरण करते हुए जीएं। चालीसा काल प्रत्येक मसीही को एहसास दिलाती है कि समस्त जगत के मानव अमर नहीं बल्कि मरणशील हैं। इस दुनिया में जीवन काल कम या सीमित समय के लिए है। फादर असीत ने कहा कि हम सभी मनुष्यों को हम मनुष्य हर नजरिए से मजबूत नहीं है। इसलिए हम मनुष्यों को शारीरिक शाक्ति के साथ आध्यात्मिक सामर्थ्य में बढने या मजबूत होने की जरुरत है, ताकि संसार में जो बुराईयां है या नकारात्मक शक्तियां हैं, जो हमारे बीच के चैन, भाईचारगी, सौहार्द को तोड़ती है, उसके विरुद्ध खुद को तैयार कर सकें। व्यक्तिगत रुप से चालीसा मनुष्य को ईश्वर के साथ जोड़ने का भी काम करती है।

चालीसा में मसीही उपवास करते है। उपवास का तात्पर्य अन्न जल त्याग कर भूखे प्यासे या वैसे लोग जिन्हें मुश्किल से रोटी नसीब होती है, के साथ भावनात्मक रुप से जुड़ना तथा उनके भूख प्यास की पीड़ा को अनुभव करना है। यह अनुभव करना की भूख की पीड़ा तंगी हालत में मनुष्य को कैसे मजबूर करती है। चालीसा काल में मसीही सिर्फ व्यक्तिगत प्रार्थना नहीं करते हैं बल्कि सबके लिए प्रार्थना करते है और अपने विश्वास को मजबूत करते है साथ ही अपने व्यवहारिक जीवन और आचरण दोनों से सृष्टिकर्ता के साथ जुड़े रहते है। इस चालीसा काल में प्रत्येक मसीही के लिए यह भी हुक्म है कि सभी मसीही अपनी सलाहियत के अनुसार अपने पड़ोसी, मुहल्ले, समाज के लोगों की मदद करें। भूखों को खिलाएं, प्यासों को पिलाएं। जिनके तन पर कपड़े नहीं है उन्हें तन ढकने के लिए वस्त्र दें। बीमार, परेशान हैं तो उनकी सेवा कर उनके दुःखों को बांटे। चालीसा काल में मसीहियों का यह संकल्प व अभ्यास उन्हें आंतरिक परिवर्तन लाता है जिसके कारण उसका व्यवहार बाहरी प्रतिफल के रुप में तब्दील होता है। हर मसीह चालीसा में यह स्मरण करता है कि मुक्तिदाता प्रभु येसु मसीह इस संसार में आाए। दुःख सहे। क्रूस पर चढ़े और क्रूस पर अपना बलिदान देकर तथा अपने लहू बहाकर समस्त मानवजाति का उद्धार किया। उसी तरह हम मसीहियों को भी अपने जीवन से ख्रीस्त का अनुसरण करने की जरुरत है।

# अधिकार के लिए चलाया गया डिजिटल ट्विटर महाअभियान

**रांची।** मूलवासी छात्र अपने हक-अधिकार की मांगों को लेकर सड़क से ऑनलाइन जगत में भी काफी प्रयासरत हैं। इसके तहत डिजिटल ट्विटर महाअभियान चलाया गया। अभियान राज्य का ऐतिहासिक डिजिटल ट्विटर महाअभियान रहा। यह अभियान पूरे इंडिया लेवल में नंबर वन स्थान के साथ खास ट्रेंडिंग में लगातार बना रहा। वर्तमान सरकार के इस फर्जी रिकॉर्डेड ऑडियो सर्वे को ओपन पब्लिक प्लेटफॉर्म में पदार्फाश एवं प्रतिकार किया गया। छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो एवं छात्र नेता मनोज यादव ने मीडिया वार्ता में जानकारी देते हुए कहा कि, राज्य के झारखंडी छात्रों के द्वारा अपने खतियान आधारित नियोजन नीति के मांग को ऑनलाइन जगत में रखते हुए अब तक कुल 3.40 लाख से भी अधिक ट्विट किया गया। जो कि राज्य के लिए ऐतिहासिक रहा।

# बहावलपुरी पंजाबी समाज ने निकाली होली की टोली, खूब उड़े अबीर-गुलाल



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** होली पर बहावलपुरी पंजाबी समाज बुधवार को गुरुद्वारा-मंदिर चौक से होली की टोली निकाली गयी। संस्था के अध्यक्ष ललित किंगर ने होली का गीत गाकर टोली की शुरुआत की और ढोल नगाड़े के साथ भांगड़ा एवं जगीरा सारा रारा करते हुए समाज के अन्य लोग इससे जुड़ते चले गये। टोली कृष्णा नगर कॉलोनी की गलियों का भ्रमण करते हुए उन लोगों के घरों में पहुंची जिनके परिवार में पिछले वर्ष किसी की शादी हुई है या जिनके घरवालों को नवजात शिशु की सौगात मिली है। उनके घर के द्वार पहुंचकर टोली के वेद प्रकाश मिढ़ा एवं मुकेश बजाज द्वारा होलियाना अंदाज में अलो बलो लोली लाल नु डेवां,लोली लाल नु डेवां निके बाल नु डेवां, तती तती रोटी डेवां उते डेवां घयौ, जीवे छुअर दा बाबला वेला डेसी प्यो......वेला गाकर बधाई दी गयी। परिवार वालों ने भी टोली का जमकर स्वागत किया।

समाज के सभी लोगों ने अपने अपने घरों के सामने टोली का स्वागत किया। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। लोगों का फल, मिठाई, शर्बत एवं पकवान पेशकर तहेदिल से स्वागत किया.टोली में रास्ते भर समाज के कवलजीत मिढ़ा,सुरजीत मुंजाल ने ढोल की थाप के संग होली के गीत गये। सचिव अश्विनी सुखीजा ने बुरा ना मानो होली है के अंदाज में संस्था के सदस्यों पर छोटी छोटी कविता के माध्यम से कटाक्ष कर खूब वाहवाही बटोरी।

# मसीहियों ने ख्रीस्त के क्रूस दुखभोग याद कर की प्रार्थना



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चालीसा के तहत जहां इन दिनों ख्रीस्त के विश्वास में बढ़ने वाले तमाम मसीही विश्वासियों को पश्चाताप के साथ उपवास, प्रार्थना व मनन चिंतन के साथ पास्का की आध्यात्मिक तैयारी का सिलसिला जारी है। वहीं दूसरी ओर मसीही विश्वासियों ने इस साल के चालीसा के तीसरे शुक्रवार को आज क्रूस रास्ता आराधना कर येसु के क्रूस दुःखभोग, क्रूस मृत्यु व पुनरुत्थान को स्मरण किया। येसु ख्रीस्त का वह क्रूस दुःखभोग इस संसार में रहने वाले हम मनुष्यो के पापों के लिए सहा। उन्होंने क्रूसदुःखभोग, प्रताड़ना और क्रूरता पूर्वक क्रूस पर ठोंके गए। क्रूस पर अपने लहू बहाकर उन्होंने समस्त जगत के मानव जाति को उनके पापों से उद्धार किया। ईश्वर पुत्र होने के बावजूद उन्होंने एक साधारण मनुष्य की तरह जीवन जीते हुए तथा कष्ट झेलते हुए काठ के उसी भारी भरकम उसी क्रूस पर उन तमाम लोगों को यह कहते हुए क्षमादान दिया कि हे पिता, इन्हें क्षमा कर क्योंकि ये नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं।

# कवियों ने राजनीति, सामाजिक बुराइयों पर किया जमकर कटाक्ष

## रंगों के पर्व होली के मौके पर रांची के मारवाड़ी भवन में हास्य कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रंगों के पर्व होली के अवसर पर कवि सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा मारवाड़ी भवन मे हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि महावीर प्रसाद सोमानी रहे। पुनीत पोद्दार ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। तत्प्रात समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन,मुख्य संयोजक ललित कुमार पोद्दार, सचिव पवन पोद्दार, पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, अंकेक्षक मनोज बजाज, किशोर मंत्री, अशोक नारसरिया, कमल जैन, अनिल अग्रवाल,अनुप अग्रवाल, राजेश भरतिया, प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कवि सम्मेलन मे पधारे ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कवि सुरेश अलबेला अरुण जैमिनी, विनीत चौहान, राव अजातशत्रु, केसर देव मारवाड़ी, एवं कवियत्री गौरी मिश्रा को होलीयाना अंदाज मे सब्जी की माला, पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं मोंमेटो देकर स्वागत किया।

समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन ने स्वागत संबोधन में समिति द्वारा विगत 8 वर्षों से कवि सम्मेलन के आयोजन की जानकारी दी। कवि राव अजातशत्रु ने हंसी के फव्वारे की बौछार करते तीखे वाण व्यंग का मधुर संगम पेश किया। हास्य रस के विख्यात कवि सुरेश अलबेला ने अपने व्यंग्यात्मक अंदाज से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। अपने अलबेले अंदाज में कहा कि ना मैं सपा का आदमी हूं ना मैं भाजपा का आदमी हूं मैं सिर्फ अपनी लुगाई का आदमी हूं। कांग्रेस की चुटकी लेते हुए कहा कि कांग्रेस को ना तो प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई न ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस अभी तो सिर्फ चाय वाला प्रधानमंत्री देखा है गाय वाला नहीं। यूपी का गाय वाला प्रधानमंत्री बन गया तो कांग्रेसियों को चाय वाले पीएम मोदी साक्षात भगवान नजर आएंगे।

हास्य कवि अरुण जेमिनी, विनीत चौहान एवं केसर देव मारवाड़ी ने अपने हास्य कविताओं से हंसाते-हंसाते लोटपोट कर दिया। उन्होंने वर्तमान राजनीति, देश की हालात, आतंकवाद ,सामाजिक बुराइयां पर भी जमकर कटाक्ष किया।कहा कि आजकल तनाव भरी जिंदगी में लोग हंसना भूल गए हैं इसलिए वह लोगों की उदासी दूर करने निकले हैं। श्रृंगार रस की कवित्री गौरी मिश्रा ने अपने कविता के जरिए से कहा कि बहेगी रूप की और रंग की रसदार होली में लेकिन मुझको है करना होगा कुछ नया इस बार होली में... महीनों से जो दिल में है जुबां पर आ नहीं पाया लगाकर रंग होगा प्यार का इजहार होली में... ना खुद परसों मेरे हमदम ना तरस आने की होली है यह सावन की फुहारों सी बरस जाने की होली है।` 3000 से अधिक लोगों ने इस कवि सम्मेलन का लुत्फ उठाया व देर रात तक हंसी के ठहाके लगते रहे। कार्यक्रम में महिलाएं भी अधिक संख्या में उपस्थित थीं। श्रोताओं के लिए जलपान एवं ठंडाई की विशेष काउंटर की व्यवस्था की गई थी। उपस्थित लोगो में सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, पूर्व सांसद महेश पोद्दार, ओम प्रकाश अग्रवाल, डॉ.ओमप्रकाश प्रणव, प्रदीप राजगढ़िया, कौशल राजगढ़िया, मनोज चौधरी, नंदकिशोर पाटोदिया, मुकेश काबरा, अजय डीडवानिया, प्रेम मित्तल, निर्मल बुधिया सहित बड़ी संख्या में शहर के गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### ग्रामीणों ने कराया घायल सियार का इलाज

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के बारेंदा बारेडीह के नहर किनारे एक सियार घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। ग्रामीणों ने घायल तड़पता सियार को देख मानवता का परिचय दिया और सियार का इलाज कराया। इलाज के बाद ठीक होने पर ग्रामीणों ने हाथी मित्र तापस कर्मकार को सूचना दिया। तापस कर्मकार ने अच्छी तरह से इलाज कराने के बाद सियार को जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। ग्रामीणों ने घटना के संबंध में बताया कि आसपास के जंगल में असामाजिक लोगों के द्वारा आग लगा दी गई है। आग लगने से जीव जंतु जंगल छोड़कर इधर .उधर भागने लगे है। इसी क्रम में सियार किसी वाहन की चपेट में आकर घायल हुआ था।

### अशोक नायक बने भाजपा मोर्चा के जिला संगठन मंत्री

**ठाकुरगांव।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनोज राम ने नामकोम प्रखंड के चटकपुर निवासी अशोक नायक को मोर्चा का जिला संगठन मंत्री बनाया है। विदित हो कि अशोक नायक सांसद प्रतिनिधि भी हैं। उनके मनोनयन पर राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहु, सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल, रामकुमार दुबे, प्रमोद कुमार सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है।

### सरना धर्म कोर्ड महारैली को लेकर जन संपर्क अभियान

**इटकी।** राष्ट्रीय आदिवासी समाज द्वारा अगामी 12 मार्च को मोरहाबादी मैदान रांची में आहुत सरना धर्म कोड महारैली को सफल बनाने को लेकर शुक्रवार को इटकी प्रखंड के विभिन्न गांवों में जन संपर्क अभियान चलाया गया। चचगुरा के ग्राम प्रधान सुखदेव उरांव की अगुवाई में चलाये गये इस अभियान में प्रखंड के चचगुरा, लुपूंगा, लवागांई, डोला, सुगदा, चिनारो पुरियो, कुर्गी सहित कई गांवों का दौरा कर सरना समुदाय के लोगों से संपर्क साधा गया। मौके पर उन्हें सरना धर्म कोड की महत्ता व अवश्यक्ताओं की जानकारी देते हुए सरना धर्म कोड महारैली में शामिल होने का अह्वान किया गया। जनसंपर्क अभियान में मुखिया रजनी उरांव, विनय उरांव, अनिता कुमारी, संध्या व मन्ना खेश सहित अन्य शामिल थे।

### सशक्तिकरण अभियान को लेकर कार्यशाला

**पिपरवार।** चतरा जिले में चलाए जा रहे सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम के प्रारंभ में सिमरिया विधानसभा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा एवं संचालन महामंत्री मिथिलेश गुप्ता ने किया कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह एवं जिला प्रभारी विपिन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे । कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विपिन सिंह ने कहा कि 2024 मिशन को देखते हुए हर मंडल के सभी शक्ति केंद्र में एक मंडल संयोजक सहसंयोजक एवं एक प्रभारी का चयन करना है । साथ ही बुथ कमेटी पन्ना प्रमुख एवं मंडल के कार्यकर्ता और शक्ति केंद्र के संयोजक आदि को मिलाकर ग्रामीण स्तर पर बुथ कमेटी की मजबूती पर बल दिया। मौके पर कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# औचक निरीक्षण : शत-प्रतिशत लाभुकों को समय पर मिले राशन

### खलारी में राशन दुकानों का निरीक्षण, दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निदेशानुसार शुक्रवार को जिला सहकारिता पदाधिकारी एजी कुजूर के द्वारा जन वितरण प्रणाली दुकानों की जांच की गयी। इस दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी ने प्रखंड के विश्रामपुर,तुमांग एवं बुकबुका पंचायत का भ्रमण कर ज्योति महिला समुह, विश्रामपुर, चंद्रिका प्रसाद पासवान, विश्रामपुर, तुमांग महिला समुह, तुमांग, बिरसा मुंडा महिला समुह, बुकबुका, शिवानी महिला समुह, बुकबुका के पीडीएस दुकान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। कहा कि ससमय शत-प्रतिशत लाभुको को राशन मुहैया करायें, अगर अनियमित्ता की शिकायत मिली तो कार्रवाई की जायेगी। मौके पर बीडीओ लेखराज नाग समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### इटकी के राशन दुकानों का औचक निरीक्षण

**इटकी।** उपायुक्त के निर्देश पर जिला योजना पदाधिकारी विनय कुमार ने शुक्रवार को प्रखंड के पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सेमरा के एनुल होदाए कुल्ली के इम्तियाज अहमद व मनजीत तिर्की के पीडीएस दुकान बंद पाई गई। दुकानदार को फोन कर बुलाया गया व भंडार व राशन उठाओ पंजी की जांच की गयी। अधिकांश दुकानदारों ने भंडार पंजी नहीं दिखा पाये। सूचना पट्ट में भी गड़बड़ पायी गयी। मौके पर बीडीओ गौतम प्रसाद साहू व प्रभारी बीएसओ हेमंत एक्का मौजूद थे।

### जिला कृषि पदाधिकारी ने किया राशन दुकानों का औचक निरीक्षण

**ठाकुरगांव।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर शुक्रवार को बुढ़मू प्रखंड के कई जनवितरण प्रणाली के दुकानों का निरीक्षण जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार ने किया। इस क्रम में डीएओ ने प्रखंड के खखरा, गुरुगाई, ठाकुरगांव, हेसलपीरी पंचायतों के विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया। मौके पर डीएओ ने दुकानों के विभिन्न कागजातों का जांच किया। साथ ही कार्डधारकों से खाद्यान्न वितरण की जानकारी लिया। इस मौके पर उन्होंने कई कार्ड धारियों से बात भी की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। कई कार्डधारकों ने कम राशन मिलने की शिकायत उनसे की। डीएओ ने कहा कि जांच प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय में जमा किया जायेगा।

### नगड़ी में चैंबर ऑफ फामर्स का गठन

**पिस्कानगड़ी।** जिला स्तरीय चेंबर ऑफ फामर्स का गठन शुक्रवार को जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्व समिति से चेंबर ऑफ फामर्स का गठन किया गया जिसमें निदेशक के पद पर नीतू देवी, अध्यक्ष जय कुमार कुशवाहा, सचिव पवन कुमार और कोषाध्यक्ष पद के लिए अंजली लकड़ा का चयन किया गया। मौके पर नीतू केसरी को चेंबर ऑफ फार्मर निदेशक के रूप में चयन किए जाने पर नगड़ी के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है मौके पर कई लोगों ने बधाई दी है। इनमें नगड़ी पंचायत के मुखिया जय गोपाल उरांव, लैम्पस नरेश पाहन, समाजसेवी तपेश्वर केसरी, प्रेमसागर केसरी, द्वारिका केसरी, विनोद केसरी, कंचन देवी, दया देवी, गणेश पाहन सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

### संत अन्ना इंटर कॉलेज में बाल संसद का गठन

**मांडर।** संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज, मांडर में शुक्रवार को बाल संसद का गठन किया गया। उषा खलखो प्रेसिडेंट, नमन आर्या सुराई वाइस प्रेसिडेंट सहित अन्य कई विद्यार्थियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। इस दौरान प्राचार्य निर्मला ज्योति कच्छप ने चयनित नवनियुक्त बाल सांसदों को पद और गरिमा कि शपथ दिलाते हूए कहा कि बाल सांसद शिक्षक और छात्रों को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आप सभी जितनी ईमानदारी और अनुशासीत तरीके से अपने भूमिकाओं को निभाएंगे हमें इस संस्थान को संचालित करने में उतनी ही आसानी होगी। आप सभी को नेतृत्व क्षमता को निखारने का उचित मंच मिला हैं इसका भरपूर लाभ उठाएं।

## ठाकुरगांव : ओलावृष्टि से 41 बकरियां मरीं, तीन लोग घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** शुक्रवार दोपहर में जोरदार ओलावृष्टि की चपेट में आने से 41 बकरियों की मौत हो गई। वहीं 3 लोग घायल हो गए। साथ ही फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। जानकारी के अनुसार खखरा निवासी बिंदु महतो, ललकु महतो, रोहिणी देवी और अन्य कई लोग गांव की बकरियों को चराने के लिए कोकड़े की ओर ले गए थे। अचानक दोपहर में बारिश के साथ बड़े.बड़े ओले पड़ने लगे। आसपास बचने की कोई जगह नहीं होने के कारण राम लखन महतो का तीन, राजेश महतो का सात, प्रकाश महतो का दो, देवेंद्र महतो का तीन, फुलेश्वर महतो का तीन, गंधारी महतो का चार, राजेश महतो का चार, नईम अंसारी का तीन, धनराज महतो का दो, बीरबल महतो का दो, जदू महतो का दो, पारसनाथ महतो का दो और दीपक महतो के दो बकरियों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बकरी चराने के लिए गए बिंदु महतो, ललकु महतो और रोहिणी देवी ओला की चपेट में आकर घायल हो गए। इन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स ले जाया गया। घटना की सूचना पाकर मुखिया दशरथ उरांव मौके पर पहुंचे और सभी को आश्वस्त किया कि प्राकृतिक आपदा विभाग से सभी को मुआवजा दिलाया जाएगा।

### खरकुटोली गांव में करंट से पांच बकरियां मरीं

ठाकुरगांव। बुढ़मू प्रखंड के हेसलपीरी खरकुटोली गांव में शुक्रवार को 11 हजार वोल्ट बिजली तार की चपेट में आकर पांच बकरियां मर गईं। जानकारी के अनुसार गांव में गुजर रहे 11 हजार वोल्ट का तार टूट के जमीन में गिरा हुआ था। इसी बीच ललजू महतो की बकरियां चर रही थी। बकरियां चरते हुए बिजली तार की चपेट में आ गई जिससे पांच बकरियां मर गई। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया कुशेन्द्र पाहनएपंसस गौरव कुमार ने पीड़ित किसान से मिलकर हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। दूसरी ओर कनीय अभियंता की ओर से 5 हजार रुपया दिया गया।



### सिल्ली में लगा विधिक जागरूकता शिविर

**सिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सिल्ली के प्रखण्ड सभागार में डालसा की ओर से विधिक जागरूकता शिविर का आयेजन किया गया। बीडीओ पावन आशीष लकडा, डालसा के सदस्य राजेश कुमार सिंहा एवं तारा मिंज ने महिलाओं को उनके अधिकार व कर्तव्यों की जानकारी दी। महिला अधिकारों के संरक्षण के लिये बनाये गए कानून की भी जानकारी दी। दहेज अधिनियम घरेलू हिंसा, डायन प्रथा को रोकने पर चर्चा की। मौके पर बेहतर प्रदर्शन करने वाली 25 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीडीओ पावन आशीष लकड़ा ने उन्हें सम्मानित किया।

### एक नजर में

### जमीयत-उल-मोमिनीन इटकी शाखा कार्यालय का उद्घाटन



**इटकी।** जमीयत-उल-मोमिनीन इटकी शाखा के कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को समाज सेवी मंसूर अंसारी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की शुरूआत कारी अमीनुद्दीन द्वारा तिलावते कलाम पाक से हुई। मौके पर देश की एकता अखंडताए आपसी भाईचारेए खुशहाली व तरक्की की सामूहिक दुआ कराई। कार्यक्रम में जमीयतुल मोमिनीन के सदर तस्लीम अंसारी, सेक्रेटरी रकीब अंसारी, नायब सदर अफरोज अंसारी, नायब सेक्रेटरी सज्जाद अंसारी, इकबाल अंसारी, कलीम अंसारी, मौलाना अंसार, ऐनुल अंसारी, मो सलीमुद्दीन, मास्टर अलीहसन, जावेद अंसारी व अरशद मौजूद थे।

### रातू : गुड़ू में कल होगा डोल महोत्सव का आयोजन

**रातू।** प्रखंड के गुड़ू में 12 मार्च की रात परंपरागत पंचम डोल महोत्सव लगेगा। प्रत्येक साल श्री बंशीधर महाप्रभु मेला समिति की ओर से होली के पांचवें दिन इसका आयोजन किया जाता है। जोरशोर से इसकी तैयारी की जा रही है। डोलोत्सव को लेकर क्षेत्र के लोगों में विशेष उत्साह है। यहां अष्टधातु से बने राधा व भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति को सुसज्जित झूले में झुलाने की परंपरा है। देवताओं को गाजे .बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया जायेगा। जानकारी के मुताबिकए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे। दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति होगी। मेले में समिति के स्वयंसेवक तैनात रहेंगे।

### बिरसा मुंडा प्रतिमा निर्माण का निकला टेंडर

**ओरमांझी।** बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी में जल्द ही भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा लगेगी। प्रतिमा निर्माण के लिए जैविक उद्यान निदेषक द्वारा टेंडर भी निकाला गया है। इसकी जानकरी होते ही भगवान बिरसा मुंडा स्मारक समिति चकला ओरमांझी रांची के प्रतिनिधिमंडल द्वारा विभाग के प्रति अभार व हर्ष जताया गया है। स्मारक समिति के अध्यक्ष बीना मुंडा व संरक्षक जमाल मुंडा के नेतृत्व में समिति द्वारा लगातार प्रयास व सरकार से मांग की जा रही थी। बीना मुंडा ने कहा भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान ओरमांझी में विशाल आदम कद प्रतिमा लगने से उद्यान आने वाले सैनानी भगवान बिरसा मुंडा की गौरव गाथा को भी जान सकेंगे।

### अनगड़ा : महिलाओं को किया गया सम्मानित

**अनगड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रखंड मुख्यालय में समारोह आयोजित कर महिला मुखिया महिला मेट लाभुक मजदूर तथा महिला रोजगार सेवकों को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। समारोह में मनरेगा योजना अर्न्तगत इस माह महिला मजदूर के लिए अधिक से अधिक कार्य आवंटन कर मानव दिवस सृजित करने का आहवान किया सम्मान समारोह में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उत्तम प्रसाद प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मौजूद थे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट कार्य के लिए मेट, बागवानी सखी, महिला लाभुक तथा जेएसएलपीएस में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं और कई अन्य महिलाओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिप सदस्य भवानी मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो, प्रखंड प्रमुख, प्रखंड उप प्रमुख द्वारा संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित कार्यक्रम में कार्यक्रम मे प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रेखा भगत, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस रामकृष्ण महतो, अभियंता, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित हुए।




### बागवानी लाभुकों को किया गया सम्मानित

**रातू।** प्रखंड के विभिन्न भागों में शुक्रवार को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की धूम रही। चारों ओर चहल.पहल रहा। मुख्य कार्यक्रम मुख्यालय सभागार में आयोजित किया गया। प्रमुख संगीता तिर्की खास मेहमान थीं। उन्होंने पुरियो की मुखिया ज्योति भगत, मनरेगा के बागवानी लाभुक, पंचायत की दीदी व मेठ को उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## कौशल प्रशिक्षण से प्रशस्त हो रहा स्वरोजगार : सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में चल रहा इंडो डेनिश टूल रूम जमशेदपुर के द्वारा निशुल्क बिल्डिंग प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षु के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इंडो डेनिश टूल रूम के द्वारा बेरोजगार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार की राह दिखाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षत कर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इंडो डेनिश टूल रूम के वरीय प्रबंधक आशुतोष कुमार ने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। ताकि युवा प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद स्वयं स्वोजगार से जुड़ें और अन्य लोगों के लिए भी रोजगार उत्पन्न करने में सक्षम हो सकें। बहुत जल्द अगला बैच कंप्यूटर का प्रारंभ किया जाएगा। पहला बैच में ईएसडीपी वेल्डिंग प्रशिक्षण में 35 प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस मौके पर प्रबंधक रतन दास गुप्ता, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चैधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, मुखिया शर्मिला कुमारी, प्रशिक्षक पंकज कुमार, नितीश कुमार महतो, आदि उपस्थित थे।



### ग्राम पंचायत के विकास में महिला मेटों की भूमिका अहम : विनय गुप्ता

**खलारी।** अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को राजीव गांधी केन्द्र खलारी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनरेगा महिला मेट को मनरेगा के विषय मे विस्तृत जानकारी दी गयी। उक्त आयोजन में कुछ महिला मेट को मनरेगा में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया व बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुये प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता ने कहा कि ग्राम पंचायत के विकास व मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में महिला मेटों की की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है।

### दुलमी गांव में तालाब निर्माण कार्य का शिलान्यास

**राहे।** प्रखंड के लोवाहातू पंचायत अंतर्गत दुलमी गांव में विधायक सुदेश महतो ने भूमि संरक्षण विभाग से 14 लाख 50 हजार की लागत से तालाब निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। इस अवसर पर आयोजित सभा में इन्होंने कहा कि हर गांव में अपना जलाशय के लक्ष्य को लेकर तालाब निर्माण किया जा रहा है।

## जाबाबेड़ा सड़क निर्माण के लिए ग्रामीण करेंगे आंदोलन

**ओरमांझी।** प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव जावाबेड़ा पथ का हालत बेहाल है। क्षेत्र के लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। गांव के लोगों की समस्या को जानने शुक्रवार को आजसू जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा जावाबेडा पहुंचा। गांव के मुनेश्वर बेदिया, विकास बेदिया, रमेष गंझु, सकराम बेदिया, रामसाय बेदिया, प्रकाष्श बेदिया व सुनिता देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया मदरो चौक से जैसे ही जबाबेड़ा की ओर जाते हैं। पथ के नुकिले पत्थर गांव की बदहाली खुद बयान करती है। ग्रामीणों ने बताया रात में नुकिले पत्थर की चपेट में आकर गांव वाले गिर कर घायल हो रहे हैं। प्रकाष लकड़ा के अनुसार मुख्याल से दूर होने के कारण कभी भी सरकारी पदाधकरी व ग्रामीण जावाबेड़ा गांव नही जाते। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि चुनाव के दौरान वोट मांगने पहुंचते हैं। फिर कभी गांव वालों का हाल जानने नही पहुंचते। ग्रामीणा द्वारा स्थानीय सांसद व विधायक से भी सड़क निर्माण करने की मांग की जा चूका है। वहीं प्रकाश लकड़ा ने जावाबेड़ा की समस्या को दूर करने के लिए स्थानीय सांसद विधायक व सरकार से जावाबेड़ा पथ निर्माण करने की मांग की और कहा कि ऐसा नहीं हुआ तो आजसू पार्टी प्रखंड की घेराबंदी करेगी।


**पटना उच्च न्यायालय**
**(नागरिक अपीलीय क्षेत्राधिकार)**

सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 5 नियम 20 के तहत सूचना।

प्रथम अपील संख्या 272/ 1977 अतिरिक्त उप न्यायाधीश नौ (Additional sub judge ix ) पटना (बिहार) के न्यायालय के शीर्षक वाद (Titel suit) संख्या 123/44 के 1968 /1975 से उत्पन्न।

श्री उमाशंकर चोपड़ा अपीलार्थी
बनाम
राम बचन मिश्रा और अन्य उत्तरदाता।

प्रतिवादी संख्या I (i) : श्री सुरेश मिश्रा, पुत्र स्वर्गीय राम बचन मिश्रा
प्रतिवादी संख्या I (ii): श्री शरद मिश्रा, पुत्र स्वर्गीय राम बचन मिश्रा
दोनों निवासी ग्राम धनंजयपुर, थाना-सिमरी, जिला-बक्सर।

जबकि उपरोक्त प्रथम अपील में, उपरोक्त प्रतिवादियों को साधारण और स्पीड पोस्ट के तहत अपील नोटिस तालीम नहीं किया जा सका। अतः इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस प्रथम अपील की सुनवाई के लिए 20/03/2023 निर्धारित किया गया है। यदि प्रतिवादी उक्त तिथि को या उससे पहले स्वयं किसी अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं होते हैं, तो उपरोक्त अपील पर सुनवाई की जाएगी उनकी अनुपस्थिति में पूर्व पक्षकार द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर दिनांक 04 /03/ 2023 के तहत जारी किया गया।

उपरजिस्टर
पटना उच्च न्यायालय



**समाहरणालय, गढ़वा (जिला आपूर्ति शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित सभी लाभुकों एवं जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं, जिला–गढ़वा को सूचित किया जाता है कि NFSA के तहत् माह जनवरी 2023 का प्राप्त खाद्यान्न का वितरण हेतु दिनांक 15.03.2023 तक अवधि विस्तारित है तथा माह फरवरी 2023 का NFSA के तहत् प्राप्त खाद्यान्न को दिनांक 20.03.2023 तक अनिवार्य रूप से शत्–प्रतिशत् वितरण किया जाना है। सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, गढ़वा जिला अपने–अपने प्रखण्डों में संचालित जन वितरण प्रणाली दुकानों के विक्रेताओं को इस निमित्त निदेशित करेंगे एवं अपने–अपने पर्यवेक्षण में लाभुकों के बीच ससमय खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करायेंगे। सभी लाभुक अपने–अपने जन वितरण प्रणाली दुकानों से उक्त निर्धारित तिथि तक आवश्यक रूप से खाद्यान्न प्राप्त कर लेंगे। इसमें यदि किसी भी जन वितरण प्रणाली विक्रेता द्वारा लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित विक्रेता के विरूद्ध झारखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश में वर्णित सुसंगत प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई की जायेगी।

PR.NO.292240 Food Public Distribution and Consumer Affairs(22-23):D जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गढ़वा।


# मंदिर की वर्षगांठ पर महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

### काठीटांड़ में चिंताहरण गणेश शिव मंदिर का 16वां स्थापना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के काठीटांड़ स्थित चिंताहरण गणेश शिव मंदिर का दो दिनी 16वां वार्षिकोत्सव धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसके पहले दिन शुक्रवार को 551 महिला और युवतियों ने गाजे.बाजे के साथ कलशयात्रा निकाली। सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत और आजसू नेता भरत कांसी बतौर अतिथि थे। छोटानागपुर फन कैशल पार्क के समीप महाराजा तालाब में पुजारी अनिल पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जलाभिषेक कराया। इसके उपरांत देवी मंडप, संडे मार्केट व ब्लॉक चौक होते हुये महिलाएं मंदिर परिसर पहुंची। कलश स्थापना के बाद 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू हो गया। महेंद्र साहू सपत्निक यजमान हैं। शनिवार को वेदिपूजनए रुद्राभिषेकए पूणाहुतिए हवन और आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इसमें कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव खास मेहमान होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया सुषमा तिर्की, किशोर साहू, प्रदीप प्रकाश, ईश्वर साहु, कृष्णा उरांव, परमेश्वर गोप, मनोज गुप्ता, सुबोध साहु, हजारी प्रसाद, जगदीश साहु, बाबू साहु, टिपेंद्र साहु, मोहन साहु, सत्यनारायण साहु, अमर गुप्ता, अतुल राज, सुरेंद्र ओहदार, शैलेंद्र कुमार, अशोक प्रियदर्शी, मिथलेश दुबे, राजमन साहू, कृष्णा साहू, आलोक उरांव, संजय साहू, विकास साहू, विशाल साहू, योगेंद्र साहू व रामप्रसाद साहू आदि शामिल हैं।



### अखंड हरिनाम कीर्तन को लेकर कलश यात्रा

**सोनाहातू।** प्रखंड के तेतला गांव में शुक्रवार को राढू नदी से मुख्य हरि मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकली गयी। तेतला गांव के नया हरि कुंज परिसर में 12 मार्च से 20 मार्च तक नो हरि मन्दिर में एक साथ नो कीर्तन मंडली के द्वारा अखंड हरिनाम कीर्तन किया जायेगा। शुक्रवार को विधिवत कलश यात्रा, गौ पूजन, प्राण प्रतिष्ठा एवं भोग वितरण किया गया। स्वामी दिव्य जी ने सभी अनुष्ठान को संपन्न कराये। कलश यात्रा में योग ऋषि स्वामी रामदेव जी के शिष्य पूज्य स्वामी दिव्य जी, तपन बाबा, रांची जिला ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, समाजसेवी रणधीर कुमार चौधरी, समाज सेवी कैलाश महतो, दिलेश्वर कोइरी, राजेंद्र महतो, दिलीप कोईरी, कैलाश महतो, अध्यक्ष प्रवीण कुमार, सचिव मिथिलेश कुमार, कोषाध्यक्ष भोलानाथ दास गोस्वामी, संरक्षक करम कोईरी, नरेश कुमार, हरिचरण कोईरी, दामोदर कुमार, रविन्द्र पांडे, दलगोविंद दास गोस्वामी, मदन महतो, जगदीश महतो आदि मौजूद थे।


**ऊर्जा विभाग**
**झारखण्ड सरकार**
**विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-2, धुर्वा, रॉंची**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/106/2022-23 दिनांक– 10/03/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा रॉंची स्थित विभिन्न भवनो, एफ0एफ0पी0 भवन, एम0डी0आई0 भवन, राजस्व पर्षद कार्यालय में अधिष्ठापित वाताकुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 27,94,975=00 | 5,000=00 | 56,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.03.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 16.03.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 21.03.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 22.03.2023 को 3.30 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 292200 Energy(22-23).D

खबर मन्त्र
रांची.शनिवार .11 मार्च 2023



# सुधार की बात


देश में कृषि, भारत का किसान, अब और पिछड़ेपन में नहीं रह सकता। दुनिया के बड़े-बड़े देशों के किसानों को जो आधुनिक सुविधा उपलब्ध है, वो सुविधा भारत के भी किसानों को मिले, इसमें अब और देर नहीं की जा सकती। तेजी से बदलते हुए वैश्विक परिदृष्य में भारत का किसान, सुविधाओं के अभाव में, आधुनिक तौर तरीकों के अभाव में असहाय होता जाए, ये स्थिति स्वीकार नहीं की जा सकती।

ये कृषि सुधार कानून रातों-रात नहीं आए। पिछले 20-22 साल से हर सरकार ने इस पर व्यापक चर्चा की है। कम-अधिक सभी संगठनों ने इन पर विमर्श किया है। देश के किसान, किसानों के संगठन, कृषि एक्सपर्ट, कृषि अर्थशास्त्री, कृषि वैज्ञानिक, हमारे यहां के प्रोग्रेसिव किसान भी लगातार कृषि क्षेत्र में सुधार की मांग करते आए हैं। सिर्फ इन मांगों को टालते रहे और देश का किसान, इंतजार ही करता रहा। फाइलों के ढेर में फेंक दी गई स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट बाहर निकाली और उसकी सिफारिशें लागू की गयी। इन लोगों ने ये सुनिश्चित किया कि इनकी सरकार को किसान पर ज्यादा खर्च न करना पड़े। इनके लिए किसान देश की शान नहीं, इन्होंने अपनी राजनीति बढ़ाने के लिए किसान का इस्तेमाल किया है। पीएम मोदी ने कई बिंदुओं पर विस्तार से बताया। इसका बहुत बड़ा सबूत है स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट। स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों को आठ साल तक दबाकर बैठे रहे। हर चुनाव से पहले ये लोग कर्जमाफी की बात करते हैं और कर्जमाफी कितनी होती है? सारे किसान इससे कवर हो जाते है क्या? जो छोटा किसान बैंक नहीं गया, जिसने कर्ज नहीं लिया, उसके बारे में क्या कभी एक बार भी सोचा है इन लोगों ने। जितने पैसे ये भेजने की बात करते रहे हैं, उतने पैसे किसानों तक कभी पहुंचते ही नहीं हैं।

# हिंदी का गौरव

अमेरिका में साहित्य का ऑस्कर माने जाने वाले पेन/नेबाकोव अवार्ड से हिंदी के अप्रतिम कवि-लेखक विनोद कुमार शुक्ल को सम्मानित किया जा रहा है। यह हिंदी साहित्य जगत के लिए बेहद गौरवान्वित करने वाला अवसर है। पिछले साल गीतांजलि श्री के उपन्यास रेत समाधि को बुकर पुरस्कार मिलने के बाद अब फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और बड़े सम्मान से हिंदी साहित्यकार को नवाजा जा रहा है। पेन/नेबाकोव पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय साहित्य में पहचान बनाने वाले उन साहित्यकारों को दिया जाता है, जो अपनी परंपराओं, आधुनिकता, वर्तमान और इतिहास को नयी अंतरदृष्टि से देखते हैं। इस लिहाज से विनोदजी वाकई एक सफल लेखक हैं। विनोद जी का सारा साहित्य यानी उनकी कविताएं और उपन्यास, कहानियां सब आम आदमी के धूसर, रंग-गंध रहित जीवन को धूप-छांव की तरह पेश करती हैं। भारतीय मध्यवर्ग के मनुष्य का महाकाव्य उनके गद्य और पद्य दोनों में नजर आता है। प्रेमचंद, मुक्तिबोध, परसाई जी की तरह ही विनोद कुमार शुक्ल के लेखन में भारतीय मध्य वर्ग की विडंबनाओं और जटिलताओं का सरल भाषा में सहज वर्णन है। यह सहजता सीधे जीवन अनुभव से आती है। इस महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सम्मान के लिए उनका चयन करते हुए ज्यूरी ने भी लिखा है कि विनोद कुमार शुक्ल का गद्य और कविता एक सटीक और दुर्लभ अवलोकन है। उनकी कविताओं का स्वर गहरी मेधा से परिपूर्ण और स्वप्निल आश्चर्यों से भरा हुआ है। भारत के लिए यह खुशी का पल है, क्योंकि विनोद जी पहले भारतीय एशियाई मूल के लेखक हैं, जिन्हें इस सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया जा रहा है। और छत्तीसगढ़ इसलिए गौरवान्वित है क्योंकि यही धरती विनोद जी का जीवन और रचना संसार रही है। लोकल और ग्लोबल होने की उनकी यात्रा को नमन।

# स्वास्थ्यवर्द्धक माने जाने वाले शहद में मिलावट

-सुनीता नारायण

> पहली मिलावट में पौधों (मक्का और गन्ना) से हासिल होने वाले शुगर सीरप का इस्तेमाल किया गया जो सी 4 फोटोसिंथेसिस का इस्तेमाल करता था। जब यह पकड़ में आने लगा तो सी 3 पौधों यानी चावल तथा चुकंदर से हासिल नए तरह की मिठास का इस्तेमाल शुरू किया गया। परंतु विज्ञान की मदद से शहद में इसकी मिलावट भी पकड़ में आ गई।

**हम** जिस शहद को गुणवत्तापूर्ण समझकर उसका सेवन करते हैं उसमें चीनी मिली हुई है। इस मिलावट का पता इसलिए नहीं लग पाता क्योंकि चीन की कंपनियों ने ऐसा शुगर सीरप बनाया है जो भारतीय प्रयोगशालाओं में शहद की शुद्धता की जांच में खरा उतरता है। कोविड-19 महामारी के कारण हम सब की सेहत पहले ही खतरे में है। इस बीच शहद की खपत भी बढ़ी है क्योंकि यह रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और इसे अपने ऐंटीऑक्सीडेंट और ऐंटी-माइक्रोबॉयल गुणों के लिए भी जाना जाता है। परंतु हम शहद के स्थान पर चीनी का सेवन कर रहे हैं जो हमारे खिलाफ जाएगा क्योंकि चीनी वजन बढ़ाती है। इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि औसत से अधिक वजन वाले लोगों में कोविड-19 से जुड़ी दिक्कतों का खतरा अधिक है।

इसका अर्थ यह भी है कि मधुमक्खीपालन करने वालों को आय का नुकसान हो रहा है। यदि वे कारोबार से बाहर हो जाते हैं तो मधुमक्खियां भी नदारद हो जाएंगी और साथ ही उनकी परागण सेवा भी। यदि मधुमक्खियां एक पौधे से दूसरे पौधे तक पराग ले जाना बंद कर देंगी तो खाद्य उत्पादकता में कमी आएगी। यह मिलावट आपराधिक है।

मैं अनुमान लगा सकती हूं कि इस खुलासे पर उद्योग जगत की प्रतिक्रिया क्या होगी। वे कहेंगे कि उनके द्वारा तय मानकों का पालन किया जा रहा है। दलील आएगी कि कई बड़े ब्रांड प्रयोगशाला परीक्षण में पास हुए हैं तो उन्हें मिलावटी कैसे कहा जाएगा। परंतु हम कह सकते हैं और इसलिए कह सकते हैं क्योंकि इसके लिए व्यापक जांच हुई। इससे यही पता चलता है कि खाद्य बाजार अब आसान नहीं रहा।

हर मोड़ पर मेरे सहयोगियों को लगा कि अब आगे कुछ नहीं हो पाएगा। जब हमने सुना कि मधुमक्खीपालक रोजगार गंवा रहे हैं तो सबको पता था कि ऐसा क्यों हो रहा है लेकिन कोई कहना नहीं चाह रहा था। कोई भी चीन की कंपनियों और शुगर सीरप का नाम नहीं लेना चाह रहा था। लेकिन इन कंपनियों या इस रहस्यमय सीरप की मिलावट का कोई सबूत नहीं था।

मई में भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने शुगर सीरप के आयातकों को निर्देश जारी किए और कहा कि ऐसे प्रमाण मिले हैं कि शहद में ऐसे सीरप की मिलावट की जा रही है। उसने खाद्य आयुक्तों से कहा कि वे निगरानी बढ़ाएं। एफएसएसएआई ने जिन शुगर सीरप का जिक्र किया था उनका उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय के आयात-निर्यात आंकड़ों में कोई उल्लेख नहीं मिलता।

परंतु इस बारे में आवाज उठाई जाती रही। फरवरी में सरकार ने आयातित शहद के लिए अतिरिक्त प्रयोगशाला जांच अनिवार्य कर दी। इस जांच का नाम है- न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस स्पेक्ट्रोस्कोपी (एनएमआरएस)। हम जानते थे कि इस जांच का इस्तेमाल उस समय किया जाता है जब शहद में शुगर सीरप मिलाए जाने की आशंका हो। ऐसा इसलिए कि यह आसानी से पकड़ में नहीं आ सकता।

यह हमारी सेहत से जुड़ा मामला है। हम इसे ऐसे ही जाने नहीं दे सकते। हमारी कोशिश तब कामयाब हुई जब हमें ऐसी चीनी कंपनियों की वेबसाइट मिलीं जो खुले आम ऐसा सीरप बेच रही थीं जो जांच को धता बता सकती थीं। तब हमें समझ में आया गया कि यह एक धंधा बन चुका है। पहली मिलावट में पौधों (मक्का और गन्ना) से हासिल होने वाले शुगर सीरप का इस्तेमाल किया गया जो सी 4 फोटोसिंथेसिस का इस्तेमाल करता था। जब यह पकड़ में आने लगा तो सी 3 पौधों यानी चावल तथा चुकंदर से हासिल नए तरह की मिठास का इस्तेमाल शुरू किया गया। परंतु विज्ञान की मदद से शहद में इसकी मिलावट भी पकड़ में आ गई। अब ऑनलाइन चीनी पोर्टल पर कंपनियों का दावा है कि उन्होंने ऐसे तरीके तलाश लिए हैं जो सी 3 और सी 4 शुगर टेस्ट को पास कर सकते हैं। ये वही कंपनियां थीं जो भारत में फ्रक्टोस सीरप निर्यात करतीं। लेकिन हम भारत में उनके अंतिम उपभोक्ता का पता नहीं लगा पाए। ये सीरप कई तरह के औद्योगिक इस्तेमाल के लिए आयात किए जाते हैं। यानी सरसरी तौर पर यह वैध कारोबार था। जब हमने इस सीरप का एक नमूना खरीदा तो देखा कि चीनी कंपनियां इसे बेचने के लिए बहुत उत्सुक हैं। उन्हे पता था कि भारतीय तंत्र, खासकर सीमाशुल्क विभाग कैसे काम करता है। एक कंपनी ने हमें नमूना पेंट पिगमेंट के नाम पर भेजा।

हमने गत वर्ष ध्यान दिया था कि फ्रक्टोस सीरप का आयात कम हो रहा है। सूत्रों ने बताया कि भारतीयों ने चीन से उक्त तकनीक खरीद ली है। हमने पता लगाया कि और पता चला कि बाजार में यह 'ऑल पास सीरप' के नाम से उपलब्ध है यानी ऐसा सीरप जो हर जांच में सफल साबित हो। हमने इसे प्रयोगशाला में जांचा और यह वाकई पास हो गया। अब यह घातक धंधा हमारे सामने खुल चुका था। हमने जिन 13 प्रसिद्ध ब्रांड की एनएमआरएस तकनीक से जांच की उनमें से अधिकांश विफल रहे। जबकि ये शहद ब्रांड 2020 में शुरू एफएसएसएआई के नए मानकों में पास हो गए थे। हमने जिस जर्मन प्रयोगशाला में नमूनों की जांच कराई, उसने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इन नमूनों में शुगर सीरप मिला हुआ है।

शहद में मिलावट की हमारी रिपोर्ट सामने आने के बाद उद्योग जगत की ओर से हमें किताबी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। इनमें वही बातें कही जा रही हैं जो दुनिया भर के बिजनेस स्कूल में पढ़ाई जाती हैं। शब्दाडंबर रचकर उपभोक्ताओं को भ्रमित करना और अपने उत्पादों को साफ और सुरक्षित बताने का प्रयास करना। परंतु उपभोक्ता भी जागरूक हैं। शहद अन्य उत्पादों की तरह नहीं है। इसे अनुपूरक पोषक आहार के रूप में लिया जाता है। इसमें औषधीय गुण होते हैं और इसलिए चीनी मिलाने का अर्थ है स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाना। हमें पता है कि उद्योग जगत ताकतवर है लेकिन हम यह भी मानते हैं हमारा स्वास्थ्य और मधुमक्खियों का अस्तित्व दांव पर लगा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## खास बात

### शिव का रंग

आत्माराम

**श्मशान** जीवन के अंतिम पड़ाव की विश्रामस्थली है। यही वह स्थान है जहां मृत्यु के पश्चात शरीर स्थायी रूप से पंचतत्व में विलीन हो जाता है। रंगों की वीतरागता इस श्मशान भूमि पर किसी को भी आल्हादित नहीं करती।अजीब संयोग की बात है कि देह त्यागने के पश्चात अर्थी को जहां गुलाल-अबीर डालकर सजाया जाता है, वहां रंगों के आभास के साथ ही मृतक के सगे-संबंधियों को मृतक से सदा के लिए बिछोह पर अपूरणीय कष्टभाव को सहना नियति का बदरंग स्वरूप माना गया है।

मृत्यु के आगमन पर देह के साथ रंगों से लगाव किसी को गले नहीं उतरेगा किंतु यह यथार्थ सत्य है कि जन्म से मृत्यु तक के सफर में सप्तरंगी रंगों की छटा बिखरी हुई है। ऐसे ही यदि महाकाल के प्रतिनिधि महादेव शिव श्मशान भूमि पर मुर्दे की भस्म लपेटे काले सर्पों की माला पहने बिच्छुओं का जनेऊ धारण कर विचित्र स्वरूप लिए भय की उत्पत्ति के साथ तांडवकर्ता शिव अपनी प्रकृति के विपरीत होली के रंगों की उमंग में जीवन के सारतत्व का संदेश दें तो यह अद्वितीय ही माना जाएगा।

बृजवासी ग्वाल बाल, प्रेम में पगे श्रीराधा-कृष्ण व गोपियों के बीच होली और रंगों से सराबोर जीवनशैली से वाकिफ लोगों को जगत-जननी मां पार्वती और मृत्यु के कारक शिवजी के जीवन में रंगों के महत्व को भी जानना चाहिए। एक ओर मानव हृदयाकाश विषैली विकारमयी बदलियों से ढंका राग-द्वेष से अपनी स्वच्छंदता की शाश्वत तस्वीर भूलकर अपने व्यक्तित्व की बहुआयामी दिशाओं में खुद को बंद कर बैठा है वहीं दूसरी ओर मन की धरती पर प्रतिशोध की नागफनियों से पट गया है इसलिए रंगों के स्वरूपों की मौलिकता उसके जीवन में स्वर्णमृग की तृष्णा बनकर रह गई है। होली शाश्वत काल से बुराइयों को दग्ध कर अच्छाइयों को ग्रहण करने का संदेश देती आ रही है उनका स्थान प्रेम, भाईचारा और सद्भाव की मधुरिमा ले सके। यह गमों को भुलाकर हंसी-खुशी मस्ती में खो जाने का वक्त होता है जिसकी सुगंध को साहित्यकारों-धर्मज्ञों ने पुराणों में अभिव्यक्त कर चिरस्थायी बना दिया है। धतूरे की तरंग से कई गुनी ज्यादा है।

# हरि बसे निरंतरि

## विचार-प्रवाह

मोहन मैत्रेय

**काहे** रे बन खोजन जाई।। सरब निवासी सदा अलेपा तोही संगि समाई।।

पुहप मधि जिउ बासु बसतु है मुकर माहि जैसे छाई।।

तैसे ही हरि बसे निरंतरि घट ही खोजहु भाई।। बाहरि भीतरि एको जानहु इहु गुर गिआनु बताई।।

अर्थात, हे भाई! (परमात्मा को) ढूंढने के लिए जंगलों में क्यों जाता है? परमात्मा सबमें बसने वाला है, (फिर भी) सदा (माया के प्रभाव से) निर्लिप्त रहता है। वह परमात्मा तेरे साथ बसता है। जैसे फूल में सुगंध बसती है, जैसे शीशे में अक्स बसता है, वैसे ही परमात्मा एक-रस सबके अंदर बसता है। उसे अपने हृदय में ही तलाश। गुरु का (आत्मिक जीवन का) उपदेश ये बताता है कि (अपने शरीर के) अंदर और बाहर (हर जगह) एक परमात्मा को (बसता) समझो।

दिल्ली स्थित गुरुद्वारा रकाबगंज श्री तेग बहादुर जी के पिता श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने गुरु गद्दी श्री हर राय जी को सौंपी थी और तेग बहादुर जी को बाबा बकाला जाकर रहने को कहा था। गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने उन्हें जाते वक्त एक पोथी सौंपी और कहा कि कुछ समय बाद गुरु गद्दी तुम्हारे पास आएगी। तेग बहादुर जी अपनी माता और पत्नी के साथ बाबा बकाला गये और वहां 26 साल 9 माह 13 दिन भक्ति व ध्यान-साधना की।

इसके बाद आठवें गुरु श्री हरकृष्ण जी के संकेत के आधार पर श्री तेग बहादुर जी को गुरु गद्दी मिली। धीरमल ने इसका घोर विरोध किया और हिंसा का सहारा भी लिया। इसके बावजूद गुरु तेग बहादुर जी ने संगत से उसे क्षमा करने को कहा।

**बढ़ती** चिकित्सा सुविधा में सस्ती जेनेरिक दवाईयों की महत्वपूर्ण भूमिको मनमाने एमआरपी छापने और दाम लेने को नियंत्रण में करने हेतु राज्य स्तर पर व्यवस्था है

ये कितने प्रभावी होते हैं,ये राज्य सरकार की क्षमता पर निर्भर हैं।

\- महेश पोद्दार, सांसद

## आपके ट्वीट

ऐतिहासिक बजट जनता को समर्पित किया गया। सभी वर्गों के विकास और उत्थान को केंद्र में रखने वाला यह 'हमीन कर बजट' राज्य के सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। आप सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। – हेमंत सोरेन, सीएम




निर्माण के कांग्रेस का सत्याग्रह,
भाजपा के सत्ताग्रह से जीतेगा।
वो सत्ता के लिए कुछ भी करेंगे, हम सत्य के सहारे लड़ेंगे, और जीतेंगे।

– राहुल गांधी, सांसद

# स्वामी दयानंद के सत्यार्थ प्रकाश के रचना स्थल का महत्व

कौशल मूंदड़ा

**किसी** भी जानकारी का प्रस्तुतीकरण आकर्षक हो तो उस जानकारी को गहराई तक समझना आसान हो जाता है। वह जानकारी चाहे किसी उत्पाद की हो, किसी व्यक्तित्व की हो, किसी ग्रंथ की हो या किसी परम्परा या संस्कार की। इसी बात को प्रयोग रूप में करने का प्रयास किया है उदयपुर के सत्यार्थ प्रकाश न्यास ने। ऐतिहासिक स्थल नवलखा महल जहां महर्षि दयानंद सरस्वती ने वेदों के सार स्वरूप माने जाने वाले कालजयी "सत्यार्थ प्रकाश" ग्रंथ की रचना की, उसे अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए ऐसा नया स्वरूप दिया गया है जहां वेद ज्ञान में समाहित जीवन दर्शन की अवधारणा को झांकियों, चित्रों, वीडियो आदि के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उदयपुर शहर के बीचों बीच हरियाली से आच्छादित प्रसिद्ध गुलाबबाग के मध्य स्थित नवलखा महल के प्रवेश से लेकर पुनः विदा होने तक पग-पग पर वेदोक्त संस्कारों का दर्शन पूरे परिसर को मानो संस्कारों की सीख देने वाले विश्वविद्यालय की भांति परिलक्षित करता है। बरसों से इसे इस स्वरूप में ढालने में समय का समर्पण करने वाले न्यास के अध्यक्ष डॉ. अशोक आर्य कहते हैं कि अगर वैदिक संदेश लोगों तक पहुंचाना है तो इसके दो ही साधन हैं या तो उन्हें अपने तक बुलाओ अथवा स्वयं उनके पास पहुंच जाओ।

महर्षि दयानन्द की संस्कार विधि

## समाज

मानव जीवन के निर्माण की कुंजी है, परंतु इसका प्रचार अपेक्षाकृत कम रहा है। आर्य परिवारों में भी 1-2 संस्कार होकर रह जाते हैं। कुछ संस्कार तो पूर्णतः उपेक्षित रहते हैं, जबकि उनका महत्व अन्य से कम नहीं बल्कि गुरुतर है। आर्यसमाजेत्तर लोग तो प्रायः संस्कारों के नाम तक नहीं जानते। ऐसे में यहां बनाई गई संस्कार वीथिका उनका मार्गदर्शन करने में सक्षम होगी। गभार्धान से लेकर अन्त्येष्टि पर्यंत 16 संस्कार लाइफसाइज स्टेचू, 3डी पेंटिंग, प्रकाश का भव्य संयोजन और सारगर्भित वर्णन के साथ 20 मिनट का ऐसा भव्य शो यहां आने वाले के स्मृति पटल पर स्थायी रूप से अंकित रहेगा।

नवलखा महल की बाहरी दीवार को अत्यन्त सुन्दर, चित्ताकर्षक और वेद थीम पर बनाया गया है। नवलखा महल के 5 दरवाजे हैं। चार सदैव बन्द रहते हैं। उन चारों पर वेदज्ञान के आविर्भाव के दृश्य अंकित किये गए हैं। उदाहरण के तौर पर- द्वासुपर्णा सयुजा सखायाङ्घ को दशार्ने के लिए एक वृक्ष का निर्माण किया गया है जिस पर दो पक्षी बैठे हैं, एक फल खा रहा है तथा दूसरा केवल देख रहा है, मात्र दो पंक्तियों में त्रैतवाद के सिद्धान्त को समझाने का प्रयास किया गया है। वेद में अनेक मन्त्र प्रहेलिकात्मक हैं। उनमें से कुछ का चयन कर उनके रहस्य को इसी प्रकार खोलने का प्रयास किया गया है। नवलखा के बाह्य स्वरूप को भव्य व मनोहारी बनाने के साथ वैदिक संस्कृति के मूल तत्वों को उकेरित किया गया है।

स्वागत कक्ष तथा विक्रय केन्द्र को भी आकर्षक रूप दिया गया है। महल के मुख्य दरवाजे से अन्दर घुसते ही दाहिनी ओर नक्काशीदार दीवार बनायी गई है। आधुनिक एयरपोर्ट के पुस्तक केन्द्रों की तर्ज पर विक्रय केन्द्र विकसित किया गया है। सत्यार्थ प्रकाश भवन वैदिक संस्कृति प्रचार केन्द्र के रूप में एक सशक्त संस्थान बनकर उभरे यही प्रयास निरंतर जारी है। संस्कारों की सुंगन्ध से संसार को सुवासित करने का संकल्प दृढ़ है। यह स्थल सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन का ऐतिहासिक केंद्र के रूप में नई पहचान बनाएगा।

## कार्टून वर्ल्ड

प्रभुत्व की होड़...



साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### बिल्डरों पर शिकंजा

**तुर्की** व सीरिया भूगर्भीय जटिलताओं के चलते सदा भूकंप की जद में रहे हैं। भवन निर्माण में भूकंप रोधी प्रावधानों की अनदेखी से नुकसान ज्यादा हुआ। भूकंप से तबाही के अन्य कारणों में रिहायशी इमारतों की कमजोर संरचना भी शामिल है। अधिकांश इमारतें भूकंप रोधी नहीं थीं। भारत में भी कई इलाके भूकंप की दृष्टि से बेहद संवेदनशील हैं।

–पूनम कश्यप, हजारीबाग

### चीनी हठधर्मिता

**हालांकि,** दोनों देशों के उच्च सैनिक अधिकारियों तथा मास्को में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों तथा रक्षा मंत्री के बीच इस विवाद को लेकर कुछ समझौता होने की उम्मीद थी लेकिन चीन उसके ऊपर अमल नहीं करना चाहता। एलएसी पर कोई सार्थक समझौता नहीं हो सका। वैसे भी युद्ध किसी भी मसले का हल नहीं है। भारत ने कभी किसी देश पर हमला नहीं किया है।

– श्यामलाल, रांची

# क्या अपमानजनक कथन की देश में होड़ लगी है?

## सामयिक

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**कांग्रेस** प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिताजी के लिए जिस नाम का प्रयोग किया है, वह घोर आपत्तिजनक है। उसने नरेन्द्र दामोदर दास मोदी की जगह नरेंद्र गौतम दास शब्द का प्रयोग किया यानी आजकल जो उद्योगपति गौतम अडाणी का मामला चल रहा है, उसमें उसने अडाणी के नाम का इस्तेमाल मोदी के पिताजी की जगह कर दिया।

दूसरे शब्दों में यह अपमानजनक कथन यदि भूलवश भी किया गया है तो यह बताता है कि कांग्रेस कितनी दिवालिया हो गई है। उसे अब सोनिया गांधी और राहुल गांधी नहीं बचा सकते। केवल गौतम अडाणी ही बचा सकता है। इसीलिए आजकल सारे कांग्रेसी अडाणी के नाम की माला जपते रहते हैं। जैसे कई तथाकथित ह्यअनपढ़ हिंदुत्ववादीह्ण यह प्रचारित करने में जरा भी संकोच नहीं करते कि जवाहरलाल नेहरू और शेख अब्दुल्ला सगे भाई थे। इस तरह के निराधार और फूहड़ बयानों से आजकल भारत की राजनीति अत्यंत त्रस्त है।

यह अच्छा हुआ कि खेड़ा ने अपने बयान पर माफी मांग ली है और कहा है कि वह वाक्य अनजाने ही उसके मुंह से निकल गया था। लेकिन यह भी गौर करने लायक है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने सिर्फ दो-तीन घंटे में ही खेड़ा को गिरफ्तारी से मुक्त कर दिया, जमानत दे दी और सारे मामले को सुनवाई के लिए अगले हफ्ते तक आगे बढ़ा दिया।

इस मामले की पैरवी प्रसिद्ध वकील अभिषेक सिंघवी ने की। सिंघवी ने भी खेड़ा के बयान को अनुचित बताया और क्षमा-याचना की बात कही लेकिन सिंघवी ने खेड़ा के पक्ष में बड़े मजबूत तर्क दिए। उन्होंने कहा कि जिन पांच धाराओं के तहत खेड़ा को गिरफ्तार किया गया है, उनमें से एक धारा भी उस पर लागू नहीं होती है।

खेड़ा के बयान से न तो धार्मिक विद्वेष फैलता है, न राष्ट्रीय एकता भंग होती है और न ही देश में अशांति फैलती है। सर्वोच्च न्यायालय ने खेड़ा को जमानत पर तो छोड़ दिया है लेकिन उनके कथन पर काफी अप्रसन्नता जाहिर की है, जो कि ठीक है।

लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या असम की पुलिस ने दिल्ली पुलिस की मदद से जो कुछ किया है, क्या वह ठीक है? खेड़ा को पुलिस ने हवाई जहाज से उतारकर गिरफ्तार कर लिया। क्या उसने कोई इतना संगीन अपराध किया था? कांग्रेसियों का मानना है कि उसने गौतम अडाणी का नाम लेकर मोदी की दुखती रग पर हाथ धर दिया था जैसा कि बीबीसी ने मोदी पर फिल्म बनाकर किया था, इसीलिए असम और दिल्ली की पुलिस ने यह असाधारण कदम उठा लिया। इस कदम ने उक्त आपत्तिजनक कथन को देशव्यापी तूल दे दिया। हताश और निराश कांग्रेसियों के अतिवादी बयानों पर आजकल कौन ध्यान देता है लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा की ऐसी उग्र प्रतिक्रिया का असर क्या उल्टा नहीं होता है ?

(लेखक, भारतीय विदेश परिषद नीति के अध्यक्ष हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### भूमिगत खदान जल्द चालू हो : मंडल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोलियरी के हाथीदारी खदान में फरवरी माह 2022 के बकाया 11 एवं 13 दिनों की हुए मजदूरी भुगतान, भुरकुंडा कोलियरी प्रबंधन द्वारा नकारात्मक नीतियों के खिलाफ और अस्थायी खदान बंदी के खिलाफ यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (एटक) के नेताओं द्वारा पीट मीटिंग का आयोजन किया गया। पीट मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनियन के केंद्रीय सचिव सह जेसीएससी सदस्य नरेश मंडल ने कहा कि 13 दिनों की बकाया मजदूरी का भुगतान सीसीएल कर्मचारियों को हुआ तो इसका एकमात्र योगदान कॉमरेड रमेंद्र कुमार एवं एटक संगठन का है। उहोंने कहा कि प्रबंधन की उदासीन रवैये के कारण आज भूमिगत हाथीदारी खदान में अस्थायी खदान बन्दी का ताला लटकने वाला है, इसके खिलाफ हमारी यूनियन आगामी दिनों में जोरदार आंदोलन का रूप अख्तियार करेगी। सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकास कुमार ने कहा कि भुरकुंडा कोलियरी के भूमिगत खदान में प्रचुर मात्रा में कोयला है। जान-बूझकर प्रबंधन इस खदान को चालू नहीं करना चाहती है। इसके लिए एटक सामुहिक आन्दोलन करने का प्रयास करेगी। पीट मीटिंग में भुरकुंडा शाखा के नेता अनुज कुमार, अशोक राम, संतोष कुमार, रंजीत कुमार, ठुप्पा भुंइया, सुनील सिह, चन्द्रदेव कुमार, रामदेव, अनूप कुमार, आलोक पुरखत, अनिल राय, पालो, सरबिंद, आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

### सीआइएसएफ का स्थापना दिवस मना



**पतरातू ।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की स्थापना 10 मार्च 1969 को हुई थी। 10 मार्च को सीआईएसएफ का 54वां स्थापना दिवस मनाया गया। यह भारत का एक सुरक्षा बल है, जिसे पैरामिलिट्री फोर्स कहा जाता है। देश के अन्य हिस्सों की तरह हमारे पीटीपीएस में पीवीयूएनएल/एनटीपीसी के द्वारा ऊर्जा उत्पादन का एक बड़ा संयत्र लगाने का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसकी सुरक्षा में सीआईएसएफ बल सदस्यों की बड़ी संख्या में तैनाती है। 54वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को सीआईएसफ यूनिट पीवीयूएनएल पतरातू के इकाई परेड ग्राउंड में स्थापना दिवस में बतौर मुख्य अतिथि पीवीयूएनएल/एनटीपीसी के सीईओ रविंद्र कुमार की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। केऔसुब पीवीयूएनएल पतरातु के वरिष्ठ कमांडेंट महेश पॉवरेल एवं उप कमांडेंट वीरेंद्र कुमार, पीवीयूएनएल प्रबंधन के विशिष्ट अधिकारियों, स्थानीय पुलिस व बड़ी संख्या में केऔसुब परिवार के सदस्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के दौरान भव्य परेड का आयोजन किया गया। जिसमें तीन प्लाटून के परेड कमांडर की भूमिका निरीक्षक/कार्य वी के चौधरी द्वारा निभाई गई।

### गरज के साथ हुई बूंदाबांदी



**रामगढ़।** शहर में शुक्रवार की शाम गरज के साथ बारिश हुई। जिससे तापमान में गिरावट आई। मौसम विभाग के मुताबिक अगले कुछ दिनो तक मौसम इसी तरह से बना रह सकता है। इधर, बारिश होने से कई किसान खुश नजर आए। किसानो के अनुसार काफी लंबे समय के बाद बारिश हुई है। जिससे फसलों को लाभ होगा।

### सीसीएल अस्पताल में विश्राम गृह का शिलान्यास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा परिसर में शुक्रवार को विश्राम गृह निर्माण का शिलान्यास क्षेत्रिय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एच के सिंह ने नारियल फोड़कर किया। डॉ एचके सिंह ने बताया कि अस्पताल परिसर में विश्राम गृह निर्माण से मरीजों का काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही इलाज कराने के लिए इंतजार कर रहे रोगियों को बाहर बैठना नहीं पड़ेगा। सभी मरीज विश्रामगृह में बैठ कर इंतजार कर सकेंगे। मौके पर ललन प्रसाद, गणेश साव फारूक रजा, जितेन्द्र जावेद खान, शरण,चेतन, अमलेश कुमार सहित अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

# पदमा में सात उपद्रवी गिरफ्तार

## होली में दो गुटों के बीच झड़प मामले में कार्रवाई

### फरार अभियुक्तों की जल्द होगी गिरफ्तारी : डीएसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पदमा।** पदमा थाना क्षेत्र में बीते शुक्रवार को दो गुटों के बीच झड़प को लेकर पदमा थाना में डी एस पी नजीर अख्तर के उपस्थिति में प्रेस वार्ता हुई।

प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बताया कि जिस तरह होली के इस पर्व में इस तरह की उदंड होते देख आने वाले सभी त्योहारों में हमलोग पहले से अलर्ट रहेंगे। इस मामले के एक पक्ष के सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया बहुत जल्द दूसरे पक्ष के फरार अभियुक्त को गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि होली के शाम पदमा चौक पर विधि व्यवस्था में तैनात पुलिस पदाधिकारी द्वारा सूचना दिया गया है कि पदमा में दो गुटों के बीच भयंकर झड़प हुआ जिसमें दोनों गुट एक-दूसरे के ऊपर पथराव कर रहे थे जिसमें कुछ लोगों को घायल होने की सूचना प्राप्त हुआ सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी पदमा शिवदयाल सिंह अतिरिक्त बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे लेकिन विद्रोहियों की संख्या अधिकतर होने की सूचना वरीय पदाधिकारियों को दिया गया सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही नजीर अख्तर पुलिस निरीक्षक बरही अंचल जगलाल मुंडा फ्थ्अ्रक्र के जवानों के साथ घटनास्थल पहुंचे पुलिस पदाधिकारियों द्वारा स्थिति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से दोनों गुटों को समझाने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों उग्र हो गए और दोनों ने मिलकर पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। इस पथराव में ओपी प्रभारी पदमा सहित पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए तथा थाना का सरकारी वाहन सुमो विक्टा क्षतिग्रस्त हो गया। उपस्थित पुलिस बलों की सहायता से स्थिति को नियंत्रित करते हुए उपद्रवियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया छापामारी के क्रम में अभियुक्त प्रकाश ओझा और पवन ओझा के घर से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री,देसी बम, बम बनाने के उपकरण सहित दो देशी कट्टा बरामद किया गया। घटनास्थल से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर और अन्य वाहन को जब्त किया गया। इस घटना में पुलिस द्वारा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, विस्फोटक सामग्री एवं अवैध हथियार रखने के आरोप में अलग-अलग कांड लगभग 55 नामजद एवं 150 अज्ञात के विरुद्ध दर्ज किए गए हैं। दर्ज कांडों के अभियुक्तों के विरुद्ध किए गए छापामारी में गुरुवार को शाम विभिन्न स्थानों से कुल 7 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया।



#### जब्त किये गये उपकरण

1. घटना में प्रयुक्त कूल 6 मोटरसाइकिल 2. घटना में प्रयुक्त तीन ट्रैक्टर ट्रॉली सहित एवं ट्रैक्टर पानी टैंकर सहित। 3. तीन चार पहिया वाहन स्कॉर्पियो, सफारी व बोलेरो। 4. घटना में प्रयुक्त तलवार फरसा और लाठी डंडा। 5. विस्फोटक सामग्री एवं 3 देसी बम। 6. 2 देशी कट्टा।

#### ये हुए गिरफ्तार

1. विक्की ओझा, पिता भीम ओझा। 2. ध्रुव ओझा, पिता -स्व. अर्जुन ओझा । 3. अनिल पांडेय उर्फ डोमा, पिता -स्व.जागी ओझा। 4. शिव कुमार पांडे, पिता -नरेश ओझा। 5. गौतम ओझा, पिता- स्व. अर्जुन ओझा। 6. पप्पू ओझा, पिता- स्व. गोविंद ओझा। 7. बिगुन ओझा, पिता- शिबू ओझा ।

# मजबूत बूथ से ही आम चुनाव में होगी जीत : मनोज यादव

### भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण का अनुसरण को लेकर बरही विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा स्तरीय भाजपा के बूथ सशक्तिकरण अभियान का एक दिवसीय कार्यशाला प्रखण्ड के नगर भवन में आयोजित किया गया। भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय व रमेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय व विशिष्ट अतिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव आदि शामिल हुए। राष्ट्रपति द्वारा संसद में दिए गए अभिभाषण को चौपारण मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, मंडल महामंत्री बालेश्वर साहू, चंदवारा मंडल अध्यक्ष द्वारिका राणा, पदमा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, बरही ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज साव, मुन्ना यादव ने कार्यशाला में पढ़कर सुनाया।कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कार्यकताओं से



कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार भारत की राष्ट्रीय एकात्मता को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही अनेकों गरीब कल्याण योजनाओं के साथ अंत्योदय का संकल्प भी तेजी से धरातल पर उतर रहा है।

विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य हासिल करने के लिए भारतीय जनता पार्टी एक-एक बूथ को मजबूत करने की रणनीति बनाकर आगे बढ़ रही है। सशक्त बूथ से ही जीत का रास्ता तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की संस्कृति को बचाने और भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ देश के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संगठन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए निरंतर प्रयासरत है। पार्टी ने धारा 370 को हटाकर पूरे देश में एक निशान, एक प्रधान और एक विधान लागू किया। राम मंदिर का निर्माण भी अब अंतिम चरण में है। कार्यशाला में मुख्य रूप से जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, मुकुन्द साव, चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी, जीप सदस्य प्रीति कुमारी, राकेश रंजन, आरती कौशल,मुखिया अध्यक्ष विजय यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, खिरोधर यादव, भाजपा नेता नारायण यादव समेत सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महिलाओं को अधिकार के प्रति जागरूक होने की जरूरत : गिरजानंदन

**मनिका।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के राजद के भावी प्रत्याशी व चुनाव प्रभारी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी होसीर गांव में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। और लगभग हजारों महिलाओं के बीच साड़ी एवं शॉल का वितरण किए। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरजानंदन सिंह ने कहा कि महिलाएं उत्साह के साथ प्रत्येक वर्ष इसी स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन करें मैं वादा करता हूं कि अगले वर्ष से पांच हजार महिलाओं को साड़ी और शॉल वितरण किए जाएंगे एवं छोटी बच्चियों के लिए एक हजार इंस्टॉल दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने मान सम्मान और अधिकार के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। महिलाएं एकजुटता के साथ मजबूत बने और अपने साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाएं। मौके पर राजद जिला प्रभारी देवबंश मांझी,जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव,राजद के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद यादव,दीपक यादव, संदीप सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## प्रदूषण के खिलाफ महिलाओं ने दिया धरना

**कुजू।** क्षेत्र के बूढ़ाखाप स्थित आलोक स्टील फैक्ट्री से निकल रहे बेतहाशा प्रदूषण को कम एवं डीप बोरिंग का इस्तेमाल बंद करने को लेकर शुक्रवार को दर्जनों महिला- पुरुष ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया। साथ ही प्रबंधन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए कहा की जब से यहां पर प्रबंधन ने प्लांट का निर्माण कराया है, तब से धीरे-धीरे यहां की स्थिति काफी बदतर होते जा रही है। आलम यह है कि प्रदूषण के कारण खेतिहर भूमि बंजर होते चले जा रही है। हम लोग खुले आसमान के नीचे कपड़े नहीं सुखा सकते। साथ ही डीप बोरिंग के इस्तेमाल की वजह से क्षेत्र का जलस्तर भी नीचे चला गया है। जिसके वजह से पीने के पानी के लिए भी परेशानी हो रही है। प्रबंधन से हम लोगों ने एक बार समस्या को दूर करने का आग्रह किया, पर प्रबंधन ने ग्रामीणों की एक ना सुनी. तब जाकर हम लोगों ने धरना प्रदर्शन करने का निर्णय



लिया है। महिला- पुरुष प्रदर्शनकारी अहले सुबह पहुंचकर टेंट- तंबू गाड़ कर धरना प्रदर्शन में बैठ गए थे। देर शाम तक उनका प्रदर्शन भी जा रही था। लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई वार्ता नहीं हो पाई थी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक ग्रामीणों के साथ प्रबंधन सकारात्मक वार्ता नहीं करती है, तब तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना में महिलाओं की ओर से आरती देवी, बसंती देवी, पूनम देवी, कुमुद देवी, उषा देवी, बबीता देवी, संजू देवी, ममता देवी, रीना देवी,समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## होली भाईचारे और सौहार्द का त्योहार : सिकंदर राणा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** होली के अवसर बेन्दगी मुखिया सिकंदर राणा ने अपने आवास पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। लोगों ने एक दूसरे को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मुखिया सिकंदर राणा ने कहा कि होली आपसी भाईचारे व सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार को आपस में पुराने गिले शिकवे दूर का आपसी मिलन का त्योहार है। मौके पर मुखिया सिकंदर राणा, व्यवसायिक संघ अध्यक्ष कपिल केशरी, उपमुखिया अशोक राणा, राजेश कुमार, सविता कुमारी, पूनम, फुलमतिया,



झमन यादव, दिलीप रजक, नरेश गिरी, मनोज साव, कृष्णा गुप्ता, विजय साव, महेश श्रीवास्तव, गोपाल साव, सुधीर राणा, नागेंद्र कुमार, लालजी शर्मा, संजय शर्मा, लालमणि सिंह, मनोज कुमार, मनोज कुमार, सुबोध केशरी, कल्याण यादव, संजय यादव, मुकेश यादव, गोविंद यादव, सुनील यादव, अनुज यादव, पार्वती देवी, उषा देवी सहित अन्य पंचायत के लोग मौजूद रहे।

# सुरक्षा नियमों का पालन करें : अजमेरिया

### जेएसपी पतरातू में 52वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मना

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपी पतरातू में शुक्रवार को 52वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जेएसपी पतरातू के प्लांट प्रमुख रमेश कुमार अजमेरिया ने सुरक्षा संदेश गुब्बारा उड़ाकर व दीप प्रज्वलित कर किया। प्लांट के कर्मचारियों द्वारा सभी के बीच सुरक्षा संस्कृति को बढ़ाने के लिए कई सुरक्षा गीत और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। मौके पर प्लांट प्रमुख रमेश कुमार अजमेरिया ने अधिकारी व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सुरक्षा संदेश दिया गया । उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल सुरक्षा सप्ताह के लिए नहीं है, यह हर दिन, घंटे, मिनट और सेकंड के लिए है, इसका पालन जरूरी है। और हमें शून्य नुकसान हासिल करना है। उन्होंने कहा की हम जेएसपी को एक सुरक्षित कार्यस्थल बनाना चाहते हैं और भविष्य में जीरो इंजूरी लक्ष्य को कायम रखा जा सके।

वे कर्मचारी जो सेफ्टी क्विज, सेफ्टी स्लोगन/निबंध/कविता लेखन और सेफ्टी पोस्टर मेकिंग में भाग लिया उन सफल विजेताओं को प्लॉट प्रमुख ने उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कारखाना प्रबंधक व सभी विभागों के शीर्ष अधिकारी और




कर्मचारियों उपस्थित रहे। अंत में सभी कर्मचारियों ने हर समय कार्य को सुरक्षित रूप से निष्पादित करने के लिए सुरक्षा शपथ ली। कार्यक्रम का आयोजन और संचालन सुरक्षा विभाग जेएसपीएल ने किया।

## एक नजर में

### सावित्रीबाई फुले को दी गयी श्रद्धांजलि



बरही। प्रखंड परिसर स्थित ए पी जे अब्दुल कलाम पार्क में मालाकार समाज के लोगों ने माता सावित्रीबाई फुले की 126वीं पुण्यतिथि को उनके तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भोला मालाकार व संचालन बसंत मालाकार ने किया।अतिथियों ने अपने विचार रखते हुए सावित्रीबाई फुले के जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके महान कार्यो को याद किया गया। मौके पर बरही माली समाज के अध्यक्ष भोला मालाकार ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के लिए महिलाओं के प्रति विशेष रूप से पूरे देश में अलख जगाया और महिलाओं में शिक्षा की क्रांति लायी। इनके जीवन से हम सबों को प्रेरणा लेनी चाहिए।उन्होंने शिक्षा जगत में अलख जगाकर महिलाओं में एक नई शक्ति पैदा की। उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से अध्यक्ष भोला मालाकार, सचिव बसंत माली, कोषाध्यक्ष दयानंद भगत, मीडिया प्रभारी अमित मालाकार, पूर्व वार्ड सदस्य सरस्वती देवी, नितेश मालाकार, चंदन मालाकार, उपेंद्र मालाकार, कुंदन मालाकार, कैलाश भगत उपस्थित थे।

### शाहपुर में सात दिवसीय महायज्ञ शुरू

**कटकमसांडी।** प्रखंड के ग्राम पंचायत शाहपुर में आयोजित श्री श्री 108 श्री सप्त दिवसीय हनुमंत प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ शुक्रवार को हुआ। मौके पर विषेश रूप से सदर विधायक मनीष जायसवाल शाहपुर पहुंचे और भक्तिभाव से कलश यात्रा में शामिल हुए।ढोल- ताशा और डीजे पर भक्ति गीतों के धुन के बीच नाचते झूमते कलश यात्रियों का जत्था कलश लेकर जल भरने पहुंचा। यहां पहुंचने पर विधायक मनीष जायसवाल का यज्ञ समिति शाहपुर की ओर से भगवा गमछा ओढ़ाकर और तिलक चंदन लगाकर भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात विधायक मनीष जायसवाल ने यज्ञ स्थल पर नमस्कार कलश उठाने वाले व्रती को जत्था नदी की ओर प्रस्थान किया और खुद भी धर्मध्वजा हाथों में लेकर कुछ दूर तक कलश यात्रियों के साथ चले। ज्ञात हो की 10 मार्च 2023 से शुरू हुआ यह यज्ञ आगामी 16 मार्च 2023 को संपन्न होगा । विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि यज्ञ से जहां क्षेत्र और समाज में सुख, शांति और समृद्धि आती है वहीं आध्यात्मिक संपदा की भी प्राप्ति होती है। उन्होंने शाहपुर वासियों से आग्रह करते हुए कहा कि यज्ञ के दौरान पूरी तरह साथ सात्विक और मन को एकाग्र रखते हुए अध्यात्म की अनुभूति में खो जाए तभी यज्ञ की महत्ता सार्थक होगी ।मौके पर विशेषरूप से विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, पूर्व मुखिया शाहपुर प्रेमचंद प्रसाद, वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि शंभू यादव, ढोढवा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सोहर राणा ,पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक यादव, मिथलेश राणा, यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष अनुज राणा, उपाध्यक्ष बालेश्वर राणा, सचिव अशोक राणा, उप सचिव विजय राणा, कोषाअध्यक्ष प्रकाश राणा, उप कोषाध्यक्ष रंजीत राणा, सदस्य द्वारिका राणा ,श्यामलाल राणा ,गोवर्धन राणा,चंदर राणा , एवं सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

### हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भूमि पूजन

**चरही।** शुक्रवार को इंद्रा में श्री श्री 1008 श्री भगवती ग्राम देवी सह श्री गणेश,लक्ष्मी सरस्वती,श्री सूर्य नारायण देव,श्री राम दरबार और श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भूमि पूजन किया गया।इस महायज्ञ भूमि पूजन में मुख्य रूप से 11 जोड़ी पुजारी के रूप में विधिवत रूप से पूजा-अर्चना किया गया।यहां के ग्रामीण पूरे महीने तक साफ सुथरा एवं स्वच्छ शुद्ध शाकाहारी भोजन यज्ञ समापन तक करेंगे।क्षेत्र में मांस,मछली और शराब पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है।इस महायज्ञ की शुरूआत आगामी 27 मार्च से किया जाएगा।जो 31मार्च तक होगी।1अप्रैल को क्षेत्रीय भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा भक्ति जागरण में मुख्य रूप से महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सोना महतो,सचिव नागेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष रवि कुमार महतो, उपाध्यक्ष कृष्णा महतो,सुरेश महतो, सह सचिव सुखदेव महतो,शंकर महतो,संरक्षक दशरथ महतो,बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो, मुखिया राधिका देवी,उमाशंकर ठाकुर, युगल किशोर महतो,अरुण महतो,सहदेव महतो,भोली महतो, रोहन महतो,सुखदेव महतो,चंद्र कुमार महतो, इंद्रा पंसस बीरेंद्र गोड़ायत एवमकार्यकारिणी सदस्य छोटन महतो, शिवनाथ महतो,लालदेव महतो,युगेश्वर महतो, शिव शंकर महतो,किलेंद्र भुइंया, बिनोद महतो,नागेश्वर महतो,महेश महतो, महेंद्र महतो,बालेश्वर महतो, देवानंद महतो, बुधन साव, राकेश कुमार, बंशी महतो ,नरेश महतो, नारायण महतो, रोहित ठाकुर एवं सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

### होरम में महायज्ञ का लेकर कलश यात्रा

**बड़कागांव।** प्रखंड के होरम गांव में श्री श्री 1008 श्री शिव हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ कार्यक्रम के तहत 10 मार्च को कलश यात्रा सुबह 8:00 बजे बाजे- गाजे के साथ होरम शिव हनुमान मंदिर से श्रद्धालु गुरु चट्टी थाना रोड होते हुए सिरमा छवनिया बुढ़वा महादेव के डुमारो नदी से जल उठा कर पुन: सोनपुरा ,मिजार्पुर कांडतरी शिवाडीह होते हुए जल लेकर होरम पहुंचे।10 मार्च से लेकर 16 मार्च तक महायज्ञ में कथा प्रवचन एवं जागरण का कार्यक्रम चले रहेगा।
इस दौरान विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि यज्ञ से लोगों में धार्मिक चेतना में जागृत होती है ।लोगों में धार्मिक आस्था प्रबल होती है।आगे कहा कि यज्ञ से आध्यात्मिकउन्नति का मार्ग प्रशस्त होता हैं।आजसू केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि यज्ञ से लोगों में सामाजिक और धार्मिक जागृति आती है एंव यज्ञ होने से यज्ञ का धुआं जितने दूर - दूर तक जाता हैं पूरा वातावरण शुद्ध और पवित्र होता है। वही जिप सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि जग्गी से आत्मिक शांति मिलती है और वातावरण में शुद्धता आती है। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद, आजसू नेता रोशन लाल चौधरी,जिप सदस्य सुनीता देवी,उप प्रमुख बचनदेव कुमार,मुखिया सुलेखा कुमारी, पसस उपेंद्र प्रसाद, पूर्व प्रमुख टूकेश्वर प्रसाद,आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ चौबे, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा,पूर्व पंसस बासमती कुमारी, महायज्ञ समिति अध्यक्ष खिरोधर महतो ,सचिव गणेश महतो, कोषाध्यक्ष होरिल महतो, तपेश्वर कुमार तापस, कामेश्वर महतो के अलावा सैकड़ों श्रद्धालुओं शामिल थे।

### बूथ सशक्तिकरण अभियान चलायें : भाजपा

**चरही।** शुक्रवार को कॉपरेटिव महाविद्यालय चरही में भाजपा मांडू विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिस के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा थे। कार्यशाला की अध्यक्षता हजारीबाग जिला अध्यक्ष अशोक यादव और संचालन खिरोधर महतो कर रहे थे। यह कार्यशाला पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के तहत किया गया। इस कार्यशाला में बूथ सशक्तिकरण अभियान पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि 10 दिनों के अंदर पार्टी कार्यकर्ता अल्पकालिक विस्तारक के रूप में कार्य करते हुए बुथों पर जाएंगे।तथा बूथ समिति को निर्माण करेंगे।साथ ही राष्ट्रपति के अभिभाषण को जन-जन तक पढ़कर सुनाने का भी निर्णय लिया गया।मौके पर रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता सुनील साहू रंजीत कुमार सिन्हा प्रकाश मिश्रा चंद्रनाथ भाई पटेल मुरारी सिंह,आरिफ अंसारी,सहित आठों पंचायत के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### अंबेडकर की प्रतिमा लगाने का निर्णय



पांडू पलामू। पांडू प्रखंड के ग्राम ढाबाबार में बुधवार को ग्राम ढाबाबार, बुढ़बेरी, ग्राम पंचायत डाला कलां, प्रखंड पांडू, पलामू के बुद्धिजीवियों की बैठक हुई। बैठक में लोगों ने योगीबाबा स्थान पर भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का प्रतिमा लगाने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने की। बैठक में पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने पांडू प्रखंड के जनता से अपील किया की प्रतिमा स्थापना में लोग सहयोग करें। अंबेडकर की प्रतिमा 16 अप्रैल को स्थापित किया जाएगा। जिसमें झारखंड बिहार के मंत्री सहित कई गणमान्य लोग भाग लेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से कमिटी का गठन किया गया। जिसमें रामनरेश राम अध्यक्ष, अमरनाथ बैठा उपाध्यक्ष, राजेंद्र विश्वकर्मा सचिव, शत्रुघ्न सिंह उपसचिव, प्रमोद कुमार सिंह कोषाध्यक्ष, अमित कुमार उप कोषाध्यक्ष, रामाशीष पासवान संयुक्त, मालू राम उप संयुक्त बनाये गये। मुख्य संरक्षक में राम लखन सिंह, कामेश्वर बैठा, रामबाबू यादव, मुखिया डाला कला पंचायत, कमरुद्दीन अंसारी, आसित कुमार, शिक्षक रामवृक्ष राम, धीरेंद्र कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह का नाम शामिल है। मौके पर बुद्धदेव राम, राजमुनी राम वरुण बैठा, बबन कुमार बैठा, लालजी पासवान, प्रणव कुमार, अनिल कुमार अंबेडकर, सोनू कुमार, सुमंत यादव, बैजनाथ राम, रामचंद्र राम, सतीश बैठा, पुनीत बैठा, श्यामलाल राम, महाराज राम, करीमन राम, सुदर्शन राम, सुभाष राम, गोविंदा कुमार, प्रमोद कुमार, अनुज कुमार, परमेश्वर दास, सुनील बैठा, रामप्रसाद बैठा, सोनू कुमार सिंह, महेंद्र राम, दीपक कुमार, चंदन कुमार, अरविंद सिंह, सुरेंद्र चंद्रवंशी, धर्मेंद्र राम शामिल थे।

### पलामू जिला कांग्रेस की बैठक आज : बिट्टू



मेदिनीनगर। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आगामी 13 मार्च को केंद्र की मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी के एवं विधायक दल के नेता आलमगीर आलम साहब के नेतृत्व में राजभवन घेराव का कार्यक्रम रखा गया है । इसी कड़ी में 11 मार्च को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा कांग्रेस भवन में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ,प्रखंड अध्यक्ष, प्रदेश प्रतिनिधि की उपस्थित होना अनिवार्य है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि पलामू के प्रभारी विनय कुमार सिन्हा उर्फ दीपू जी उपस्थित रहेंगे। सभी पदाधिकारियों से आग्रह है कि वे एक बजे दिन में कांग्रेस भवन के सभागार में उपस्थित होंगे।

### एसडीओ ने दिये दुकानें बंद पायी जाने पर कार्रवाई का निर्देश

छतरपुर पलामू। डीसी के निर्देश पर छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी एनपी गुप्ता ने छतरपुर अनुमंडल के कई पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें कई डीलरों के दुकानें बंद पाये गये। जिसमें डीलर बिरजू चौधरी, बसंत सिंह, बालदेव गुप्ता सहित कई डीलरों का नाम शामिल है। निरीक्षण के दौरान अनाज स्टॉक समेत रजिस्टर संद्धारण में अनियमितता पाई गई। एसडीओ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आपूर्ति पदाधिकारी को डीलर पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डीलरों की मनमानी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। डीलर अपने क्षेत्र के लाभुकों को समय पर राशन का वितरण नियमित व सही मात्रा में करें। साथ ही लाभूकों के साथ सही व्यवहार करें।

### नौडीहा बाजार : एसडीओ के निरीक्षण में कई पीडीएस दुकानें पायीं गयीं बंद



नौडीहा बाजार(पलामू)। छतरपुर अनुमंडल के छतरपुर-नौडीहा बाजार के क्षेत्र में आधा दर्जन पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण छतरपुर एसडीओ नरेंद्र गुप्ता ने किया। एसडीओ द्वारा डीलर बिरजू चौधरी, बसंत सिंह,बालदेव गुप्ता,रामस्वरुप साव,सुमित्रा समूह और हसनैन अंसारी के दुकानों का जांच किया। जांच के दौरान बसंत सिंह,बिरजू चौधरी, हसनैन अंसारी का दुकान बंद पाया गया। पीडीएस के विक्रेता बलदेव गुप्ता के द्वारा 4.5 किलोग्राम राशन वितरण करने का वीडियो रिकॉर्डिंग पाया गया है। इस शिकायत के उपरान्त अनुमंडल पदाधिकारी नरेन्द्र गुप्ता ने पीडीएस विक्रेता बलदेव गुप्ता पर एफआईर दर्ज करने का आदेश प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को दिया है। बंद पाये गये पीडीएस के विक्रेता से पत्र जारी करते हुए दुकान क्यों बंद है इसका स्पष्टीकरण माँगा है। जबाब संतोषजनक नहीं मिलने पर दुकान का लाइसेंस रद्द करने की बात कही।

### मैट्रिक और इंटर परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र पर धारा 144 लागू

मेदिनीनगर। झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से 14 मार्च से शुरू हो रही झारखंड वार्षिक माध्यमिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2023 व झारखंड वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा को देखते हुए सदर एसडीओ राजेश कुमार शाह ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 गज की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। सदर अनुमंडल क्षेत्र में मैट्रिक एवं इंटर कि परीक्षाओं के लिए कुल 51 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है। इसी के मद्देनजर एसडीओ ने निषेधाज्ञा लागू की है।

### कोटिया पहाड़ से युवक का शव बरामद

सतबरवा पलामू। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के सतबरवा प्रखंड के चांपी गांव के कोटिया पहाड़ के समीप से पुलिस ने एक 20 वर्षीय युवक का शव पेड़ से झूलता हुआ बरामद किया है जिसकी पहचान गांव के ही बालो तुरी के पुत्र भीम तुरी उर्फ कड़वा नामक युवक की है। शव पेड़ से झूलता देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी उसके उपरांत पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामूली विवाद होने पर खाट बुनने के लिए लाए गए रस्सी को लेकर मरने की बात कह कर घर से निकला था। यह बात सुनने के पश्चात उसकी बहन समझा-बुझाकर रस्सी को लूट लिया था। बताया जाता है कि इसके बावजूद भीम तुरी रस्सी लेकर निकल पड़ा था। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने पेड़ से झूलता हुआ शव को देखा। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि संभावित अन्य पहलू पर भी पुलिस जांच करने में जुटी हुई है। परिजनों ने बताया कि मुंबई से कमाने के बाद होली में घर पर आया था। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# सांसद विष्णुदयाल मनामा बहरीन में आइपीयू के 146वें अधिवेशन में भाग लेने को हुए रवाना

» प्रधानमंत्री व लोकसभा अध्यक्ष को अवसर देने के लिए दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की ओर से अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के मनामा बहरीन में 11 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित 146वीं अधिवेशन के लिए पुनः नामित किया गया है। उक्त अधिवेशन में भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में 10 संसद सदस्यों क्रमशः भर्तृहरि महताब, तिरुचि शिवा, पूनम मदाम, विष्णु दयाल राम, डॉ हिना विजय कुमार गावित, रखशा निखिल खडसे, दीया कुमारी, अपराजिता सारंगी, डॉ सस्मित पात्रा एवं डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया है। सांसद राम उक्त अधिवेशन में भाग लेने के लिए 10 मार्च को बहरीन के लिए रवाना हुए। बहरीन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडल उक्त अधिवेशन में भाग ले रहे है। यह पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए बड़े ही गर्व एवं हर्ष की बात है। विदित है कि इसके पूर्व में भी लोकसभा अध्यक्ष के द्वारा भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए सांसद पलामू को 142वीं, 143वीं, 144वीं एवं 145वीं अधिवेशन के लिए नामित किया गया था। नवंबर 2021 स्पेन में 143वीं, मार्च 2022 बाली इंडोनेशिया में 144वीं एवं अक्टूबर 2022 रवांडा अफ्रीका में 145वीं अधिवेशन में भाग ले चुके हैं। मनामा बहरीन में आयोजित 146वीं अधिवेशन में सतत विकास पर आईपीयू स्थायी समिति जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। आईपीयू संप्रभु देशों की सांसदों का अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। उक्त अधिवेशन में भाग लेने हेतु यह अवसर प्रदान करने के लिए, सांसद राम ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अध्यक्ष लोकसभा ओम बिरला के प्रति आभार प्रकट किया है। इसकी जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

# स्वास्थ्य सेवा में नया मुकाम हासिल कर रहे डॉ प्रवीण : नामधारी

डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया : रामचंद्र सिंह

पलामूवासियों के लिए वरदान साबित होगा हॉस्पीटल : एसपी

निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर का हुआ भव्य उद्घाटन





खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पुलिस लाइन में सर्किट हाउस के सामने निर्मला मल्टी स्पेशलिटी एंड ट्रामा सेंटर खोला गया। इसका उदघाटन जिले के एसपी चंदन सिन्हा, पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, डीएसपी सुरजीत कुमार, समाजसेवी ज्ञानचंद पांडे ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर भोला पांडे, राहिल राज आदि शहर के तमाम प्रबुद्ध बुद्धिजीवी समाजसेवी गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि डॉ प्रवीण सिद्धार्थ की कार्यप्रणाली अद्भुत है। पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि जिस प्रकार डॉ विजय सिंह तमाम आवाम को अपना मान कर 30 वर्षों से सेवा दे रहे हैं उसी प्रकार उनके पुत्र डॉ प्रवीण सिद्धार्थ उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर नया मुकाम हासिल करने को कटिबद्ध है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह बेहतर प्रयास है। मौके पर मनिका विधानसभा विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि पलामू में लोग डॉ विजय सिंह एवं उनके परिवार के सेवा से प्रसन्न हैं। डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि हॉस्पिटल की खास बात यह है कि यहां अस्थि प्रत्यारोपण, पोलियो, नस संबंधी रोग ट्रामा, हड्डी प्रत्यारोपण, एक्सीडेंटल इमरजेंसी प्लास्टिक सर्जरी, फिजियोथैरेपी, चर्म रोग, कुष्ठ रोग, गुप्त रोग, गला, दांत एवं जटिल बीमारियों का समाधान एक छत के नीचे पूर्णता 24 घंटे उपलब्ध है।

**शहीद के परिवारों को दिया गया प्रशस्ति पत्र :** खास बात यह है कि यहां पलामू जिले में जितने भी शहीद परिवार हैं उन्हें मुफ्त में इलाज की पूर्णता व्यवस्था यह संस्थान करेगी। साथ ही शहीद के परिवार को सम्मान करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र भी दिया गया।

# पूर्व विधायक व वरिष्ठ अधिवक्ता सचिदानंद त्रिपाठी की मनायी गयी 36वीं पुण्यतिथि

- वकालत के क्षेत्र में स्वर्गीय त्रिपाठी के उत्कृष्ट योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता : पीडीजे
- स्वर्गीय त्रिपाठी का व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरणादायक

खबर मन्त्र संवाददाता





मेदिनीनगर। पूर्व विधायक व वरिष्ठ अधिवक्ता सचिदानंद त्रिपाठी के दिब्य स्मृति में शुक्रवार को 36 वी पुण्य तिथि सह अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने दीप प्रज्ज्वलित कर व स्वर्गीय त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर पीडीजे चौबे ने कहा कि सभी को समय की कीमत को पहचानने की जरूरत है। जो समय की कीमत समझता हैं सफलता उसी को मिलता है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय त्रिपाठी समय के बेहद पावन्द थे। वकालत के क्षेत्र में स्वर्गीय त्रिपाठी का उत्कृष्ट योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय त्रिपाठी का व्यक्तित्व आज हम सबों के लिए प्रेरणादायक है। पुण्यतिथि मनाकर उनके वकालत के क्षेत्र में किये गए कार्य को जीवंत रखने का कार्य जो शशिभूषण दुबे द्वारा किया जा रहा है। यह अधिवक्ता समाज के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्त्तण्ड प्रताप मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय त्रिपाठी ने चार जिला में काम कर अधिवक्ताओ में एक आदर्श स्थापित किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता दिवाकर दुबे ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक व स्वर्गीय त्रिपाठी के नाती शशि भूषण दुबे और रवि भूषण दुबे के द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ताओं को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया व धार्मिक पुस्तक भेट किया गया। स्वर्गीय त्रिपाठी 1962 से 1967 तक डालटनगंज विधानसभा के विधायक रहे। अधिवक्ता के रूप में 1950 में प्रैक्टिस शुरू किया था। मौके पर अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह, अशोक कुमार सहाय, हरिनंदन सिंह, ब्रज किशोर पाण्डेय, सुशील कुमार सिन्हा, कर्म दयाल प्रसाद यादव, शौकत अली, बैकुंठ दुबे, गुप्तेश्वर महतो, ऋषि चन्द पाण्डेय, व उमेश्वर प्रसाद सिन्हा को शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संरक्षक ध्रुव शंकर दुबे, मनधारी दुबे, वरुण सिंह, अजय पांडेय, विक्रम त्रिपाठी, अमित तिवारी, सोना दुबे, जावेद अख्तर, प्रदीप पासवान, संतोष पासवान, अभिषेक चौबे, अभिनव कुमार, लल्लू सिंह, शशिधर पांडेय समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने सदर प्रखंड के कई पीडीएस दुकानों का किया निरीक्षण

## चलाया गया पीडीएस दुकानों की जांच का अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने शुक्रवार को सदर प्रखंड अंतर्गत पोखराहा, जमुने, कॉलेज गेट सहित अन्य स्थानों पर जन वितरण प्रणाली की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों के स्टॉक पंजी, सेल पंजी, सहित अन्य महत्वपूर्ण पंजियों का अवलोकन किया। उपायुक्त दोड्डे ने इसके अलावे दुकान पर सूचना पट्ट अंकित है या नहीं सभी पंजियां अद्यतन है या नहीं, सहित अन्य कई विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी जांच की। साथ ही कई कार्डधारियों संग संवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद सभी राशन डीलरों को लाभुकों को बेवजह परेशान ना करने व समय पर राशन वितरण करने की बात कही मौके पर सदर प्रखंड के एमओ रजनीकांत पांडेय उपस्थित थे। इसी तरह शुक्रवार को उपायुक्त के निर्देश पूरे जिले में जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण करने का अभियान चलाया गया। इस दौरान अलग-अलग बीडीओ-सीओ व कार्यपालक दंडाधिकारियो ने विभिन्न प्रखंडों में जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया।

# आइइसी और सीएम कोषांग की हुई प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक

बेहतर कार्य करने का प्रयास करें सहिया, मिलेगी अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि : डॉ केनेडी

सहियाओं को मिलेगा टैब, बंडी और बैज



मेदिनीनगर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की राज्य इकाई द्वारा शुक्रवार को पलामू सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इसमें सहिया और आईईसी (प्रचार-प्रसार) आदि कार्यों की समीक्षा की गई। राज्य समुदाय उत्प्रेरण कोषांग के नोडल पदाधिकारी डॉ जॉन एफ केनेडी ने कहा कि राज्य गाइडलाइंस को फॉलो करें और बेहतर से बेहतर कार्य करने का प्रयास करें। बैठक में बताया गया कि बेहतर कार्य करने वाली सहियाओं को मेडल, बैज, प्रोत्साहन राशि एवं बंडी दी जाएगी। स्वर्ण सहिया को एक हजार रुपए, रजत को 500 और कांस्य श्रेणी की सहिया को 250 रुपए मानदेय के अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मौके पर सहिया सहायता निधि, सहिया कोर्पस फंड, अनटाइड फंड आदि की भी समीक्षा की गई।

# हुरलौंग में हुई चंद्रवंशी समाज की बैठक

## आपसी एकता और शिक्षा पर दिया जोर

खबर मन्त्र संवाददाता



पांकी पलामू। पांकी प्रखंड के ग्राम हुरलोंग मे चंद्रवंशी समाज की बैठक कुलदीप चंद्रवंशी के घर बैठक हुई। जिसमे समाज को आर्थिक, समाजिक, राजनैतिक एवं सैक्षणिक रूप से समाज आगे कैसे बढ़े इस पर विशेष चर्चा हुई। समाज के सभीलोगों ने आपसी एकता और शिक्षा पर जोर दिया। सभी ने सामूहिक रूप से अपने समाज के प्रति निष्ठा के साथ आपसी सहयोग करने की शपथ लिया। बैठक में एक प्रस्ताव यह भी पास हुआ कि समाज के किन्ही लोगों को अगर दुर्घटना के तहत कुछ नुकसान होता है तो समाजिक राशि से तत्काल उसे मदद किया जायेगा, पहले से भी समाज शादी विवाह, या दुःखद घटना पे समाज के पैसे से सहयोग राशी देते आ रहा है। मौके पर बीरेंद्र कुमार वर्मा, श्रवण चन्द्रवंशी, संतोष चन्द्रवंशी, पिंटू वर्मा, योगेंद्र चंदवंशी, राजेश चन्द्रवंशी, मनोज चन्द्रवंशी, मखन चंद्रवंशी, अनूप कुमार, इंद्रदेव चन्द्रवसी, ललन चन्द्रवसी, पवन कुमार, रामु वर्मा, अर्जुन चन्द्रवशी, जीतेन्द्र चन्द्रवंशी, मोनू, अंशु, सुजीत, भोला, बॉबी, बिनोद चन्द्रवंशी मौजूद थे।

### पत्नी को लेने ससुराल आये युवक की हत्या



रामगढ़ पलामू। प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत के हिसरा टोला में विनोद कोरवा पिता स्वर्गीय रामा कोरवा का शव ससुर फिलिप कोरवा के घर से बरामद किया गया। मृतक सिसवा रमकंडा थाना के गड़वा का निवासी था। वह गुरुवार को शाम लगभग चार पांच बजे वह अपना ससुराल अपनी पत्नी को लेने आया था। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय ने कहा कि मृत युवक के शरीर पर किसी प्रकार का चोट नहीं है। ससुराल के पक्ष वाले ने बताया कि कब ऐसा हुआ पता नही है। इधर मृतक के परिजन ने सूचना पा कर घटना स्थल पर पहुंचे और रामगढ़ थाना में ससुरालवालों पर पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। रामगढ़ थाना में हत्या का मामला दर्ज कराया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि अनुसंधान जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा कि इसकी हत्या की गई या आत्महत्या है।

### संदेहास्पद स्थिति में मिला रस्सी से झूलता युवक का शव

नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। थाना क्षेत्र के चांपी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव की पहचान चापी निवासी बालू तुरी के 19 वर्षीय पुत्र भीम कुमार तुरी के रूप में की गई। परिजनों की माने तो गुरुवार को भीम कुमार घर से निकला और लौट कर नहीं आया। खोजबीन के दौरान गांव के पहाड़ के पेड़ से झूलता हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलने पर थाना थाना प्रभारी गौतम कुमार राय के निर्देश पर एसआई रामनाथ मंडल ने घटनास्थल पर जाकर शव को लेस्लीगंज थाना लाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेजा गया।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी कई लोगों की समस्याएं

खबर मन्त्र संवाददाता





मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जनता दरबार में मुख्य रूप से वृद्धा व विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, जमीन संबंधी, अनुकंपा एवं मुआवजा राशि संबंधी जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त दोड्डे ने गंभीरता से लेते हुए आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का 15 दिनों के भीतर भौतिक सत्यापन करते हुए समस्याओं का समाधान निर्धारित समय सीमा के अंदर करें। उन्होंने फरियाद लेकर पहुंचे लोगों को भरोसा भी दिलाया कि आपकी समस्याओं को जिला प्रशासन पूरी तत्परता के साथ उसका निदान करेगी।

# 12 प्रखंडों के 29 पैक्सों में आम निर्वाचन की प्रक्रिया मार्च के अंतिम सप्ताह से शुरू

## सभी पैक्सों में चुनाव कराने के लिए निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले के 12 प्रखंडो के 29 पैक्सों में सहकारी सहयोग समिति लिमिटेड का चुनाव कराने को लेकर कार्य शुरू कर दिया गया है। इसे लेकर चुनाव संचालन पदाधिकारी कुमारदीप एक्का ने बताया कि मार्च के अंतिम सप्ताह से जिले के 12 प्रखंडों के 29 पैक्सों में विशेष आम सभा के माध्यम से चुनाव कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। अलग-अलग पैक्सों में चुनाव संपन्न कराने को लेकर विभिन्न प्रखंडों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने बताया कि पांडू प्रखंड के कजरूकला पैक्स में चुनाव के लिए विश्रामपुर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार को निर्वाचन पदाधिकारी एवं पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी संजय कुमार को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। छतरपुर प्रखंड के चराई 1 पैक्स के लिए पांकी के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी निशीतोष ठाकुर को निर्वाचन पदाधिकारी एवं पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी द्विराज मोहन मींज को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। रामगढ़ प्रखंड के बांसडीह खुर्द पैक्स के लिए छतरपुर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सखीचंद्र दास को निर्वाचन पदाधिकारी एवं पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी बासिल केरकेट्टा को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। सतबरवा प्रखंड के वारी पैक्स के लिए हरिहरगंज के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार को निर्वाचन पदाधिकारी एवं पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। पाटन प्रखंड के पंचकेडीया पैक्स के लिए सहकारिता प्रसार पदाधिकारी आशीष खलखो को निर्वाचन पदाधिकारी एवं मुख्यालय के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी विपिन किशोर कुंडुलना को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। चैनपुर प्रखंड के खुराकला पैक्स के लिए पांकी के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी निशीतोष ठाकुर को निर्वाचन पदाधिकारी एवं पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी द्विराज मोहन मींज को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। सतबरवा प्रखंड के पौंची पैक्स के लिए छतरपुर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सखीचंद्र दास को निर्वाचन पदाधिकारी एवं मेदिनीनगर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संध्या बारोभैया को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। चैनपुर प्रखंड के रबदा पैक्स के लिए हरिहरगंज के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार को निर्वाचन पदाधिकारी एवं पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी बासिल केरकेटा को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। पाटन प्रखंड के रुडीडीह पैक्स लिए मेदिनीनगर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी आशीष खलखो को निर्वाचन पदाधिकारी एवं मेदिनीनगर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी विपिन किशोर कुंडुलना को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। पांकी प्रखंड के द्वारिका केकर गड्डा पैक्स के लिएनवडीहा बाजार के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी बसंत कुमार राय को निर्वाचन पदाधिकारी एवं पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी संजय कुमार को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। लेस्लीगंज प्रखंड के कुंदरी कुलांग पैक्स के लिए बिश्रामपुर के सहकारिता पदाधिकारी संजय कुमार को निर्वाचन पदाधिकारी एवं पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है।

# श्री पंचमुखी हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

जय श्री राम ,जय हनुमान से शहर हुआ भक्तिमय, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया कलश, कई लोग हुए शामिल

गौतम पटेल





भाजपा नेता समेत कई गण्यमान्य लोग व कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

हुसैनाबाद पलामू। शहर के पुराना ठाकुरबाड़ी कुर्मिटोला में श्री पंचमुखी हनुमानजी के मंदिर व मूर्ति स्थापना को लेकर शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें शहर के हजारों महिला एवं पुरूष ने भाग लिया और कलश उठाया। कार्यक्रम में मन्दिर परिसर कुर्मिटोला से मुख्य यजमान सुबोध कुमार सुंडिक एवं उनकी धर्मपत्नी ममता देवी, अर्जुन पटेल, श्रवण सोनी, विपिन पटेल सबसे आगे उनके पीछे हजारों श्रद्धालु सिर पर कलश उठाया। वहीं ढोल बाजा, नगाड़े व तासे के साथ भक्त जय श्री राम, जय हनुमान के नारों से पूरे शहर के वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा के आगे आगे भगवा व बजरंगी झंडा लोग लिए हुए जपला के पुरानी बाजार, लम्बी गली, गांधी चौक मुख्य बजार होते हुए जपला सोन नदी ले जाया गया। जहां पंहुचकर पंडित मृत्युंजय पाठक, पवन पाठक आचार्य अंचल पाठक मोहन शास्त्री, वाराणसी पंचगंगा घाट वाराणसी के आचार्य गणों ने पूरे विधि विधान से गंगा पूजन कर सभी श्रद्धालुओं के कलश में जल दिया ततपश्चात सभी श्रद्धालु पुनः सोन नदी से मन्दिर प्रांगण में पहुंचे जहां पर महाप्रसाद का वितरण किया गया। मालूम हो कि शहर का एकलौता पंचमुखी मन्दिर के रूप प्रसिद्ध होगा जो शहर के बीचों बीच स्थापित हो रहा हैं। वही 11 मार्च को मूर्ति संस्करण,12 मार्च को मूर्ति का शहर भ्रमण सह शोभायात्रा, 13 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा व भव्य भंडारा होगा। मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन, उषा देवी, आयोजन समिति के संरक्षक प्रकाश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, संतोष सोनी, राकेश विश्वकर्मा मनीष अग्रवाल,काशी सोनी उदय अग्रवाल, राजू शौडीक रंजन शौडीक, बटेरण प्रसाद, मुकुंद अग्रवाल, प्रेम चौधरी, बिहारी चौधरी, सुदामा चौधरी समेत कई लोग शामिल थे।

**ये भी शामिल हुए :** जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, अजित अग्रवाल, उदय विश्वकर्मा, कल्लू ठाकुर समेत कई वार्ड पार्षद एवं प्रबुद्ध व्यवसायिक लोग शामिल हुए।

# मनरेगा योजना से तालाब निर्माण में जेसीबी मशीन से कार्य कराने का आरोप, लाभुक पर प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



हरिहरगंज पलामू। मजदूरों का पलायन रोकने के उद्देश्य से बनी मनरेगा योजना के प्रावधानों को कुछ लोगों द्वारा धज्जियां उड़ाई जा रही है। ऐसा ही एक मामला पिपरा प्रखंड क्षेत्र के तेंदुई पंचायत अंतर्गत ग्राम तेनुडीह का प्रकाश में आया है। जहां करीब पांच लाख रुपये की लागत से बनने वाली तालाब में मजदूर की जगह जेसीबी से काम कराया जा रहा था। जबकि मनरेगा में मशीन से काम का कोई गुंजायश नहीं है। लेकिन उसके बाद भी पंचायत सहित प्रखंड में जेसीबी से काम होना आश्चर्य का विषय बना हुआ है। प्रखंड के सुदूरवर्ती तेंदूई पंचायत अंतर्गत तेनुडीह गांव के पिछूलिया तर स्थित नागदेव यादव के पुत्र भीम यादव के खेत में डोभा तालाब का निर्माण गुरुवार की रात 9 से शुक्रवार सुबह 4 बजे तक संवेदक द्वारा मजदूरों की जगह जेसीबी मशीन से कराया जा रहा था। वहीं शुक्रवार की सुबह बाहर के मजदूरों को बुलाकर समतल कराया जा रहा था। इसकी जानकारी हवा की तरह फैल गई। तब पंचायत के मुखिया उषा देवी ने पीपरा थाने में लाभुक भीम यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अनीता केरकेट्टा ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि मनरेगा में कहीं भी मशीन से काम कराने का प्रावधान नहीं है। अगर मामला सही पाया गया तो निश्चित रूप से संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। बीपीओ प्रभात कुमार ने कहा कि इसी स्थल का जियो टैग हुआ है। जेसीबी से काम कराने की सूचना पर स्थल पर पहुंचकर कार्य को रोक दिया गया है। साथ ही कार्रवाई की जा रही है। पिपरा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि डोभा तालाब का निर्माण जेसीबी से कराया जा रहा था।

स्पीड न्यूज

## बैंकॉक जा रहे भोजपुरी सेवकों का फूलों के गुलदस्ते से किया स्वागत



**जमशेदपुर।** आगामी 12 मार्च को बैंकाक बिष्णु मंदिर में हिन्दू धर्म सभा के द्वारा बिनोद सिंह उर्फ पप्पू भैया के नेतृत्व में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल होने जा रहे भोजपुरी मंच के महामन्त्री प्रदीप सिंह भोजपुरिया, अभिनेता व लोकगायक समर सिंह, अभिनेत्री ड्रीम गर्ल निशा पाण्डेय का पश्चिम बंग भोजपुरी परिषद के प्रमोद दुबे एवं गोविन्द सिंह के नेतृत्व में सुभाष चंद्र बोस अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी ने भोजपुरी भाषा को संबैधानिक मान्यता हेतु संघर्ष जारी रखने पर बल दिया गया। अपनी संस्कृति का निरंतर प्रचार प्रसार करने का संकल्प भी बंग भोजपुरी परिषद के सदस्यों ने लिया। इस अवसर पर जगदम्बा सिंह,अभय पाण्डेय, पप्पू पाण्डेय, उपेन्द्र कुमार इत्यादि शामिल थे।

## परसुडीह में हरिनाम महायज्ञ का 42वां वार्षिकोत्सव आज से

**जमशेदपुर।** श्री श्री राधा गोविंद सेवा समिति सदस्यवृन्द परसुडीह द्वारा आयोजित श्री श्री हरिनाम महायज्ञ (8 प्रहर व्यापी हरिनाम संकीर्तन) का 42वां वार्षिकोत्सव 11 से 13 मार्च तक मनाया जायेगा। तीन दिनों तक होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन परसुडीह ग्वाला बस्ती स्थित राधा गोविंद मैदान में होगा, जिसका शुभारंम्भ शनिवार 11 मार्च की रात 8 बजे अधिवास कीर्तन से होगा। अंतिम दिन सोमवार 13 मार्च को दोपहर 2.30 बजे से महाप्रसाद वितरण और संध्या में बाउल गीत से कार्यक्रम का समापन होगा। इस संबंध में सेवा समिति संस्था के अध्यक्ष सूर्यकांत घोष और महाएसचिव रतन डे ने आज प्रेस-विज्ञाप्ति जारी कर आगे बताया कि पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान और नादिया से कुल 5 कीर्तन मंडली आ रही है, जिसमें दो महिला मंडली भी शामिल हैं।

## प्रवीण सिंह बने झारखंड करणी सेना पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष



**जमशेदपुर।** भाजमो के वरिष्ठ नेता सह मानगो के समाजसेवी उलीडीह रिपीट कॉलोनी निवासी प्रवीण सिंह को करणी सेना पूर्वी सिंहभूम का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। प्रवीण सिंह भाजपा उलीडीह मंडल के पूर्व महामंत्री एवं भाजमो पश्चिम के सह-संयोजक के पद पर रह चुके है। वे मानगो में विधायक सरयू राय के करीबी कार्यकर्ता रहे है और उन्हें लंबा संगठानिक अनुभव है। प्रवीण सिंह ने अपने मनोयन के लिए झारखंड प्रदेश करणी सेना के अध्यक्ष प्रवीण सिंह का आभार व्यक्त किया और बहुत जल्द पूर्वी सिंहभूम में एक सशक्त संगठन विस्तार करने का विश्वास दिलाया है।

## रोटी बैंक ने मनाया महिला दिवस

**जमशेदपुर।** रोटी बैंक की इकाई महिला शक्ति मंच के तत्वाधान मे भुईयाडीह मे महिला दिवस मनाया गया, जिसमे बागबेड़ा निवासी स्नेहा चंद्रवंशी सहित भुईयाडीह एवं अन्य क्षेत्र की तीन अन्य महिलाओं को उत्कृष्ट महिला का सम्मान प्रदान किया गया, यह सम्मान महिला मंच की संरक्षक रेणु सिंह एवं रोटी बैंक के चेयरमैन मनोज मिश्रा ने प्रदान किया सम्मान पाने वालो मे बागबेड़ा की स्नेहा चंद्रवंशी, भुईयाडीह से मंजू शर्मा, सुमित्रा कुमारी एवं बारीडीह से सरोज देवी शामिल है स्नेहा चंद्रवंशी ने दो ऐसे अनाथ बच्चों को गोद लिया है, जिनके माता पिता दोनो की सड़क दुर्घटना मे मौत हो गयी थी।

# परीक्षार्थी आत्मसंयम में रहें, धैर्य रखें, परीक्षा में बेहतर परिणाम आयेगा : विजया जाधव

>> डीसी जाधव ने 'परीक्षा पर चर्चा' में बढ़ाया बोर्ड परीक्षार्थियों का हौसला

>> 'परीक्षा पर चर्चा' में ऑनलाइन सभी 10वीं व 12वीं के सरकारी स्कूल के करीब 11 हजार परीक्षार्थी जुड़े

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 14 मार्च से झारखंड एकेडमिक काउंसिल की 10वीं और 12वीं की परीक्षा शुरू हो रही है।

इस वर्ष पूर्वी सिंहभूम जिला से 10वीं में 26237 वहीं 12वीं में 24702 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों का मनोबल कैसा हो, उत्तर कैसे लिखें, निर्धारित समय में सभी प्रश्नों का उत्तर लिखना या पूरे परीक्षा के दौरान धैर्य बनाये रखने तथा माता-पिता को भी किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इसको लेकर 'परीक्षा पर चर्चा' में पूर्वी सिंहभूम की उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने परीक्षार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। विद्यार्थियों के साथ संवाद में उपायुक्त ने अपने विद्यार्थी जीवन की बातों को भी साझा किया तथा सफलता पाने के मूलमंत्र बताते हुए कहा कि तैयारी बढ़िया हो तो परीक्षा में बैठना और बेहतर करना कोई चुनौती नहीं है।

### समय का ध्यान रखें, जो पूछा गया वही लिखें




जिले के परीक्षार्थियों को ऑन लाइन संबोधित करतीं डीसी विजया जाधव।

उपायुक्त ने परीक्षा कक्ष में बच्चों को क्या क्या ध्यान रखना चाहिए इसपर कहा कि सबसे पहले सवाल को अच्छे से पढ़ें। हैंडराइटिंग आपके व्यतित्व को बताता है, अच्छे हैंडराइटिंग में लिखें क्योंकि आपकी कॉपी दूसरे जिला के शिक्षक जांचेंगे, उन्हें साफ साफ आपका लिखा हुआ पता चले ताकि नंबर भी आपके अच्छे आएं। उपायुक्त ने कहा कि प्रैक्टिस परीक्षा जो जिला में लिया गया था उसका उद्देश्य से ही यही था कि बच्चे परीक्षा के माहौल में पहले से ढाल लें कि किस तरह से समयसीमा के भीतर सही-सही जवाब लिखना है। परीक्षा केन्द्र में समय का ध्यान रखना काफी जरूरी है। जिन सवालों का जवाब पहले आता हो उसे पहले बनायें, प्रयास करें कि सारे सवालों को एक जैसा समय दें, जो पूछा गया है वही लिखना है। उदाहरण के साथ या चित्र, टेबल, डायग्राम बनाकर जवाब लिखना चाहें तो जरूर लिखें। कई बार परीक्षार्थी किसी विषय का परीक्षा सही नहीं गया हो तो उसकी चर्चा करते हैं, इसकी उदासीनता अगले विषय की परीक्षा में झलकती है, ऐसी गलती नहीं करें। जो बीत गया उससे आगे बढ़ते हुए सिर्फ अगले विषय पर ध्यान देना है तथा यही मानसिकता एकदम अंतिम परीक्षा तक बनाये रखना है।

### जितना सकारात्मक रहेंगे परिणाम उतना बेहतर होगा

किसी भी विद्यार्थी के जीवन में बोर्ड परीक्षा एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है, यह परीक्षा आपके भविष्य की दिशा तय करते हैं। बोर्ड परीक्षा को लेकर बच्चों के साथ साथ माता-पिता, शिक्षक भी काफी गंभीर होते हैं। बच्चों से कहना चाहती हूं कि परीक्षा से घबरायें नहीं बल्कि कई परीक्षायें आपके समक्ष जीवन में आने वाली है ऐसे में जरूरी है कि आप आत्मसंयमित रहें, धैर्य रखें, परफॉर्मेंस प्रेशर में नहीं आएं। दूसरों की नकारात्मक बातों या प्रेशर बनाने वाली बातों से दूर रहें। विद्यार्थी का लक्ष्य यही हो कि मैने साल भर पूरी इमानदारी से मेहनत किये हैं, प्रयत्न किए हैं तो परिणाम भी बेहतर मिलेगा।

### बच्चों के उचित खानपान एवं भरपूर नींद का रखें ध्यान

माता पिता के लिए भी यह चुनौती वाला समय होता है। जो पेपर लिखकर बच्चा आ गया उसका ज्यादा एनालिसिस नहीं करें, दूसरे की तैयारी में लगायें। बच्चे का हौसला बढ़ाते रहें। खानपान पर ध्यान दें, गर्मी का मौसम शुरू हो गया है तो शरीर को हाईड्रेट रखें। बिना खाना खाये परीक्षा केन्द्र नहीं भेजें। बच्चा अच्छे से खाना खाये, पूरी नींद ले इसपर विशेष ध्यान रखें। कार्यक्रम में जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में पढने वाले करीब 14 हजार बच्चे ऑनलाइन जुड़े। जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया, जिला शिक्षा अधीक्षक निशु कुमारी, एसडीओ (शिक्षा) आशीष पांडेय ने भी परीक्षार्थियों का मार्गदर्शन किया।

# रामनगर में पार्क सराहनीय, अब बस्ती की सड़क को चमकाये कंपनी : बन्ना गुप्ता

- स्वास्थ्य मंत्री ने रामनगर पार्क का किया उद्घाटन, ओपन जिम का लिया आनंद
- बस्ती में जलापूर्ति शुरु करे टाटा स्टील यूआइएसएल : सांसद विद्युतवरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने सांसद विद्युत वरण महतो के साथ शुक्रवार को कदमा के रामनगर में टाटा स्टील एवं टी एस यू आई एस एल के सहयोग से निर्मित रामनगर पार्क, कदमा का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कॉरपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी और टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा भी मौजूद थे। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि टाटा स्टील ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत पूर्व में भी शहर में अनेक नागरिक सुविधाओं का विकास किया है यह उसकी नई कड़ी है।

उन्होंने टाटा स्टील और टी एस यू आईएसएल के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि कदमा के रामजनम नगर एवं रामनगर क्षेत्र में जलापूर्ति की काफी समस्या है और आम जनता को इसकी सख्त जरूरत है। अतः टाटा स्टील और समुचित कदम उठाए।

उन्होंने यह भी कहा कि गत दिनों कदमा बाजार में अग्निकांड के वजह से बहुत सारे दुकानदार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। टाटा स्टील इन्हें मानवीय आधार पर सहायता प्रदान करें।









ओपन जिम में पसीना बहाते मंत्री बन्ना गुप्ता।

**सुबह 5:00 बजे से 8:00 बजे तक और शाम को 4:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुला रहेगा पार्क**

### 5.5 एकड़ क्षेत्र में बना है रामनगर पार्क, दो हाई मास्ट व ओपन जिम भी

रामनगर पार्क आरोग्य भवन, कदमा के पीछे स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 5.5 एकड़ है जिसमें 400 वर्गमीटर का पैदल ट्रैक है। पार्क में एरियल स्टोलर, एब्स बोर्ड डबल, शोल्डर ट्वर्ल डबल, सर्फ बोर्ड, शोल्डर एक्सरसाइजर, डबल पैरेलल बार, ओवेट स्टेपर, लेग स्ट्रेच, एयरो राइडर, लेग एक्सटेंशन, इप्टयूपीजी चेस्ट प्रेस डबल, फोरआर्म ट्वर्ल जैसे 18 उपकरणों के साथ एक ओपन जिम है। डबल, हिप ट्विस्टर ट्रिपल, सर्कुलर पुल अप स्टेशन, क्रिस्टल भूलभुलैया, एस ब्रिज लैडर, सेट बोनी एक्सरसाइज बाइक और आईपीटी यूपीजी हैंड रोवर, जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य और नागरिकों की फिटनेस में सुधार करने के लिए।

**रोशनी के लिए 2 हाई मास्ट के साथ-साथ एक सोलर डीप बोर वेल** और अन्य प्रकाश व्यवस्था है। पार्क में एक योगा प्लेटफॉर्म, खेल के मैदान, वॉशरूम/टॉयलेट की सुविधा, पीने के पानी की सुविधा, चार और दोपहिया वाहनों के लिए नामित पार्किंग और 12 गार्डन बेंच भी हैं।

## सोना देवी विश्वविद्यालय का गजट जारी, अब प्रबंधन स्टाफ और प्रध्यापकों की करेगा बहाली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला की स्थापना एवं संचालन के लिए झारखंड सरकार की अवर सचिव अरुण कुमार में गजट प्रकाशित कर दिया है। झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अवर सचिव अरुण कुमार यह जानकारी सोना देवी मेमोरियल एजुकेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट को दी है। बता दें कि सोना देवी विवि को लांच करने जा रहे है प्रोजेक्ट के मुख्य कर्ता-धर्ता प्रभाकर सिंह और उनके बड़े भाई दिवाकर सिंह है। सिंह बंधु झारखंड के बिजनेस कम्यूनिटी में अपनी शालीनता, सादगी और बड़प्पन के लिए जाने जाते हैं। प्रभाकर और दिवाकर सिंह पहले से ही अपने पिता एवं राजनीतिक हस्ती स्व. एसडी सिंह की स्मृति में उद्योग एवं नामी अंग्रेजी स्कूल संचालित करते आ रहे हैं। अब वे अपनी माता स्व. सोना देवी की स्मृति में विश्वविद्यालय लांच करने जा रहे हैं जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्रदान करेगा। अवर सचिव ने कहा है कि ट्रस्ट के प्रस्ताव के अनुसार सोना देवी विवि घाटशिला की स्थापना विवि अधिनियम 2022 के द्वारा की गई है अधिनियम को विधि विभाग की अधिसूचना संख्या एलजी 9/2022- 20 फरवरी 2023 तथा अधिसूचना संख्या एलजी 09/2022-21 लेज दिनांक 17 2023 अंग्रेजी द्वारा अधिसूचित किया गया है। अधिनियम को झारखंड गजट के असाधारण अंक गजट संख्या 93 दिनांक 17 फरवरी 2023 के द्वारा प्रकाशित किया गया है। अतः विवि के लिए अधिनियम में उल्लेखित स्टेटुटरी पोस्ट पर नियुक्ति, यूजीसी में सूचीबद्ध करना, प्रथम परीनियम का निर्माण करना, मॉडल गाइडलाइंस का अनुपालन ,यूजीसी रेगुलेटरी बॉडी के नॉर्म्स एंड रेगुलेशंस का नियमानुसार अनुपालन करते हुए विवि की स्थापना एवं संचालन करने की कार्रवाई जल्द से जल्द शुरू की जाए।

## एमजीएम अस्पताल में महिला दिवस पर पहली बार काटा गया केक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर। कोल्हान प्रमंडल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम में इस साल पहली बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यरत सिस्टरों (नर्सो) द्वारा केक काटा गया। सिस्टरों ने केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर मौजूद नर्सो ने कहा कि एमजीएम अस्पताल में पहली बार महिला दिवस पर केक काट कर खुशी बांटी गयी हैं। हम सब चाहते हैं कि अब हर साल केक कटिंग का कार्यक्रम हो। इसका आयोजन सिने तारिका माधुरी दीक्षित (नैने) के फैन समाजसेवी पप्पू सरदार द्वारा किया गया था। पप्पू सरदार ने सभी सिस्टरों के बीच मिठाई भी बांटे। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के एमजीएम अस्पताल की देखरेख करने वाले प्रतिनिधि राजेश बहादुर भी मौजूद थे। उन्होंने भी पप्पू द्वारा किये गये इस कार्य की प्रशंसा की। इससे पहले साकची बाजार स्थित अपनी दुकान मनोहर चाट के बाहर भी पांच गरीब बुजुर्ग महिलाओं के हाथों केक कटिंग करवाया। साथ ही पांच बुजुर्ग महिलाओं को जरूरत के घरेलू सामान और वस्त्र देकर सम्मानित किया। ये बुजुर्ग महिलाएं अपनी जिंदगी में कभी केक नहीं काटे थे। उनकी खुशी देखते बन रही थी।**

## भाजमो ने मानगो की समस्याओं को सूचिवद्ध कर नगर निगम को सौंपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर। भाजमो मानगो नगर निगम समिती ने संयोजक कुलविंदर सिंह पन्नु के नेतृत्व में मानगो नगर निगम अंतर्गत विभिन्न वार्डो में सड़क, नाली, साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट, शौचालय, फॉगिंग सहित अन्य से संबंधित जनसमस्याओं के संबंध में नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन उनकी अनुपस्थिति में नगर प्रबंधक को सौंपकर एक माह के भीतर सभी समस्याओं के निराकरण की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से भाजमो के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव उपस्थित हुए। भाजमो नेताओं ने कहा की समिती पिछले कई दिनों से लगातार मानगो–उलीडीह क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में भ्रमण कर जनसंपर्क अभियान चला रही है। इस अभियान**




**में आम लोगों से मिलकर उनके क्षेत्र की समस्याओं को जानने का कार्य किया जा रहा है। समिती ने अपने भ्रमण अभियान में पाया है की मानगो नगर निगम क्षेत्र में जनसमस्याओं का अंबार है। निगम की ओर से इन समस्याओं को दुर करने के लिए अभी तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। बार–बार मंडल अध्यक्षों द्वारा ज्ञापन सौंपने पर मानगो नगर निगम के द्वारा केवल आश्वासन ही दिया जा रहा है और खानापूर्ति कर नगर निगम के अधिकारी अपनी जिम्मेवारी से पल्ला झाड़ रहे हैं।**

## समानता और सम्मान के संकल्प के साथ आरएसबी में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित आरएसबी ट्रांसमिशन लिमिटेड के प्लांट तीन में समानता और समानता के संकल्प के साथ एंब्रेस इक्विटी थीम पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नारी सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं में पद्मश्री छूटनी महतो, द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित पूर्णिमा महतो तथा आदिम जनजातियों के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाली रानी सबरीन को सम्मानित किया गया। इसके अलावा इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रतिभा मोहंती और सुमन प्रसाद शामिल रहे। सुमन प्रसाद ने महिला दिवस की थीम पर ही अर्धनारीश्वर भगवान शिव की लाइव पेंटिंग बना कर लोगों का दिल जीत लिया। करीब तीन घंटे चले इस कार्यक्रम में एक सौ से अधिक महिलाकर्मियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस मौके पर कंपनी के वाइस चेयरमैन सह प्रबन्ध निदेशक एसके बेहरा तथा उनकी पत्नी संगीता बेहरा भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में एमडी ने न सिर्फ महिला कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया बल्कि आने वाले समय में कंपनी के कार्यबल में महिलाओं को संख्या को 30 प्रतिशत बढ़ाने की इच्छा भी जताई।




अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज एवं कोच पूर्णिमा महतो को सम्मानित करते आरएसबी के वाइस चेयरमैन एंड एमडी एसके बेहरा एवं संगीता बेहरा।

## टाटा मोटर्स में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 700 महिला कर्मचारियों ने लिया भाग

- काम और घर के बीच संतुलन बनाने वाली महिलाएं खुद पर गर्व करें : शैली ढोले
- उप आयकर आयुक्त ने टाटा मोटर्स की महिला कर्मचारियों को किया प्रोत्साहित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स जमशेदपुर ने एक दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें टीएमएल, टीटीएल, टीएमएल बीएसएल, टीएएसएल से लगभग 700 महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। कर्मचारी पति/पत्नी, टाटा मोटर्स के सहायता प्राप्त स्कूल के शिक्षक और सम्मानित अतिथि शामिल हुए। महिला दिवस समारोह 10 मार्च 2023 को टाटा मोटर्स में हुआ जहां महिला कर्मचारी एक साथ जश्न मनाने के लिए शामिल हुईं। सैली ढोले, उप आयकर आयुक्त (जांच) इस अवसर की मुख्य अतिथि थीं। रवींद्र कुलकर्णी, प्रमुख-जमशेदपुर प्लांट, मानसी क्लब की अध्यक्ष रश्मि कुलकर्णी, मानस मिश्रा, सीनियर जीएम-प्रोडक्ट लाइन डेवलपमेंट -एम एंड एचसीवी, प्लांट के वरिष्ठ अधिकारी, मानसी क्लब के सदस्य और महिला कर्मचारी इस अवसर पर शामिल हुए। इस अवसर पर ढोले ने टाटा संस्कृति के बारे में अत्यधिक बात की, जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान सम्मान दिया जाता है और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के पर्याप्त अवसर मिलते हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि जिन महिलाओं को घर और काम के बीच बहुत ही संतुलित भूमिका निभानी होती है, उन्हें अपनी विशिष्टता और उपलब्धियों पर गर्व करना चाहिए। रश्मि कुलकर्णी, अध्यक्ष मानसी क्लब और दोपहर के लिए सम्मानित अतिथि ने टाटा मोटर्स द्वारा अपने महिला कर्मचारियों को बढ़ाने और असेंबली से रखरखाव से लेकर गुणवत्ता तक सभी कार्यों में शामिल करने के लिए किए गए सचेत प्रयासों का उल्लेख किया। पेंटस एंड ट्रिम फैक्ट्री की जनरल मैनेजर किरण नरेंद्र ने धन्यवादज्ञापन किया। गत 7 मार्च 2023 को कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, गुएंटर बुश्चेक के साथ वीसी पर सभी स्थानों पर सभी महिला कर्मचारियों को संबोधित करते हुए शुरू हुआ। इसके बाद एक सामूहिक रक्तदान किया गया, जिसमें महिला कर्मचारियों और पतियों के साथ-साथ पुरुष समकक्षों ने 50 से अधिक बोतल रक्तदान किया। दिन के दौरान रंगोली, टैलेंट हंट, गायन और नृत्य आदि जैसी कई मजेदार गतिविधियों का आयोजन किया गया।





टाटा मोटर्स की महिला कर्मचारियों के साथ अतिथि। टाटा मोटर्स की जीएम किरण नरेंद्र मुख्य अतिथि उप-आयकर आयुक्त शैली ढोले को स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए।

## खबर एक नजर में

### डीएवी के पूर्व छात्र हर्ष को जर्मनी के साइंटिफिक एसोसिएट में मिला ऑफर



जमशेदपुर। डीएवी पब्लिक स्कूल, विष्टुपुर के पूर्व छात्र कुमार हर्ष को जर्मनी के प्रमुख शोध संस्थान जर्मन एयरोस्पेस सेंटर (डीएलआर) में साइंटिफिक एसोसिएट के पद पर शोध कार्य करने हेतु ऑफर मिला है। इनके शोध का विषय रोबोटिक्स कंट्रोलर डेवलपमेंट एवं यूएबी/ एमएवी सिस्टम डिजाइन है। संप्रति कुमार हर्ष जर्मनी में ही टेक्निकल यूनिवर्सिटी डॉर्टमुंड में रिसर्च असिस्टेंट के रूप में फ्राउनहोफर इंस्टिट्यूट एंड चेयर एनर्जी सिस्टम में रिसर्च असिस्टेंट के रूप में कार्यरत हैं। 4 नवंबर 1996 ईस्वी में जन्मे कुमार हर्ष की पढ़ाई जमशेदपुर के डीएवी पब्लिक स्कूल, विष्टुपुर से हुई। यहां से प्लस टू करने के बाद वेल्लोर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) से 2019 में बीटेक किया। उसके बाद वह वेंगलुर में टाटा एडवांस सिस्टम लिमिटेड के एयरोस्पेस एंड डिफेंस में 2 वर्षो तक अभियंता के पद पर कार्यरत रहे। इनकी कई शोध पत्र इंटरनेशनल जर्नल में प्रकाशित हैं। कुमार हर्ष के पिता डा रवीन्द्र कुमार चौधरी, घाटशिला कालेज, घाटशिला के प्रिंसिपल हैं। इनकी दो संतानों में कुमार हर्ष से छोटी ऋतु प्रिया (गुड़िया) है, जो भारती विद्या पीठ विश्वविद्यालय के फामेर्सी कॉलेज ऑफ पुणे में डॉक्ट्रेट इन फामेर्सी की पढ़ाई कर रही है। जबकि पत्नी किरण चौधरी कुशल गृहिणी हैं।

### पर्वतारोही प्रेमलता को सुरभि शाखा ने किया सम्मानित




जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करते हुए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पद्मश्री से सम्मानित देश की जानी–मानी पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल को कदमा स्थित उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया गया। मौके पर सुरभि शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी, शाखा सचिव निधि अग्रवाल, संस्थापक ममता अग्रवाल, नीलम देबूका, सबिता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल आदि सदस्यों का योगदान रहा। मालूम हो कि प्रेमलता अग्रवाल दुनिया की सात सबसे ऊंची शिखरों पर चढ़ने वाली उम्रदराज पहली भारतीय महिला हैं।

### गायत्री परिवार का होली मिलन संपन्न



जमशेदपुर ।अखिल विश्व गायत्री परिवार टाटानगर का युवा प्रकोष्ठ नवयुग दल ने होली मिलन समारोह गायत्री ज्ञान मंदिर भालुबासा में मनाया, इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा झारखंड के संयोजक ताराचंद अग्रवाल, गायत्री प्रज्ञा पीठ आदित्यपुर के एस एन वर्णवाल ,साहित्य विस्तार केंद्र बारीडीह के एम के शर्मा, गायत्री मंदिर गोविंदपुर के श्री कामाख्या सिंह ,गायत्री मंदिर मून सिटी मानगो की श्रीमती रेखा शर्मा, पूर्वी सिंहभूम जिले के महिला प्रतिनिधि बहन मंजू मोदी, जिला युवा प्रतिनिधि प्रशांत कालिंदी, नवयुग दल के संयोजक संतोष श्रीवास्तव भी अपने अपने सहयोगियों के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर सर्वप्रथम नाद–योग सामूहिक गायत्री मंत्र का जाप के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें जमशेदपुर की भजन गायिका निधि मिश्रा भी उपस्थित होकर गायत्री परिवार की बहनों के साथ भजन गाए। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के संयोजक संतोष कुमार राय ने करते हुए सभी परिजनों के साथ साथ झारखंड वासियों को भी होली की शुभकामनायें दिये।

### प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय चाकड़ी में 12वीं के छात्र- छात्राओं को दी गयी विदाई



पोटका। प्रखंड स्थित प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय चाकड़ी के छात्र छात्राओं को पूरे विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के शिक्षाविदों की उपस्थिति में विदाई दी गई। जहां पहले सत्र में विद्यालय के 10वीं एवं 12वीं के छात्र छात्राओं ने परीक्षा पर चर्चा विषय पर प्रोजेक्टर के माध्यम से जिले के उपायुक्त से रूबरू हुए वहीं द्वितीय सत्र में विदाई समारोह आयोजन किया गया। विदाई समारोह का संचालन विद्यालय के सामुदायिक शिक्षक संजय सरदार ने किया। समारोह में छात्र–छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका जोवा सोरेन ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत शिक्षक जय हरि सिंह मुंडा ने भी अपने संबोधन में बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षक अरिंदम मंडल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। ।विदा होने वाले छात्र छात्राओं के द्वारा विद्यालय को एक–एक पौधा अपने श्रृति स्वरूप भेंट किया। समारोह में पंचायत के मुखिया महोदया ,सेवानिवृत्त शिक्षक आशीष कुमार मंडल, आशुतोष मंडल ,जयहरी सिंह मुंडा व जमीन दातागण, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य गणों के अलावे सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### मेराकी ट्रस्ट के कार्यक्रम में पूर्व डीआइजी राजीव रंजन सिंह हुए शामिल



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका प्रखंड स्थित इंपीरियल रिसोर्ट में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मेराकी संस्था द्वारा 10 मार्च शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पूर्व कोल्हान डीआईजी राजीव रंजन सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुरूआत दीप प्रज्वलित और संस्था की प्रमुख सदस्य रही स्वर्गीय कालेश्वरी बाला जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। एवं बालिकाओं द्वारा डांस की भी प्रस्तुति की गई। पूर्व डीआईजी ने महिला दिवस के अवसर पर सभी से आग्रह किया की अगर समाज में समानता लाना है तो इसकी शुरूआत सबसे पहले अपने घर से करनी होगी। महिलाएं घर के देखभाल के साथ साथ अपने आप को आर्थिक क्षेत्रों में भी सहभागेदारी दे। क्योंकि महिलाएं ही बच्चे की प्रथम गुरु और पाठशाला है ,उन्हें चाहिए की लड़के और लड़कियां का भेद मिटाकर दोनो को समान रूप से शिक्षा दे। साथ ही जीवन में विकास के लिए लड़कियों को भी सबल बनाना होगा और ताकि लड़कियां भी लड़की की तरफ आजादी से आगे बढ़ सके और समाज एवं देश के विकास में अपना योगदान दे। समाज के ऐसी महिलाओं को मंच से सम्मानित किया जो अलग अलग से संस्थाओं के माध्यम से सामाजिक कार्य कर रही है। कार्यक्रम में मेराकी संस्थान की सचिव रीता पात्रों, संस्थापक अंजली बोस, रोहित कुमार, ललित, विश्वजीत, एवं अन्य संस्था के सदस्य शामिल थे।

### जिले भर में आज लगेगा ऊर्जा मेला

जमशेदपुर। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा जिले के सभी विद्युत आपूर्ति प्रमंडल में 11 मार्च, दिन शनिवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 02:30 बजे तक ऊर्जा मेला का आयोजन किया जा रहा है ।बिजली संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या के लिए उपभोक्ता ऊर्जा मेला में शामिल होकर समाधान पा सकते हैं। ऊर्जा मेला में निम्न वर्णित सुविधाओं का लाभ उठायें–*

1. खराब मीटर बदलने से सम्बन्धित आवेदन दें ताकि सरकार द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे 100 यूनिट मुफ्त बिजली योजना का लाभ मिल सके।
2. विद्युत विपत्र में गड़बड़ी से सम्बन्धित शिकायत ।
3. विद्युत बकाया राशि जमा करें ।
4. नया बिजली कनेक्शन लेने एवं हटाने संबंधी आवेदन जमा करें।

स्पीड न्यूज

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जामा।** थाना क्षेत्र के भुटोकोड़ीया गांव में 28 वर्षीय दिलीप हेम्ब्रम ने अपने घर में लगे लकड़ी के रोला में गमछा फंसाकर फाँसी लगाकर अपनी इह लीला समाप्त कर ली। घटना गुरुवार रात की है मृतक घर पर अकेला था। उसकी नानी दूसरे मकान में सोई थी। मृतक की पत्नी आसनबनी गांव अपने कुटुंब के घर गई थी। मृतक के पिता रूपलाल हेम्ब्रम ने जामा पुलिस के समक्ष फर्द बयान दर्ज कराया। जिसमें उसने बताया कि मृतक अपने ननिहाल भुटोकोडिया में रह रहा था उसे एक चार वर्षीय पुत्री है। वह किस परिस्थिति में आत्महत्या की उसे पता नही है।

## कराईकेला व मनोहरपुर में ऊर्जा मेला आज

**चक्रधरपुर।** झारखंड बिजली विकास निगम लिमिटेड के आदेश पर 11 मार्च शनिवार को कराईकेला व मनोहरपुर में ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया है। कराईकेला में कराईकेला पंचायत भवन एवं मनोहरपुर में पावर सब स्टेशन में दिन के 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ऊर्जा मेला का आयोजन होगा। जिसमें सरकार द्वारा एक सौ यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा देने के लिए नया मीटर लगाने, नया कनेक्शन, भार बढ़ाने, कृषि कार्य के लिए नया कनेक्शन लेने, बिजली बिल में सुधार, पोल या तार की आवश्यकता, लो वोल्टेज की शिकायत, जले या खराब मीटर बदलने, ट्रांसफार्मर खराब या जलने समेत उपभोक्ताओं की अन्य समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा जो उपभोक्ता एक हजार रुपए से अधिक बकाया बिजली बिल का भुगतान करेंगे उसे उचित इनाम दिया जाएगा।

## ट्रेन ठहराव को लेकर सोनुवा में बैठक आज

**चक्रधरपुर।** कोरोनाकाल के दौरान बंद पड़े ट्रेनों का परिचालन तो फिर से चालू हो गया। लेकिन सोनुवा स्टेशन में पूर्व की भांति ट्रेनों का ठहराव अब तक शुरू नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीण काफी परेशान है। ग्रामीणों अब उग्र आंदोलन करने के मुड में है। ट्रेनों के ठहराव की माँग को लेकर आगामी 11 मार्च शनिवार को सोनुवा के वन विश्रामागार में बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सोनुवा प्रखंड के दर्जनों गांव के ग्रामीणों के अलावा काफी संख्या में युवा व विद्यार्थी वर्ग शामिल होंगे। बैठक में मंत्री सह स्थानीय विधायक जोबा माझी को आंमत्रित किया गया है। मंत्री जोबा माझी ने भी बैठक में उपस्थित होकर आंदोलन में साथ देने की बात कही है। बैठक में सोनुवा स्टेशन में पूर्व में ठहर रहे ट्रेनों के पुनः ठहराव की मांग को लेकर आंदोलन करने पर चर्चा किये जाने के साथ आंदोलन की रुपरेखा तैयार किया जाएगा।

## प्रेमी युगल को पकड़ पुलिस को सौंपा

**रामगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव में दो दिन पूर्व रात्रि में ग्रामीणों ने एक नाबालिग किशोरी के साथ एक नाबालिग लडका को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी नाबालिग से घटना के बारे में पुछताछ करते हुए शुक्रवार को न्यायिक हिरासत से बाल सुधार गृह भेज दिया है। इस मामले में थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल की जांच कर ग्रामीणों की पुछताछ के बाद आरोपी लड़का को न्यायिक हिरासत से बाल सुधार गृह भेज दिया है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बाल विवाह उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# बाल विवाह के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाली दो बेटियां हुईं सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बाल विवाह उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम इंडोर स्टेडियम में जिला प्रशासन एवं लहान्ती की ओर से आयोजित हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि जिप अध्यक्षा जॉयस बेसरा एवं डीसी रविशंकर शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण विभाग में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें दसों प्रखंड की महिला सुपरवाइजरों एवं सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रानीश्वर प्रखंड की चांदनी राय एवं शिकारीपाड़ा प्रखंड की निशा राय ने अपने बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाने के लिए जिला प्रशासन ने शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिप अध्यक्षा जॉयस बेसरा ने महिला दिवस की बधाई देते हुए आने वाले कल को बेहतर बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि महिला दिवस हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी मनाया जा रहा। इस दिन का बेसबरी से इंतजार रहता है। आज के समय में सभी महिलाएं इस दिवस को लेकर जागरूक हुई है। महिलाएं बाल विवाह के प्रति जागरूक होकर आवाज बुलंद की। जिसका फलाफल आज दिख रहा है। इससे संबंधित सती प्रथा, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसी चीजें के बारे में भी बताया कि यह समाज के लिए एक



किशोरी को सम्मानित करते डीसी

अभिशाप है। उन्होंने कहा कि उनको सम्मान है। जिन्होंने इस दिवस को मानने का कार्य किया है। आज महिलाएं पुरुषो के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार कई कदम उठा रही है। महिलाएं घर चलाती हैं। आज के समय में समाज महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। लड़कियों के लिए विद्यालय, हॉस्टल आदि खोले जा रहे है। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के सशक्त करने के कई उदहारण से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। इस अवसर पर डीसी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के समय में आपके परिवार से लेकर आपके समाज, आपके जिले, आपके राज्य, आपके देश में कोई ऐसा पल नहीं है। जहां महिलाओं की सहभागिता न हो। महिलाएं सशक्त होकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है।

कार्यक्रम में सिर्फ सांकेतिक नहीं है यह आभार प्रकट करने का तरीका है। महिलाए केवल पुरूषों के जीवन में बदलाव नहीं लाती है, बल्कि वो दूसरे महिलाओं के जीवन में भी बदलाव लाती है। महिलाओं को सम्मान देने के लिए सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज संविधान में कई प्रावधान बनाए गए है। ऐसे प्रावधानों की कमी नहीं है। जिसके तहत प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से महिलाओं को सम्मान दिलाने का काम किया जा रहा है। महिलाओं एवं पुरूषों के लिए समान अवसर प्रदान करना जिला प्रशासन का लक्ष्य है। सबके लिए समान व्यवस्था प्रदान करने का प्रयास आज भी जारी है। देश में कई प्रावधान महिलाओं के सशक्तिकरण में उपयोगी है। हम सभी नागरिकों को अपने आस पास के महिलाओं के लिए समान व्यवस्था सृजित करने के लिए पहल करते रहने की आवश्यकता है। हम सभी के जीवन में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि सशक्त देश निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम है। कार्यक्रम में डीडब्लूओं, सीडीपीओ, कार्यपालक दंडाधिकारी एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

# पीडीएस दुकानों का निरीक्षण डीसी ने किया, लाभुकों से ली जानकारी

### एक दिन में 249 जन वितरण प्रणाली की दुकानों हुआ निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** डीसी रविशंकर शुक्ला ने जामा प्रखंड के मां सरस्वती स्वयं सहायता समूह चिकनियाँ,स्वयं सहायता समूह लखनपुर, सिदो कान्हू स्वयं सहायता समूह खिलकिनारी, माडेर जोरे स्वयं सहायता समूह बिचकोड़ा के जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों से खाद्यान्न के भंडारण एवं लाभुकों के बीच वितरण से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने भंडार गृह का भी निरीक्षण किया। खाद्यान वितरण से संबंधित रजिस्टर की भी उन्होंने जांच की। उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिया कि सभी लाभुकों को ससमय राशन मिले, इसे सुनिश्चित करें। किसी भी परिस्थिति में लाभुकों को कम राशन नहीं दी जाये। प्रत्येक माह राशन



निरीक्षण करते डीसी।

का वितरण किया जाये। जन वितरण प्रणाली के दुकानदार लाभुकों से संवाद स्थापित करें एवं पूरे पारदर्शी तरीके से लाभुकों के बीच राशन का वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुकान खुले रहने की अवधि निर्धारित है। निर्धारित अवधि में दुकान हर हाल में खुला रहे,इसे सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी बात की।ग्रामीणों ने डीसी को अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया। इसी क्रम में डीसी के निर्देश पर जिले के लगभग 249 जन वितरण प्रणाली की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। प्रखंड के वरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अपने अपने प्रखंड के जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण किया गया। सदर प्रखंड दुमका प्रखंड के 24 जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण डीडीसी, सीओ एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद के द्वारा किया गया। रामगढ़ प्रखंड के 25 जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण एसी, सीओ एवं कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण निगम द्वारा किया गया। सरैयाहाट प्रखंड के 25 जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण सहायक दंडाधिकारी सह सहायक समाहर्ता, परियोजना निदेशक आत्मा एवं कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमण्डल दुमका द्वारा किया गया। जरमुंडी प्रखंड के 25 जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण एसडीओ, सीओ, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत द्वारा किया गया। काठीकुंड प्रखंड के 25 जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण 2 कार्यपालक दंडाधिकारी एवं सीओ किया गया। शिकारीपाड़ा प्रखंड के 25 जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा किया गया। रानेश्वर प्रखंड के 25 जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण जिला परिवहन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता सिंचाई प्रमण्डल द्वारा किया गया। मसलिया प्रखंड के 25 जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं सचिव कृषि उत्पादन समिति द्वारा किया गया। गोपीकांदर प्रखंड के 25 जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद एवं कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल दुमका द्वारा किया गया। जामा प्रखंड के 25 जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बीडीओ एवं कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा किया गया।

एक नजर में

## इटिहासा गांव में सोलह प्रहर हरि संकीर्तन से भक्तिमय हो उठा गांव, विजय सिंह हुए उपस्थित



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर की इटिहासा पंचायत के इटिहासा गांव में श्री श्री राधा गोविन्दायः संकीर्तन मंडली के तत्वावधान में सोलह प्रहर हरि संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधि विधान के साथ गंध अधिवास पूजन के बाद कीर्तन प्रारंभ किया गया। जहां मुख्य रुप से पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई उपस्थित हुए। इस संकीर्तन मंडली में चक्रधरपुर के अलावे अन्य प्रखंड के विभिन्न गांव के कीर्तन मंडली ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य रुप से चेलाबेड़ा, उदाड़, गोपालपुर, तैरा,तेतेड़ा, लाकसाई, ऊपरसाई, तोड़साई समेत अन्य गांव के कीर्तन मंडली ने शामिल होकर भक्तिभाव के साथ कीर्तन पेश किया। कीर्तन से पूरा गांव भक्तिमयी हो उठा। इस अवसर पर संबोधित करते हुये समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई ने कहा कि पुरानी परंपराओं को जीवित रखने में ग्रामीण अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। गांव में वर्षों से कीर्तन का आयोजन हो रहा है, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन के लिए उनका भरपूर सहयोग रहेगा। इस मौके पर पंचायत की मुखिया रुकमणि मोदिन, अध्यक्ष शरत नायक, उपाध्यक्ष कान्दुरु नायक, सचिव भगवानो नायक, कोषाध्यक्ष विनोद नायक, मुखिया प्रतिनिधि संजीत मोदी, गणेश लागुरी, सुधीर नायक, सुकरु नायक, अनंत दास के अलावे बड़ी संख्या में महिला व पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।

## महिला ने पति की हत्या कर घर के अंदर ही जला दिया शव

**जमशेदपुर।** उलीडीह थाना के ओल्ड सुभाष कॉलोनी लाइन नंबर-3सी निवासी एक महिला ने पति की हत्या कर दी। महिला घर में ही शव को जला दिया। बदबू आने पर पड़ोंसियों ने इसकी सूचना पुणे में रहने वाले महिला के बेटे को दी। बेटे ने पुलिस को बताया तब जाकर हत्या का राज खुला। महिला का नाम मीरा सिंह है, जबकि मृतक का नाम अमरनाथ सिंह है। गुरुवार देर रात उलीडीह और मानगो थाने की टीम महिला के घर पहुंची तो महिला ने बताया कि गेट पर करंट है। अंदर आए तो मारे जाओगे। स्थानीय लोगों के अनुसार, अमरनाथ रीयल एस्टेट का बिजनेस करते थे। उन्हें चार-पांच दिनों से देखा नहीं गया है। गुरुवार को कुछ लोगों ने उनके घर में एक शव की झलक देखी। शव को जलाने का भी प्रयास किया गया है। देर रात करीब पौने दो बजे पुलिस घर के बाहर खड़ी थी और महिला घर के ऊपर से घर का सामान व पत्थर फेंक रही थी। काफी संख्या में लोग भी मौजूद थे। आखिरकार रात दो बजे पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी अरुण मंडल ने बताया कि मृतक की पत्नी मीरा सिंह कुछ बता नही पा रही है। उस पर अपने पति की हत्या का भी आरोप लग रहा है। क्योंकि उसकी हरकतें ही इस दौरान कुछ ऐसी रही है। एक तो पति की मौत के बाद मीरा ने खुद को कमरा में बंद कर लिया है। पुलिस जब भी उससे पूछताछ का प्रयास करती है, तो वह विरोध पर उतारू हो जाती है। मीरा ने पति के शव को उसने जलाने के भी प्रयास किए। घर के दरवाजे पर बिजली करंट भी दौड़ा रखा है। देर रात तक पत्नी की इन्हीं हरकतों के कारण पुलिस परेशान रही। मीरा ने घर की छत पर जाकर भी शोर-शराबा किया। पुलिस ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि घटना वाले दिन सुबह से ही मीरा और उसकी सास के बीच विवाद चल रहा था और इसी विवाद में यह घटना हुई।

## सांसद ने किया बूथ कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रानीश्वर।** प्रखंड के दक्षिणजोल पंचायत में दुमका के सांसद सुनील सोरेन ने शुक्रवार को भाजपा पार्टी के बूथ सशक्तिकरण सह बूथ अध्यक्ष कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में पूर्व समाज कल्याण मंत्री डॉ लुईस मरांडी, जिला अध्यक्ष परितोष सोरेन, प्रखंड अध्यक्ष निताई भंडारी, जिप सदस्य बिमान सिंह, अभिनास सोरेन, कार्यकर्ता रघुनात दत्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भाजपा पार्टी के जनक अटल बिहारी बाजपेयी, डॉ दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद


बूथ कार्यशाला में उपस्थित सांसद व भाजपा कार्यकर्ता

मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरूवात किया गया। कार्यक्रम में बूथ कमेटी मजबूतीकरण एवं आने वाले चुनाव की तैयारी को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया गया है। इस अवसर पर आसनबनी के डीलर संचालक सुरेंद्र पांडे की मनमानी को लेकर लाल कार्डधारी भोला प्रसाद साह ने संसद सुनील सोरेन को आवेदन सोपा। भोला का आरोप है कि डीलर संचालक ने जनवरी महीना से चावल नहीं देने एवं चावल मांगने पर धमकी देने का आरोप लगाया है। जिसको लेकर बीते दिन डीसी को आवेदन भी दिया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुआ। सांसद ने जिला प्रशासन से बात कर कार्रवाई का अनुशंसा का आश्वासन दिया।

## पीडीएस दुकानों का सीओ ने किया औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश

**दुमका।** सदर प्रखंड सीओ यामुन रविदास ने शुक्रवार को पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। सीओ ने प्रखंड के घाट रसिकपुर एवं बंदरजोड़ी पंचायत के करीब 10 पीडीएस दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण घाट रसिकपुर के पीडीएस दुकानदार राजेश पासवान समेत अन्य के दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ई-पोश मशीन, माप-तौल, कार्डधारी की संख्या, पीडीएस दुकानों में मिलने वाली समाग्री, प्रति लाभुकों को भुगतान होने वाली राशि की मात्रा, राज्य सरकार के सबरन धोती-साड़ी योजना, नमक, दाल, किरोसिन तेल समेत अन्य समाग्री की जांच की। सीओ ने लाल कार्डधारी, ग्रीनकार्ड धारी और सफेदकार्ड धारी लाभुकों की संख्या, आवंटन पंजी, सूचना पट्ट, संधारण खाता-बही, सूचना पट पर दुकानदार का मोबाईल नंबर और दुकान खुलने के समय आदि का जांच किया। इस अवसर पर सीओ ने लाभुकां से भी पूछताछ किया। इस बावत सीओ ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर पीडीएस दुकानों का जांच किया जा रहा है। जांच के दौरान पाये जाने वाली कमियों को दूर करने का दुकानदार को निर्देश दिया गया। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार से जारी दुकानदारों के निर्देशिका का जांच किया गया।

## 13 मार्च को रांची राजभवन घेराव कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

**दुमका।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक शुक्रवार को कांग्रेस भवन कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष श्यामल किशोर सिंह उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से 13 मार्च को रांची राजभवन घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा हुई। घेराव कार्यक्रम में जिले से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्त्ता शामिल होने के लिए प्रखंड कार्यकत्ताओं से अपील किया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष श्यामल किशोर सिंह ने कहा कि अडानी समूह को केंद्र सरकार द्वारा गलत तरीके से आमजनों के निवेश के पैसे को गलत तरीके से देने के कारण आज निवेशकों के पैसे डूबने के करीब है। इसी को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर राजभवन घेराव का निर्णय लिया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता 12 मार्च को रांची के लिए कूच करेंगे। वार्ड नंबर 17 के संजय कुमार रजक ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

## पेयजल किल्लत से जूझने को विवश हैं नोनीहाट पंचायत के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**नोनीहाट।** जिले के जरमुंडी प्रखंड के नोनीहाट पंचायत इन दिनों पानी की प्यास से जूझ रहा है। दूसरी ओर नोनीहाट धोबय नदी से प्रतिदिन बासुकीनाथ में पेयजल आपूर्ति हो रहा है। जबकि नोनीहाट पंचायत में पेयजल आपूर्ति के लिए एकमात्र डीप बोरिंग से ही सप्लाई दिया जा रहा था। जो कि वह भी डीप बोरिंग पिछले 8 दिनों से तकनीकी खराबी के कारण बंद है। जिसके कारण पंचायत के विभिन्न गांवों में पेयजल आपूर्ति बाधित है और पंचायत के विभिन्न गांव में पेयजल की किल्लत हो रही है। जल नल योजना के तहत नोनीहाट पंचायत के एक-दो स्थान पर जो जल मीनार का निर्माण होना था। वह भी जैसे-तैसे बनाकर तैयार कर


शोभा की वस्तु बनी जलमीनार।

दिया गया है। लेकिन अब तक पानी सप्लाई नहीं हो पाया। इस विषय पर नोनीहाट पंचायत के पंचायत समिति सदस्य बीना देवी ने बताया कि वर्तमान में नोनीहाट पंचायत क्षेत्र के नोनीगांव में 12000 लीटर का जल मीनार तो जैसे तैसे बनाकर तैयार किया गया है, लेकिन इसके निर्माण में भी घोर अनियमितता बरती गई है। जल मीनार में दो बोरिंग होना था। जबकि संवेदक के द्वारा एक ही बोरिंग का निर्माण कराया गया और जल मीनार के ऊपरी भाग पर बिना प्लास्टर का रंग रोपण कर दिया गया है। साथ ही जल मीनार एक ओर झुका हुआ है। इसकी शिकायत संबंधित विभागीय अभियंता और बीडीओ, जरमुंडी को किया गया है। लेकिन अब तक विभाग के द्वारा किसी प्रकार की पहल नहीं की गई है। निर्माण कार्य मे इस प्रकार की अनियमितता को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा की विभाग और संवेदक के मिलीभगत के कारण ही ऐसा संभव हो पाया है।

## डीसी से लगायी न्याय की गुहार

**दुमका।** राजकीय जनजाति हिजला मेला में जनजाति कलाकारों के साथ हेराफेरी का मामला प्रकाश में आया है। इस बावत बबीता मुर्मू के अध्यक्षता में संस्कृति कला दल की बैठक इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुई। इस अवसर पर समिति जांच कर्मी बबीता मुर्मू ने कहा कि इस बार आयोजित हिजला मेला महोत्सव का सांस्कृतिक प्रतियोगिता कई बिंदुओं में विवादित रहा। विशेषकर जिला अनुमंडल कार्यालय द्वारा 23 फरवरी को निर्गत पत्रांक 204 के जजमेंट कमेटी में प्रतिनियुक्त निर्णायक मंडली के द्वारा ही संस्कृतिक प्रतियोगिता में कलाकारों को नंबर देना था।

# सीएम इसी माह बरहेट मॉडल स्कूल का करेंगे उद्घाटन

### तीन आदर्श विद्यालय का भी लेंगे जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** झारखंड में जल्द ही सरकारी मॉडल स्कूल की शुरूआत हो जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसी महीने साहिबगंज के बरहेट में बने मॉडल स्कूल का उद्घाटन करेंगे। जिले के तीन और स्कूलों को शुरू होगी सीबीएसई पाठ्यक्रम। सीएम के आने की तिथि अभी तय नहीं हुई है। शिक्षा विभाग के द्वारा इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। राज्य में 27 मॉडल स्कूल में से एक साहिबगंज के बरहेट मॉडल स्कूल को सीबीएसई और आवासीय का दर्जा मिला है। साथ ही साथ साहिबगंज के तीन स्कूल में भी सीबीएसई पाठ्यक्रम नए सत्र से शुरू करने की पहल शुरू की गई है. इन स्कूलों का भी मुख्यमंत्री जायजा लेंगे। बरहेट मॉडल स्कूल के साथ-साथ बीडी उच्च विद्यालय सकरीगली, पोखरिया कन्या स्कूल को आदर्श विद्यालय में बदलते हुए सीबीएसई का दर्जा दिया गया है। इन दोनों स्कूलों में नए सत्र से केजी-1 से




12 तक की पढ़ाई शुरू होगी। जिला में 9 कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में सिर्फ साहिबगंज सदर कस्तूरबा विद्यालय को सीबीएसई का दर्जा मिला है। इन चारों स्कूलों का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस महीने में जायजा लेंगे। जिला शिक्षा अधीक्षक राजेश पासवान ने कहा कि जिला में छह स्कूलों में सीबीएसई का पाठ्यक्रम पर बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। पूर्व में सेंट्रल स्कूल एवं नवोदय स्कूल को सीबीएसई की मान्यता थी। इस बार नए सत्र से रेलवे स्कूल को भी सीबीएसई की मान्यता दी गई है। राज्य सरकार ने चार स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम चालू कराने के लिए नए सत्र से पहल की है. जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मॉडल स्कूल बरहेट का उद्घाटन कर तीनों स्कूल का बहुत जल्द जायजा लेंगे।

इसके लिए राज्य सरकार की तरफ से हर दिन समीक्षा की जा रही है। इन चारों स्कूल को आदर्श विद्यालय में घोषित किया गया है। जिसमें दो स्कूल में केजी वन से 12वीं तक पढ़ाई होगी. इन मॉडल स्कूलों में प्रयाप्त संख्या में शिक्षक शिक्षिका को बहाल करने के लिए वैकेंसी भी निकाला गई है। पीजीटी-टीजीटी प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं से आवेदन लिया जा रहा है। जिसका 15 मार्च तक अंतिम तिथि है। इन स्कूल में निजी स्कूल के तर्ज पर पढ़ाई की जाएगी। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार की ओर से यह कदम उठाया गया है। आने वाले समय में अभिभावक अपने बच्चों का निजी स्कूल से नाम कटवा कर इन स्कूलों में अपने बच्चों को दाखिला दिलाएंगे। अभिभावक को आर्थिक रूप से मजबूती भी मिलेगी।

## एसकेएमयू प्रशासन ने दिवंगत सेवानिवृत्त शिक्षकों के निधन पर शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत शिक्षकों के निधन पर शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन हुआ। शोक सभा का आयोजन कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज ने की। शोक सभा सेवानिवृत पीजी अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष डॉ रीता राय, पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ सी के सिंह एवं गोड्डा कॉलेज के गोड्डा के पूर्व प्राचार्य डॉ अशोक ठाकुर के निधन पर आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना कर शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी से निपटने को ताकत देने की कामना किया। यहां बता दें कि डॉ रीता राय का निधन अचानक हार्ट अटैक से बीते 14 फरवरी को इलाज के दौरान हो गई थी। 9 मार्च को पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ सी के सिंह का निधन लंबे समय के बीमारी के कारण इलाज के दौरान हो गई। 6 मार्च को गोड्डा कॉलेज गोड्डा के पूर्व प्राचार्य अशोक ठाकुर का निधन हो गया। शोक सभा में कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा, डीएसडब्लू डॉ संजय कुमार सिंह, कुलानुशासक डॉ काशीनाथ झा, सीसीडीसी डॉ विजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह, डॉ निरंजन मंडल, प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह आदि शामिल थे।



## ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की मां का निधन

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलियाई टीम के रेग्युलर कप्तान पैट कमिंस की मां मारिया कमिंस का निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थीं। उन्हें ब्रेस्ट कैंसर था। मारिया पिछले कुछ दिनों से पैलेएटिव केयर में थीं। इसके चलते वे भारत दौरे को बीच में ही छोड़कर ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे। वह दूसरे टेस्ट के बाद अपनी मां के पास लौट गए थे। कमिंस की मां के निधन पर शोक जाहिर करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बांह में काली पट्टी बांधकर खेलने उतरे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को एक सोशल पोस्ट पर यह जानकारी दी।

## जेमी का फ्लाइंग कैच को कमेंटेटर ने सराहा

**मुंबई।** विमेंस प्रीमियर लीग में गुरुवार को खेले गए मैच में दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, मैच के दौरान दिल्ली कैपिटल्स की जेमिमा रोड्रिग्ज के एक कैच ने सभी को हैरत में डाल दिया। टीम में जेमी के नाम से मशहूर जेमिमा ने बाउंड्री से करीब 20 मीटर की दौड़ लगाई और आगे डाइव लगाते हुए कैच पकड़ लिया। इस शानदार कैच की तारीफ कमेंट्री कर रहे पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने भी की। उन्होंने इसे टूर्नामेंट का बेस्ट कैच करार दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 106 रन का टारगेट दिया था। मुंबई इंडियंस ने 15वें ओवर में यह टारगेट हासिल किया और मैच को 8 विकेट से जीत लिया।

## गावस्कर टीम इंडिया के गेंदबाजों से नाराज

**अहमदाबाद।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 400 से पार हो गया है। पिच से गेंदबाजों को कुछ खास मदद नहीं मिल रही है। टीम इंडिया की गेंदबाजी भी खराब रही है। गेंदबाज इस बेदम नजर आ रहे हैं। भारत की खराब गेंदबाजी पर सुनील गावस्कर ने बड़ा सवाल खड़ा किया है। सुनील गावस्कर ने गेंदबाजों के बॉडी लैंग्वैज पर सवाल उठाए हैं। सुनील गावस्कर ने कहा कि नई गेंद लेने के बाद टीम इंडिया के गेंदबाजों ने खूब रन लुटाए हैं। ऐसा लग रहा है कि नई गेंद लेने के बाद ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज खुलकर अपने शॉट्स लगा रहे हैं।

# डब्ल्यूपीएल : यूपी वॉरियर्ज ने बेंगलुरु को 10 विकेट से हराया

## शतक से चूकीं एलिसा हीली, एक्लेस्टन को 4 विकेट

एजेंसी

**मुंबई।** विमेंस प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लगातार चौथे मैच में हार का सामना करना पड़ा। ब्रेबोर्न स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए बेंगलुरु 138 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में वॉरियर्ज ने 13 ओवर में बगैर विकेट खोए टारगेट हासिल कर लिया। यूपी की कप्तान एलिसा हीली ने 96 रन बनाए। पहली पारी में टीम से सोफी एक्लेस्टन ने 4 और दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट लिए थे।

**बेंगलुरु की लगातार चौथी हार**

विमेंस प्रीमियर लीग में बेंगलुरु की टीम अब तक एक भी मुकाबला नहीं जीत सकी है। टीम को यूपी से पहले मुंबई, दिल्ली और गुजरात ने भी हराया। वहीं, वॉरियर्ज की यह 3 मैचों में दूसरी जीत है।



**वॉरियर्ज ने एक और बेंगलुरु ने किए 3 बदलाव**

यूपी की कप्तान एलिसा हीली ने शबनिम इस्माइल की जगह ग्रेस हैरिस को टीम में शामिल किया है। टूर्नामेंट में अब तक बेंगलुरु ने 3 लगातार मैच हारे हैं, उन्हें लीग में पहली जीत की तलाश है। वहीं यूपी को टूर्नामेंट में एक जीत और एक हार मिली है। वहीं, बेंगलुरु ने अपनी टीम में मीगन शट, पूनम खेमनार और प्रीति बोस को बाहर बैठाया और उनकी जगह टीम में एरिन बर्न्स, साहना पवार और कोमल जंजाड़ को शामिल किया गया है।

**यूपी वॉरियर्ज** : एलिसा हीली (कप्तान), श्वेता सेहरावत, किरण नवगिरे, ताहलिया मैक्ग्रा, दीप्ति शर्मा, सिमरन शेख, देविका वैद्य, ग्रेस हैरिस, सोफी एक्लेस्टन, अंजलि सर्वनी और राजेश्वरी गायकवाड़।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** स्मृति मंधाना (कप्तान), सोफी डिवाइन, एलिस पेरी, साहना पवार, रिचा घोष (विकेटकीपर), हीथर नाइट, श्रेयांका पाटिल, कनिका आहूजा, एरिन बर्न्स, कोमल जंजाड़ और रेणुका सिंह।


# ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 480 रन पर ऑलआउट, अश्विन को 6 विकेट

एजेंसी

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में भारत से 444 रन से आगे है। शुक्रवार को दूसरे दिन स्टंप्स पर भारत ने बगैर नुकसान के 44 रन बना लिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा 17 और शुभमन गिल 18 रन के निजी स्कोर पर नाबाद हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 480 रन पर ऑलआउट हो गई है। ओपनर उस्मान ख्वाजा ने सबसे ज्यादा 180 रनों की पारी खेली, जबकि कैमरून ग्रीन (114 रन) ने अपना पहला टेस्ट शतक जमाया। ख्वाजा-ग्रीन के अलावा, टॉड मर्फी ने 41, कप्तान स्मिथ ने 38, नाथन लायन ने 34 और ट्रेविस हेड ने 32 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से रविचंद्रन अश्विन ने सबसे ज्यादा 6 विकेट लिए। मोहम्मद शमी को 2 विकेट मिले। अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा को एक-एक विकेट।

**लगातार तीसरा सेशन कंगारुओं के नाम** : दूसरे दिन के पहले सेशन में गेंदबाजों को विकेट से ज्यादा मदद नहीं मिला, नतीजा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हावी रहे। लंच तक ख्वाजा और ग्रीन ने मिलकर टीम का स्कोर 347/4 पहुंचा दिया है। उस्मान ख्वाजा ने 150 रन पूरे कर लिए हैं, जबकि कैमरून ग्रीन 95 रन पर नाबाद लौटे। इस सेशन में 92 रन बने, जबकि भारत को कोई विकेट नहीं मिला। ख्वाजा-ग्रीन ने 255/4 से दिन की शुरूआत की।

**भारत 36/0**



**अश्विन ने करायी भारत की वापसी**

स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दूसरे सेशन में भारत की वापसी कराई। उन्होंने कंगारू टीम को एक के बाद एक करके तीन झटके दिए। इस सेशन में मेहमान टीम ने 62 रन बनाने में ग्रीन, कैरी और स्टार्क के विकेट गंवाए।

# खास होगा धोनी का आइपीएल 2023, कह सकते हैं अलविदा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि करिश्माई विकेटकीपर-बल्लेबाज एमएस धोनी की विरासत के खत्म होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 2023 सीजन खास होगा। आईपीएल 2023 एक खिलाड़ी के रूप में धोनी का अंतिम सीजन हो सकता है। हेडन ने कहा, इस बार आईपीएल के मैच भारत भर में कोविड के बाद हर स्थान पर होने जा रहा है। फैंस चेपॉक स्टेडियम में सीएसके का इंतजार कर रहे हैं। और वे वही टीम बनने जा रहे हैं जिसे घर में भी हराना बहुत मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, चेपॉक में घर पर उनका रिकॉर्ड निश्चित रूप से आईपीएल में सबसे अच्छा है। वह स्थान एक किला है और वे एमएस धोनी को अपने कप्तान के रूप में रखने जा रहे हैं, यकीनन आखिरी बार और यह उन पलों में से एक होगा जो कोई भी कभी नहीं भूलने वाला है। आईपीएल 2023 के आधिकारिक टेलीविजन प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स ने हेडन के हवाले से कहा, वह विशेष रूप से चेपॉक में अपने प्रशंसकों को अलविदा कहने के लिए आईपीएल में रुके हैं और वे उस तरह से आने वाले हैं जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते थे। आईपीएल के 16वें संस्करण के 31 मार्च से शुरू होने के साथ ही हेडन ने इस पर भी अपने विचार व्यक्त किए कि कैसे चार बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई धोनी को अच्छी विदाई देने के बारे में सोच रही होगी। उन्होंने कहा, सीएसके को देखें, वे चीजों को अद्वितीय और विशेष करने के लिए अच्छे तरीके खोजते हैं।

# दक्षिण अफ्रीका-इंडीज टेस्ट : दक्षिण अफ्रीका को 73 रन की बढ़त

## वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 251 रन बनाये, दूसरी पारी में 4/0 का स्कोर

एजेंसी

**जोन्हसबर्ग।** साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच जोहान्सबर्ग में दूसरा टेस्ट खेला जा रहा है। शुक्रवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक साउथ अफ्रीका ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोए 4 रन बना लिए हैं। वहीं वेस्टइंडीज पहली पारी में 251 रन पर सिमट गई। इससे पहले दूसरे दिन साउथ अफ्रीका अपनी पहली पारी में 7 विकेट पर 311 रन से आगे खेलते हुए 9 रन जोड़कर 3 विकेट खो दिए और पहली पारी में 320 रन बनाए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अफ्रीका ने 73 रन की बढ़त ले ली है।



**जेसन होल्डर ने सबसे ज्यादा 81 रन बनाए**

टॉप ऑर्डर के जाने के बाद रोस्टन चेज ने पारी को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने 53 गेंद पर 28 रन बनाए। वहीं काइल मेयर्स भी 29 रन बनाकर आउट हो गए। वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर ने सबसे ज्यादा 117 गेंदों पर 81 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 8 चौके और 4 छक्के भी लगाए। होल्डर ने पहले कीमार रोच (13) के साथ नौवें विकेट के लिए 31 रन की साझेदारी निभाई। इसके बाद गुडाकेश मोती के साथ उन्होंने अंतिम विकेट के लिए 83 गेंद में 58 रन जोड़ दिए।

## प्रो कबड्डी : सुहैल चंडोक बने यू मुंबा के नये सीईओ

**मुंबई।** क्रिकेटर से खेल कमेंटेटर और एंटरप्रेन्योर बने सुहैल चंडोक प्रो कबड्डी के सबसे कम उम्र के सीईओ बन गए हैं। यूनीलेजर वेंचर्स प्रा. लिमिटेड ने यू मुंबा के नए सीईओ के रूप में सुहैल चंडोक की नियुक्ति की घोषणा की। चंडोक तीन बार फाइनल में पहुंचने वाली यू मुंबा फ्रेंचाइजी के प्रबंधन और विकास की जिम्मेदारी उठायेंगे। 35 वर्षीय सुहैल आईपीएल, पीकेएल, इंडियन सुपर लीग, प्रीमियर बैडमिंटन लीग, हॉकी इंडिया लीग और युवा कबड्डी सीरीज जैसे खेल से जुडे रहे हैं।

## टॉमस मार्टिन एचवेरी को हराकर एंडी मरे दूसरे दौर में

**इंडयन वेल्स।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता एंडी मरे ने गुरुवार को एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टॉमस मार्टिन एचवेरी को हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। मरे ने तीन घंटे से अधिक चले पहले दौर के मुकाबले में एचवेरी को 6-7, 6-1, 6-4 से हराया। मरे ने मौजूदा सत्र में निर्णायक तीसरे या पांचवें सेट में पहुंचे किसी मुकाबले को नहीं गंवाया है। मरे ने 2023 में तीसरे सेट में पहुंचने पर बेस्ट ऑफ थ्री सेट के अपने पांचों जबकि पांचवें सेट में पहुंचने पर बेस्ट ऑफ फाइव सेट के दोनों मुकाबले जीते हैं। तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले स्टेन वावरिंका ने भी कैलिफोर्निया में हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता में वापसी करते हुए तीन सेट तक चले मुकाबले में क्वालीफायर एलेक्सांद्र वुकिच को 6-4, 1-6, 6-1 से हराया। वावरिंका अगले दौर में 26वें वरीय मियोमिर केसमानोविच से भिड़ेंगे।

# खेलो इंडिया दस का दम देश के 50 शहरों में शुरू

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को यहां जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 'खेलो इंडिया दस का दम' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के एक भाग के रूप में आयोजित इस टूर्नामेंट की आज देश के 50 से अधिक शहरों में एक साथ शुरूआत हुई। ठाकुर ने कहा कि पिछले कई महीनों से देश भर में हो रहे कई खेलो इंडिया महिला लीग की सफलता के बाद ह्यदस का दम' देश में हजारों महिलाओं को खेल के प्रति अपने जज्बे के इजहार का एक और मौका देगा। कुल 10 खेलों में 10 से 31 मार्च तक 26 राज्यों में स्थित 50 से अधिक शहरों में टूर्नामेंट में लगभग 15000 एथलीट भाग लेंगे। इस आयोजन के लिए केन्द्र सरकार ने एक करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। आज सुबह इस कार्यक्रम के भव्य शुभारंभ के मौके पर संदीप प्रधान, महानिदेशक, खेल प्राधिकरण के साथ-साथ केंद्रीय खेल मंत्रालय और साई के कई विशिष्ट लोग मौजूद थे। उद्घाटन समारोह में लगभग 2000 महिला एथलीटों ने जेएलएन स्टेडियम में भी भाग लिया, जिसमें खेलो इंडिया दस का दम प्रतिभागियों के साथ-साथ कैंपर भी शामिल थे।

## कोसी क्षेत्र के टॉप 10 अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार, 2 हत्याओं का ले रखा था सुपारी

**मधेपुरा।** मधेपुरा में कोसी रेंज के डीआईजी शिवदीप लांडे द्वारा जारी किए जिलावार बदमाशों के टॉप टेन की सूची में शामिल अपराधी ध्रुव उर्फ ध्रुवा मंडल को मधेपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस अपराधी का एक अन्य साथी सोनू कुमार भी पुलिस गिरफ्त में आया हैं। गिरफ्तार बदमाशों के पास से अवैध हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार बदमाश ध्रुव मंडल ग्वालपाड़ा थाना क्षेत्र के सिंदुवारी का रहने वाला बताया गया है। इन बदमाशों की गिरफ्तारी उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के मधुबन गांव से हुई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि ध्रुव मंडल 2018-19 से ही अपराध की दुनिया में सक्रिय रहते हुए 2 दर्जन से अधिक आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर लगातार सुर्खियों में रहा है। इनके ऊपर 2 दर्जन से अधिक लूट डकैती हत्या के संगीन मामले दर्ज है जिसमें यह वांछित भी था। इनका तथा इनके गिरोह का मुख्य कार्य क्षेत्र मधेपुरा सहरसा तथा पूर्णिया जिला रहा है। इस गिरोह के कई सदस्यों की गिरफ्तारी पूर्व में ही मधेपुरा पुलिस के द्वारा की जा चुकी है। लेकिन इस गिरोह के सरगना ध्रुव मंडल लगातार फरार चल रहा था।

## दो पक्षों की लड़ाई को छत से रिकॉर्ड कर रहे छात्र को लगी गोली, मौके पर मौत

**नौगछिया।** बिहार में एक खौफनाक वारदात देखने को मिली है, जिसमें एक छत से दो समूहों के बीच हाथापाई का वीडियो बनाते वक्त एक बीएड छात्र की गोली लगने से मौत हो गई। घटना भागलपुर के नौगछिया थाना क्षेत्र के राजेंद्र कॉलोनी में बुधवार को हुई। मृतक की पहचान आशीष कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि स्थानीय पार्षदों के दो समूहों और उनके गुंडों के बीच झगड़े के फुटेज को कैप्चर करते समय कुमार के सीने में गोली लग गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आशीष के करीबी व्यक्ति द्वारा रिकॉर्ड किया गया घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। फुटेज में दिख रहा है कि नीचे बंदूक की गोली से एक गोली छात्र को लगी और वह तुरंत गिर पड़ा। इसके बाद, वीडियो रिकॉर्ड कर रहे शख्स को बार-बार आशीष का नाम चिल्लाते हुए सुना जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आशीष के भाई, सचिन ने कहा कि वे अपने घर के सामने सड़क पर स्थानीय नगरसेवकों के दो दलों के बीच लड़ाई देखने के लिए छत पर गए थे। जब दोनों गुट आपस में भिड़ रहे थे तभी किसी ने तमंचा से फायर कर दिया और गोली आशीष को जा लगी।

## बीफ ले जाने के शक में 56 साल के शख्स की पीट-पीटकर हत्या, 3 लोग गिरफ्तार

**सीवान।** बिहार के सीवान जिले में बीफ ले जाने के शक में भीड़ ने 56 साल के शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। मामले की जानकारी के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्थानीय सरपंच समेत तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। सारण के पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला ने कहा कि हसनपुर गांव के रहने वाले 56 साल के नसीम कुरैशी और उनका भतीजा फिरोज अहमद कुरैशी अपने परिचितों से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान जोगिया गांव में भीड़ ने कथित तौर पर उन्हें रोक लिया। पुलिस के मुताबिक, नसीम और फिरोज अहमद कुरैशी को ग्रामीणों ने एक मस्जिद के पास रोका था। इस दौरान फिरोज कुरैशी भागने में सफल रहा, जिसके बाद भीड़ ने नसीम कुरैशी की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी और गंभीर हालत में उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने घायल नसीम कुरैशी को अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि फिलहाल जांच जारी है कि क्या नसीम और फिरोज अहमद कुरैशी गोमांस ले जा रहे थे या नहीं। उधर, स्थानीय सरपंच सुशील सिंह, रवि साह और उज्ज्वल शर्मा को मॉब लिंचिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## जुमे की नमाज के बाद रोड़ेबाजी और फायरिंग, पुलिस बलों की हुई तैनाती

**नालंदा।** नालंदा में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद दो पक्षों के बीच भिड़ंत हो गई। देखते ही देखते ईंट-पत्थर चलने लगे और फायरिंग भी हुई। पूरा मामला नगर थाना क्षेत्र के बड़ी दरगाह मोहल्ले का है। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर डीएसपी डॉ. शिब्ली नोमानी 2 थानों की पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले को शांत कराया। इस पूरे मामले को लेकर बताया जा रहा है कि जैसे ही जुमे की नमाज खत्म हुई। वैसे ही करीब 3 दर्जन से अधिक लोग अचानक बड़ी दरगाह मोहल्ले में घुसकर रोड़ेबाजी करने लगे और देखते हीं देखते फायरिंग भी होने लगी। स्थानीय लोग करीब एक दर्जन राउंड फायरिंग करने की बात कह रहे हैं। इस गोलीबारी में बड़ीदरगाह निवासी मोहम्मद मुन्ना की पत्नी रीना बानू बाल-बाल बच गई। गोली उनके सिर के पास से होकर गुजरी, जिसकी चिंगारी से वह जख्मी हो गई। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने नूरजहां खातुन के घर मे घुसकर तोड़फोड़ की, किचन में रखा सारा सामान बाहर गलियारे में फेंक दिया और घर मे जो कुछ भी सामान मिला उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। दरअसल शब-ए-बारात के दिन बच्चों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हो गया था, जिसके बाद आपस में उसी दिन सुलह कर लिया गया।

# बांका पहुंचे राज्यपाल, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

एजेंसी

**बांका।** सूबे के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर बांका स्थित ऐतिहासिक मंदार बौसी पर्वत पहुंचे। जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल की सुरक्षा को लेकर 3 लेयर की सुरक्षा एवं 5 कंपनी अतिरिक्त तैनात की गई थी। इस दौरान डीएम अंशुल कुमार और एसपी डॉक्टर सत्य प्रकाश मुस्तैद थे। इसके बाद राज्यपाल ने मंदार पर्वत स्थित मंडलेश्वर काशी विश्वनाथ मंदिर जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास किया गया। मौके पर डॉल्फिन, गरुड़ समेत अन्य पशु पक्षियों के लगाए गए प्रदर्शनी का जायजा लिया। जहां संदेश दिया गया कि हम बचेंगे पर्यावरण को भी बचाएंगे। शुक्रवार की सुबह 10:15 में राज्यपाल का हेलिकॉप्टर बांका के बौसी स्थित अद्वैत मिशन स्कूल के मैदान पर हेलिकॉप्टर लैंड किया। जिसको लेकर आसपास काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे। राज्यपाल ने 10:30 से लेकर दोपहर 1:15 बजे मंदार का दर्शन एवं काशी विश्वनाथ मंदिर का भूमि पूजन किया। इसके बाद अद्वैत मिशन संस्थान परिसर में एक समारोह को लेकर राज्यपाल द्वारा संबोधित किया गया।



# बिहार के बाद छत्तीसगढ़ में भी होगी शराबबंदी अध्ययन करने पटना पहुंची विधायकों की टीम

एजेंसी

**पटना।** बिहार की तर्ज पर अब बहुत जल्द छत्तीसगढ़ में भी शराबबंदी होने जा रही है। बिहार के शराबबंदी कानून का अध्ययन करने के लिए छत्तीसगढ़ से 17 सदस्यीय टीम शुक्रवार को पटना पहुंची है। बताया गया है कि इस दौरान टीम बिहार का दौरा करेगी। स्थानीय लोगों से शराबबंदी के फायदों को जानेगी।

**छत्तीसगढ़ की टीम ने सीएम नीतीश कुमार से की मुलाकात** : जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की टीम ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पटना में मुलाकात की। इसके बाद राज्य के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर संबंधित कानून का अध्ययन किया। बताया गया है कि छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर यह काफी महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। छत्तीसगढ़ से बिहार आई टीम में 9 विधायकों, 8 अन्य लोग शामिल हैं। ये टीम तीन दिवसीय दौरे के तहत पटना, वैशाली और नालंदा के इलाकों में लोगों से संवाद करेगी। शराबबंदी कानून के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों को समझने की कोशिश करेगी। टीम की अगुवाई रायपुर से कांग्रेस विधायक सत्यनारायण शर्मा कर रहे हैं। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस हाईकमान को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।



**2016 में शराबबंदी को भाजपा ने दिया था समर्थन**

बता दें कि बिहार में शराबबंदी कानून वर्ष 2016 में लागू हुआ था। उस समय बिहार में महागठबंधन की सरकार थी। विपक्ष में बैठी भाजपा ने भी शराबबंदी कानून को समर्थन दिया था। अब बिहार में शराबबंदी कानून की चर्चा पूरे देश में हो रही है। कुछ दिन पहले राजस्थान से भी एक टीम शराबबंदी कानून का जायजा लेने बिहार आई थी। अब छत्तीसगढ़ से टीम पटना पहुंची है। बिहार में सरकार और सत्ताधारी नेताओं का कहना है कि यह राज्य के लिए सफलता वाली बात है।

## पेज एक का शेष

**दिल्ली से रांची...**

**क्या है लैंड फॉर जॉब स्कैम :** लैंड फॉर जॉब स्कैम का यह केस 14 साल पुराना है। उस वक्त लालू यादव रेल मंत्री थे। दावा है कि लालू यादव ने रेल मंत्री रहते रेलवे में लोगों को नौकरी देने के बदले उनकी जमीन लिखवा ली थी। सीबीआई ने इस मामले में 18 मई को केस दर्ज किया था।

**राज्य के अधिकांश...**

गरज और वज्रपात के साथ सबसे अधिक 11.1 एमएम बारिश पश्चिम सिंहभूम में रिकॉर्ड किया गया है। इस दौरान राज्य में अधिकतम तापमान चाईबासा में 36 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान सिमडेगा का 16.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रांची का अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री, जमशेदपुर का 34.6 डिग्री, डालटेनगंज का 34.6 डिग्री और बोकारो का 33.1 डिग्री सेंटीग्रेड रहा। **झारखंड में वर्षा का हाल :** बता दें कि झारखंड के कुमारडुंगी में 11.1 मिमी, मझगांव में 6.2 मिमी, कांके के बीएयू में 2 मिमी, बोकारो में 1.5 मिमी और तेनुघाट में 0.2 मिमी वर्षा हुई। 14 मार्च को राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेंटीग्रेड पहुंच जाने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान के 18 डिग्री तक जाने का पूर्वानुमान मौसम केंद्र रांची ने जारी किया है। 11 मार्च के बाद रांची का आसमान मुख्यतः साफ रहेगा और धीरे-धीरे इसका तापमान बढ़ने लगेगा।

**एच3एन2 : राज्यों को...**

परिवार में किसी व्यक्ति में इसके लक्षण हैं तो मास्क पहनकर रहना बेहद जरूरी है। यह वायरल बीमारी है, सांसों के जरिये भी एक दूसरे में जा सकता है। इसकी शुरुआत गले में दर्द, बुखार और खांसी होती है। लक्षण मिलने पर एंटीबायोटिक दवा का सेवन बिल्कुल न करें, इसमें एंटीवायरल दवाएं चलती हैं। ओसेल्टामाविस दवा इस बीमारी से लड़ने में कारगर है।

**अव्यवस्था से...**

विधायक समरी लाल और सांसद संजय सेठ में जन सुविधाओं को लेकर कई सवाल उठाये। आपसी विवाद और हंगामे की वजह से कुछ देर बाद ही स्थगित हो गयी। **व्यवस्था ठीक करें, 26 को अगली बैठक :** अस्पताल में लापरवाही और अनियमितताओं को देखने के बाद मंत्री ने निदेशक को सुधार लाने का निर्देश देते हुए 26 मार्च को जीबी की बैठक रखने का निर्णय लिया है। जन सुविधाओ को लेकर सदस्यों ने रिम्स के निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद पर भी सवाल उठाये। सदस्यों के विरोध को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने निदेशक की क्लास लगायी और व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। मंत्री ने निदेशक और रिम्स के अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया कि पहले व्यवस्था को ठीक करें, उसके बाद बैठक की जायेगी। **कई खामियां मिली, सीएमओ सस्पेंड :** मंत्री बन्ना गुप्ता ने तुरंत ही अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया, जिसमें कई अनियमितताएं उजागर हुईं। ट्रामा सेंटर में मरीजों के बेड पर चादर और कंबल नहीं देख कर वहां मौजूद सीएमओ को तत्काल शो-कॉज करते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया।

**आधी आबादी...**

लोहरदगा टोरी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रेलवे की सीनियर डीओएम श्रेया सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह सिर्फ मनाने का अवसर नहीं है बल्कि इसको धरातल पर लाने की आवश्यकता है। रेलवे की तरफ से 10 मार्च को एक ट्रेन की जिम्मेदारी पूरी तरह से महिला के दी गयी है। ट्रेन की चालक के रूप में दीपाली अमृत दिखीं तो ट्रेन की मैनेजर अनुपलता ने पूरे ट्रेन का जिम्मा लिया। पायलट के रूप में गीता कुमारी खलखो ने लोको पायलट को असिस्ट किया। वहीं ट्रेन में आरपीएफ के रूप में चंद्रानी विश्वास, कल्पना कुमारी, सरस्वती, पिंकी कच्छप, सरोज तिर्की, पूजा बारला सहित कई सुरक्षाकर्मी मौजूद रहीं। लोको पायलट दीपाली ने बताया कि आज उन्हें काफी गर्व हो रहा है और रेलवे प्रशासन को वो धन्यवाद देना चाहती हैं। इस तरह की पहल कर समाज में यह संदेश दिया कि आधी आबादी के बगैर देश का विकास नहीं हो सकता है। यह पहल इसलिए किया है ताकि महिलाओं का मनोबल बढ़े।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच कई अहम समझौते

## मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के पीएम के समक्ष उठाया हिंदू मंदिरों पर हमलों का मुद्दा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक एवं खेल के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत बनाने की दिशा में शुक्रवार को ठोस कदमों पर सहमति जताई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एल्बनीस के बीच शुक्रवार को यहां हैदराबाद हाउस में हुई प्रतिनिधि मंडल स्तर की बैठक में इस आशय की सहमति बनी। बैठक में भारत ने आस्ट्रेलिया में प्रवासी भारतीयों की बढ़ती असुरक्षा और हिन्दू मंदिरों पर लगातार हमलों पर गहरी चिंता जताई और इसे रोकने के लिए दोनों देशों के सरकारों के बीच



तालमेल बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत में प्रधानमंत्री एल्बनीस आगमन होली के दिन हुआ। और उसके बाद हमने मिल कर क्रिकेट के मैदान पर भी कुछ समय बिताया। रंग, संस्कृति और क्रिकेट का यह उत्सव, एक प्रकार से भारत और ऑस्ट्रेलिया की मित्रता के जोश और उल्लास का उत्तम प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि आज हमने आपसी सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। सुरक्षा सहयोग हमारी समग्र रणनीतिक साझीदारी का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ है। आज हमारे बीच हिन्द प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और आपसी रक्षा और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। रक्षा के क्षेत्र में हमने पिछले कुछ सालों मे उल्लेखनीय समझौते किए हैं, जिनमें एक दूसरे की सेनाओं के लिए साजोसामान का सहयोग भी शामिल है। हमारी सुरक्षा एजेंसियों के बीच भी नियमित और उपयोगी सूचना का आदान-प्रदान है, और हमने इसे और सुदृढ़ करने पर चर्चा की। हमारे युवा सैनिकों के बीच संपर्क और मित्रता बढ़ाने के लिए हमने जनरल रावत ऑफिसर्स एक्सचेंज प्रोग्राम की स्थापना की है, जो इसी महीने आरंभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हमने विश्वस्त और मजबूत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने के लिए आपसी सहयोग पर विचार-विमर्श किया। नवीकरणीय ऊर्जा दोनों देशों के लिए प्राथमिकता और फोकस का क्षेत्र हैं, और हम क्लीन हाइड्रोजन और सोलर में साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पिछले साल लागू हुए व्यापार समझौते (एकता) से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के बेहतर अवसर खुले हैं।

# आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए रिक्गनिशन व रिफॉर्म जरूरी

## प्रधानमंत्री ने एनपीडीआरआर तीसरे सत्र का किया उद्घाटन

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश में आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए आशंका वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां ऐसा तंत्र विकसित करने की जरूरत है कि आपदा के कारण कम से कम क्षति हो। स्थानीय विज्ञान भवन में आयोजित आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए राष्ट्रीय मंच (एनपीडीआरआर) के तीसरे सत्र का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में मोदी ने आपदा प्रबंधन में स्थानीय भागीदारी बढ़ाने और आपदाओं से जुड़ें खतरों से लोगों को जागरूक करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए पहचान (रिक्गनिशन) और सुधार (रिफॉर्म) बहुत जरूरी है।

उन्होंने विस्तार से बताया कि पहचान का मतलब ये समझना है कि आपदा की आशंका कहां है और वह भविष्य में कैसे घटित हो सकती है तथा सुधार का मतलब है कि ऐसा तंत्र विकसित किया जाए, जिसमें आपदा की आशंका कम हो जाए। प्रधानमंत्री ने आपदा

**पहचान का मतलब समझना है कि आपदा की आशंका कहां है और सुधार का मतलब ऐसा तंत्र विकसित किया जाये, जिसमें आपदा की आशंका कम हो जाये**



प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए नए दिशा-निर्देश तय करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें दो स्तर पर काम करना होगा। पहला, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों को स्थानीय भागीदारी पर सबसे ज्यादा ध्यान देना चाहिए और दूसरा, हमें आपदाओं से जुड़ें खतरों से लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि आपदा नियोजन के बेहतर प्रबंधन के लिए पारंपरिक आवास और नगर नियोजन प्रक्रिया को भविष्य की प्रौद्योगिकी से समृद्ध किया जाना चाहिए। आपदा प्रबंधन में प्रौद्योगिकी नवाचार पर ध्यान देने पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि स्थानीय अवसंरचना की प्रतिरोधी क्षमताओं का आकलन वक्त की मांग है।

प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के दौरान सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार विजेताओं क्रमशः ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (ओएसडीएमए) और मिजोरम का लुंगलेई फायर स्टेशन को सम्मानित भी किया। एनपीडीआरआर के दो दिवसीय तीसरे सत्र का विषय जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर स्थानीय लचीलेपन का निर्माण है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण के क्षेत्र में अभिनव विचारों और पहलों, उपकरणों और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया।

एनपीडीआरआर में केन्द्रीय मंत्रियों, राज्यों के आपदा प्रबंधन मंत्रियों, सांसदों, स्थानीय स्वशासन के प्रमुख, विशिष्ट आपदा प्रबंधन एजेंसियों के प्रमुख, शिक्षाविद, निजी क्षेत्र के संगठन, मीडिया और नागरिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित 1000 विशिष्ट अतिथि शामिल हैं।

## कल बेंगलुरु-मैसुरु एक्सप्रेस-वे राष्ट्र को समर्पित करेंगे पीएम

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कर्नाटक का दौरा करेंगे, जहां वह करीब 16,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस-वे राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस परियोजना में राष्ट्रीय राजमार्ग-275 के बेंगलुरु-निडाघट्टा-मैसूरु खंड को छह लेन का बनाया जाना भी शामिल है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि 118 किलोमीटर लंबी इस परियोजना को करीब 8,480 करोड़ रुपये की कुल लागत से विकसित किया गया है। इस बुनियादी ढांचा परियोजना से बेंगलुरु और मैसूरु के बीच की यात्रा-अवधि लगभग 3 घंटे से घटकर करीब 75 मिनट रह जायेगी। इससे क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मैसूरु-कुशलनगर चार लेन राजमार्ग की आधारशिला भी रखेंगे। 92 किलोमीटर लंबी इस परियोजना को करीब 4,130 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा। यह परियोजना बेंगलुरु के साथ कुशलनगर के परिवहन संपर्क को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और यात्रा-अवधि को लगभग 5 से घटाकर केवल 2.5 घंटे करने में मदद करेगी। इसके बाद मोदी हुब्बल्लि जाएंगे जहां वह आईआईटी, धारवाड़ राष्ट्र को समर्पित करेंगे। करीब 850 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित यह संस्थान वर्तमान में चार साल के बीटेक कार्यक्रम, पांच वर्षीय बीएस-एमएस कार्यक्रम, एम टेक और पीएचडी पाठ्यक्रम मुहैया कराता है। प्रधानमंत्री श्री सिद्धारूढ़ स्वामीजी हुबली स्टेशन पर दुनिया के सबसे लंबे रेलवे प्लेटफॉर्म का भी लोकार्पण करेंगे। इस रिकॉर्ड को हाल ही में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा मान्यता दी गई है।

# स्पीड न्यूज

## बीएसएफ ने पाक के ड्रोन को मार गिराया

नयी दिल्ली। पाकिस्तान से एके राइफल और तीन दर्जन से ज्यादा गोलियां लेकर भारतीय क्षेत्र में घुसे एक ड्रोन को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मार गिराया। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब के गुरदासपुर जिले के मेल्टा गांव के पास गुररुवार देर रात करीब एक बजे हेक्साकॉप्टर दिखा। प्रवक्ता ने बताया कि जवानों ने गोलीबारी कर उसे मार गिराया। उन्होंने बताया कि तड़के पूरे इलाके की घेराबंदी की गई जिसमें पुलिस ने भी मदद की। प्रवक्ता के मुताबिक, नबी नगर गांव के पास एक खेत से एक ड्रोन, एक एके राइफल, दो मैगजीन और 40 गोलियां बरामद हुईं।

## टिकैत परिवार को बम से उड़ाने की धमकी

**मुजफ्फरनगर।** एक अज्ञात व्यक्ति ने किसान आंदोलन से खुद को असम्बद्ध न करने पर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) नेता राकेश टिकैत और उनके परिवार के सदस्यों को बम से उड़ाने की धमकी दी है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भौरा कलां थाने की पुलिस ने एक मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सीबीआइ के समक्ष पेश हुए सांसद रेड्डी

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के कडप्पा से वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के लोकसभा सदस्य वाई एस अविनाश रेड्डी 2019 में राज्य के पूर्व मंत्री वाई एस विवेकानंद रेड्डी की हत्या के मामले में शुक्रवार को यहां सीबीआई के अधिकारियों के सामने पेश हुए। रेड्डी तीसरी बार केंद्रीय एजेंसी के समक्ष पेश हुए, जो विवेकानंद रेड्डी की हत्या मामले की जांच कर रही है।

## मां की हत्या मामले में बेटा गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार में 26 वर्षीय एक व्यक्ति को अपनी मां की कथित तौर पर हत्या करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यक्ति ने किसी बात पर बहस के बाद अपनी मां की कथित तौर पर हत्या कर दी। गुरुवार को घटना के तुरंत बाद ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## 57 लाख के गांजे के साथ चार गिरफ्तार

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले की पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से साढ़े पांच क्विंटल से अधिक अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 57 लाख रुपये आंकी गई है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से 20,500 रुपये की नकदी भी बरामद की गई है।

## बाइडन समाजवादी राष्ट्रपति हैं : निक्की

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी की भारतीय मूल की राष्ट्रपति पद की दावेदार निक्की हैली ने राष्ट्रपति जो बाइडन के वार्षिक बजट संबंधी प्रस्तावों को लेकर गुरुवार को उन पर निशाना साधा। हैली ने कहा कि ये बजट प्रस्ताव समाजवादी प्रवृत्ति का है, जो अमेरिका के लिए विनाशकारी है।

## चंद्रमा मिशन के लिए टीम का एलान 3 को

संयुक्त राष्ट्र । अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) करीब 50 वर्ष के बाद चंद्रमा पर अपने पहले मिशन के लिए चुने गए चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों का खुलासा तीन अप्रैल को करेगी। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तीसरे अप्रैल को, हम आधी सदी में चंद्रमा पर जाने वाले पहले मिशन के लिए चालक दल की घोषणा करेंगे।

# वाणिज्य की खबरें

## शेयर बाजार में गिरावट जारी, निवेशकों की संपत्ति 1.36 लाख करोड़ रुपये घटी



नयी दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुख के बीच शेयर बाजारों में बिकवाली से शुक्रवार को निवेशकों की संपत्ति 1.36 लाख करोड़ रुपये घट गई। प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को 671.15 अंक या 1.12 प्रतिशत गिरकर 59,135.13 पर बंद हुआ। इसके 30 में 21 शेयर लाल निशान में बंद हुए। शेयरों में तेज गिरावट के चलते बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.36 लाख करोड़ रुपये घटकर 262.94 लाख करोड़ रुपये रह गया। इससे पहले बृहस्पतिवार को बाजार पूंजीकरण 2,64.30 लाख करोड़ रुपये था। व्यापक एनएसई निफ्टी 176.70 अंक या एक प्रतिशत गिरकर 17,412.90 पर बंद हुआ। व्यापक बाजारों में बीएसई मिडकैप 171.10 अंक या 0.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,617.91 पर बंद हुआ, जबकि स्मॉलकैप सूचकांक 165.29 अंक या 0.59 प्रतिशत गिरकर 27,952.11 पर बंद हुआ। क्षेत्रवार बात करें तो वित्तीय सेवाओं में 1.77 फीसदी, बैंक में 1.85 फीसदी, पूंजीगत वस्तुओं में 1.08 फीसदी, रियल्टी में 1.07 फीसदी और आईटी में 0.63 फीसदी की गिरावट आई। दूसरी ओर दूरसंचार में 1.21 फीसदी और बिजली में 1.08 फीसदी की तेजी आई।

## भारत और अमेरिका ने सेमीकंडक्टर के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों ने यहां ह्यवाणिज्यिक संवाद-2023ह्न के दौरान सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला तथा नवाचार साझेदारी पर एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। वाणिज्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के निमंत्रण पर अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने सात से 10 मार्च के बीच दिल्ली का दौरा किया। मंत्रालय के अनुसार, इस यात्रा के दौरान, दोनों देशों के बीच नए व्यापार और निवेश के अवसरों पर चर्चा करने के लिए भारत-अमेरिका वाणिज्यिक वार्ता को 10 मार्च को फिर से शुरू किया गया। इस दौरान भारत और अमेरिका के बीच भारत-अमेरिका वाणिज्यिक संवाद के ढांचे के तहत सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला और नवाचार साझेदारी स्थापित करने के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

## औद्योगिक उत्पादन 5.2 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** भारत का औद्योगिक उत्पादन जनवरी 2023 में 5.2 प्रतिशत बढ़ा है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आधार पर मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन जनवरी 2022 में दो प्रतिशत बढ़ा था। औद्योगिक उत्पादन दिसंबर 2022 में 4.7 प्रतिशत बढ़ा था। बिजली, खनन और विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन के चलते जनवरी 2023 में औद्योगिक उत्पादन थोड़ा बेहतर रहा।

# भारत के खिलाफ झूठ फैला रहा न्यूयॉर्क टाइम्स : ठाकुर

**नयी दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क टाइम्स (एनवाईटी) पर भारत के बारे में झूठ फैलाने का आरोप लगाया और कश्मीर में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर इसमें प्रकाशित एक लेख को छलावा और काल्पनिक करार दिया। ठाकुर ने ट्वीट किया कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने भारत के बारे में कुछ भी प्रकाशित करते समय तटस्थता मानकों को बहुत पहले छोड़ दिया था। कश्मीर में प्रेस की स्वतंत्रता पर एनवाईटी की तथाकथित राय छलावा और काल्पनिक है। इसे भारत और उसके लोकतांत्रिक संस्थानों एवं और मूल्य के बारे में दुष्प्रचार करने के एकमात्र उद्देश्य से प्रकाशित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि यह, न्यूयॉर्क टाइम्स और इसी तरह के कुछ अन्य विदेशी मीडिया द्वारा भारत और लोकतांत्रिक रूप से चुने गए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में झूठ फैलाने का विस्तार है। ऐसा झूठ

**कश्मीर में प्रेस की स्वतंत्रता पर एनवाईटी की राय काल्पनिक**



लंबे समय तक नहीं चल सकता। ठाकुर की ओर से यह कड़ा खंडन कश्मीर में सूचना प्रवाह पर कथित प्रतिबंधों पर अमेरिकी समाचारपत्र में एक लेख प्रकाशित होने के बाद आया है। ठाकुर ने कहा कि भारत और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ ईर्ष्या रखने वाले कुछ विदेशी मीडिया हमारे लोकतंत्र एवं बहुलतावादी समाज के बारे में व्यवस्थित तरीके से झूठ फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

## भारत में एच-3 एन-2 वायरस से दो की मौत

**बेंगलुरु/नयी दिल्ली।** भारत में इंफ्लूएंजा ए के उप-स्वरूप एच3एन2 से पहली दो मौतें होने की पुष्टि हुई है, जिनमें से एक-एक मरीज कर्नाटक और हरियाणा से थे। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले तीन महीनों में एच3एन2 के 90 मामले सामने आये हैं।


राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कर्नाटक में हीरे गौड़ा (82) नाम के व्यक्ति की एच3एन2 से एक मार्च को मौत होने की पुष्टि हुई है। अधिकारी ने बताया कि गौड़ा मधुमेह से पीड़ित थे और उन्हें उच्च रक्तचाप की भी समस्या थी। उन्हें 24 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और एक मार्च को उनकी मौत हो गई। जांच के लिए नमूना भेजा गया था, जिसकी छह मार्च को आई रिपोर्ट में उनके इस वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। सूत्रों ने बताया कि एक अन्य व्यक्ति की हरियाणा में इस वायरस से मौत होने की पुष्टि हुई है।

# जिनफिंग तीसरी बार बने चीन के राष्ट्रपति

## ताउम्र सत्ता में बने रहने का रास्ता साफ

**बीजिंग।** चीन की संसद ने शुक्रवार को अभूतपूर्व रूप से राष्ट्रपति शी जिनफिंग को पांच साल का तीसरा कार्यकाल देने का सर्वसम्मति से समर्थन किया, जिससे उनके ताउम्र सत्ता में बने रहने का रास्ता साफ हो गया है। पिछले साल अक्टूबर में चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की कांग्रेस की बैठक में 69 वर्षीय जिनफिंग को फिर से सीपीसी का नेता चुना गया था। सीपीसी की कांग्रेस हर पांच साल में एक बार होती है। इसी के साथ, चिनफिंग सीपीसी के संस्थापक माओत्से तुंग के बाद पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए पार्टी प्रमुख चुने वाले पहले चीनी नेता बन गए थे।

चीनी संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) ने शुक्रवार को प्रत्याशित रूप से जिनफिंग के तीसरे कार्यकाल को मंजूरी दी। एनपीसी को सीपीसी के फैसलों पर आंख मूंदकर मुहर लगाने के कारण अक्सर रबर स्टांप पार्लियामेंट कहा जाता है। चिनफिंग के ताउम्र चीन पर हुकूमत करने की संभावना जताई जा रही है। एनपीसी ने



**रबर स्टांप संसद ने पांच साल का तीसरा कार्यकाल देने का सर्वसम्मति से किया समर्थन**

जिनफिंग के राष्ट्रपति पद पर तीसरे कार्यकाल पर मुहर लगाने के साथ ही शक्तिशाली केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति का भी समर्थन किया है। केंद्रीय सैन्य आयोग का अध्यक्ष चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का प्रमुख होता है। 20 लाख सैन्य बलों वाली पीएलए दुनिया की सबसे बड़ी सेना है। चिनफिंग पिछले साल अक्टूबर में हुई सीपीसी कांग्रेस में पार्टी के महासचिव चुने गए थे। इस दौरान, सीपीसी ने सभी शीर्ष नीति निकायों के लिए नए नेतृत्व का चयन किया था। एनपीसी की राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित कार्यवाही में 2,950 से अधिक सांसदों ने सर्वसम्मति से चिनफिंग के चुनाव की घोषणा की। तीसरे कार्यकाल के लिए समर्थन मिलने के बाद चिनफिंग ने संविधान के प्रति निष्ठा की प्रतिज्ञा ली और झुककर सदन के सदस्यों का अभिवादन किया। एनपीसी ने उपराष्ट्रपति के रूप में चिनफिंग के करीबी सहयोगी हान झेंग के नाम का भी समर्थन किया। प्रधानमंत्री स्टेट काउंसिल की अध्यक्षता करता है।मौजूदा प्रधानमंत्री ली क्विंग का कार्यकाल इस वर्ष के एनपीसी सत्र के साथ समाप्त होगा। ली कियांग के उनका उत्तराधिकारी चुने जाने की प्रबल संभावनाएं हैं, जो चिनफिंग के करीबी सहयोगी माने जाते हैं। एनपीसी शनिवार को उनके नाम पर मुहर लगा सकती है। नए नेतृत्व के सभी नामों को कुछ सप्ताह पहले चिनफिंग की अध्यक्षता में हुई सीपीसी की बैठक में अनुमोदित किया गया था।

## पंजाब के पूर्व सीएम चन्नी के खिलाफ लुक आउट जारी

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया है। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने पूर्व सीएम के खिलाफ देश के सभी एयरपोर्ट पर लुकआउट जारी की है। उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच चल रही है। चन्नी अमेरिका जाने वाले थे लेकिन सीएम भगवंत मान के चैलेंज के बाद उन्होंने अपना टूर कैंसल कर दिया था। शुक्रवार को उन्हें नोटिस जारी कर दी गई। सीएम भगवंत मान ने विधानसभा सत्र के दौरान चन्नी को चैलेंज किया था कि चन्नी के खिलाफ भ्रष्टाचार की फाइले हैं और वह विदेश भाग नहीं सकते हैं। यह नोटिस तीन दिन पहले जारी किया गया था और सभी एयरपोर्ट्स पर अलर्ट कर दिया गया था कि चन्नी विदेश भाग सकते हैं। चन्नी पर सरकारी पैसे के गबन का आरोप है। उन पर टूरिज्म अधिकारियों के जरिए थीम पार्क के उद्घाटन में पैसा हड़पने और 20 गुना ज्यादा दाम पर टेंडर देने का आरोप है।

# टीएमसी नेता शांतनु बनर्जी गिरफ्तार

## बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में इडी ने सात घंटे तक की पूछताछ

एजेंसी

**कोलकाता।** बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने टीएमसी नेता शांतनु बनर्जी को अरेस्ट कर लिया। हुगली यूथ तृणमूल कांग्रेस के नेता शांतनु बनर्जी को तलब किया था। ईडी सूत्रों के मुताबिक, शांतनु को शुक्रवार को तलब किया गया था। लगभग सात घंटे की पूछताछ के बाद उन्हें अरेस्ट कर लिया गया। शांतनु पर पूछताछ के दौरान सहयोग न करने का आरोप लगा। इससे पहले उन्हें कई बार पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उनसे शिक्षा क्षेत्र में भर्ती भ्रष्टाचार के बारे में जानकारी हासिल की गई थी। हुगली तृणमूल कांग्रेस के युवा नेता कुंतल घोष को भर्ती भ्रष्टाचार मामले में पहले ही अरेस्ट किया जा चुका है। उसके बाद ईडी ने शांतनु बनर्जी से कई बार पूछताछ की।

ईडी के सूत्रों के अनुसार, शांतनु को कुंतल के बारे में काफी जानकारी थी, लेकिन उन्होंने सब नहीं बताया था। जांच




अधिकारियों के हाथ कई डॉक्युमेंट्स लगे हैं जिसका जवाब शांतनु भी जानते थे। शांतनु बनर्जी को पिछले महीने फरवरी में साल्टलेक में सीजीओ कॉम्प्लेक्स में ईडी के ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

## सिसोदिया अब 7 दिन तक इडी की हिरासत में रहेंगे

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया अब 7 दिन तक ईडी की हिरासत में रहेंगे। ईडी मनी लॉड्रिंग मामले में सिसोदिया से पूछताछ करेगी।

इस बीच राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति मामले में सिसोदिया की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई 20 मार्च तक स्थगित कर दी है। तब तक वे जेल में ही रहेंगे। उनकी जमानत याचिका पर अब 21 मार्च को सुनवाई होगी। ईडी ने सिसोदिया को गुरुवार देर शाम गिरफ्तार किया था। ईडी सिसोदिया को लेकर 2 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंची थी। स्पेशल जज एम के नागपाल की कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि शराब नीति में 7 और लोगों को नोटिस भेजा हुआ है। सिसोदिया को उनके सामने बिठाकर पूछताछ की जानी है। इसलिए 10 दिन का रिमांड चाहिए।

# बॉलीवुड में कमबैक करेंगी सोनम कपूर



**मुंबई।** त्रिदेव फेम अभिनेत्री बॉलीवुड में कमबैक करने जा रही हैं। 90 के दशक की जानीमानी अभिनेत्री सोनम कपूर को फिल्म त्रिदेव से प्रसिद्धि मिली और उसी फिल्म में ओए ओए गाना लोगों के बीच बहुत प्रसिद्ध हुआ था। सोनम लंबे समय से बॉलीवुड में कमबैक करने जा रही हैं। सोनम ने कहा कि मैं स्वागत महसूस कर रही हूं क्योंकि अभी बॉलीवुड में बहुत अवसर हैं। इंडस्ट्री में हर प्रतिभा की एक खास भूमिका होती है और ओटीटी के इस युग में कोई भी प्रतिभा बेकार नहीं जा सकती।

